

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 हिंडनबर्ग विवाद पर बोले गौतम अडानी, कहा- हम पर लगाए गए.....

बजरंग पूनिया को ट्रायल से छूट देने पर उठे सवाल, सुजीत बोले-इसे..... 11

वर्ष : 11 | अंक : 70 | पटना, गुरूवार, 20 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

उत्तराखंड : चमोली नमामि गंगे प्रोजेक्ट में बड़ा हादसा, करंट लगने से 16 की मौत

प्रात : किरण

चामोली/जोशीमठ/एजेंसी। । उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार सुबह नमामि गंगे प्रोजेक्ट में हुए बड़ा हादसे में मृतकों की संख्या 16 हो गयी है। इनमें एक दारोगा और तीन होमगार्डों के अलावा 12 ग्रामीण हैं जबकि नौ लोग गंभीर हैं, जिन्हें हायर सेंटर के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुःख जताया है। उन्होंने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। आपदा परिचालन केंद्र ने इसकी पुष्टि की है। चमोली बाजार के समीप नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर बुधवार सुबह अचानक करंट फैल गया। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गयी थी जबकि कई नौ अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिन्हें हेलीकाप्टर की मदद से हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कुछ देर में घटनास्थल पर पहुंचने वाले हैं। बताया जा रहा है कि बीते रोज एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उनके परिजन मृतक का शव उठाने नहीं दे रहे थे। परिजनों का कहना था कि जब तक उसके मौत के कारणों का पता नहीं चल पाता है, वे शव को नहीं उठाने देंगे। बुधवार की सुबह मृतक के परिजन, ग्रामीण आदि करीब 35 से 40 लोग घटना स्थल पर पहुंचे थे, जहां टीन शेड में अचानक करंट आने से ये लोग उसकी चपेट में आ गए। इस कारण से 15 लोगों की मौत हो गयी थी। इसमें एक दारोगा सहित तीन होमगार्ड शामिल थे। इसमें एक अन्य घायल ने और दम तोड़ दिया। इस तरह इस हादसे में मृतकों की संख्या 16 हो गयी है। बताया गया कि करंट इतना तेज था कि लोगों के शरीर तक फट गए। करंट आने के बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई और उसमें धमाका हो गया। कुछ लोगों के नदी में कूदने की भी कही जा रही है। झुलसे हुए लोगों को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना में 15 लोगों के हताहत होने का समाचार मिला है। इसके बाद और घायल ने दम तोड़ दिया था। इस तरह से यह संख्या 16 हो गयी है। इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिये गये हैं। मृतकों की सूची- उप निरीक्षक प्रदीप रावत चौकी पीपलकोटी, 55 वर्षीय होमगार्ड मुकुंद राम, 57 वर्षीय होमगार्ड गोपाल, होमगार्ड सोबत लाल , 25 वर्षीय सुमित, 33वर्षीय सुरेंद्र, 45 वर्षीय देवी लाल, योगेंद्र सिंह, 38 वर्षीय सुरेंद्र सिंह, 26 वर्षीय विपिन, 38 वर्षीय मनोज कुमार, 33 वर्षीय सुखदेव, प्रमोद कुमार, 33 वर्षीय दीपू कुमार, 48 वर्षीय महेंद्र लाल, 27 वर्षीय गणेश।

पीएम ने हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, ह्लअत्यंत पीड़ादायक! उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे से बहुत दुख हुआ है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना प्रकट करने के साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

मौसम

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना 60,355

चांदी 69,700

सेंसेक्स 65,280

निफ्टी 19,332

संक्षिप्त खबरें

प्रेमी को रस्सी से हाथ व पैर बांधकर आंखों में डाला तेजाब

बेगूसराय। गढ़पुरा थाना क्षेत्र के हड़कपुर गांव निवासी मुकेश राम ने 16 जुलाई को उसी गांव की एक शादीशुदा 28 वर्ष की महिला जो 3 बच्चों की मां थी। उसे लेकर फरार हो गया था। महिला के भागने की सूचना उसके परिजनों ने गढ़पुरा थाने को दी। महिला फिर घर लौटकर आ गई। वही महिला के प्रेमी मुकेश राम को परिजनों ने पकड़ लिया और उसका हाथ पैर दोनो रस्सी से बांधकर घर में बंद कर उसकी निर्मम पिटाई की। उसके बाद उसे गंभीर हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मुकेश राम के आंखों में तेजाब भी डाल दिया गया। इस तरह का आरोप महिला के परिजनों ने लगाया है। पुलिस घटना के बाद जांच में जुटी है।

पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

नई दिल्ली। पांच देशों चाड़, बुरुंडी, फिनलैंड, अंगोला और इथियोपिया के राजदूतों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे। चाड़ की राजदूत डी लूसीनेन, बुरुंडी के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल अलॉय बिजनदाय्वी, फिनलैंड के राजदूत किम्मो लेहडिवर्ता, अंगोला के राजदूत क्लिमेंटे पेड्रो फ्रांसिस्को और इथियोपिया के राजदूत डेमके अमबुलो ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को प्रदान किये।

बीजेपी ने देखादेखी की एनडीए की बैठक : नीतीश

- बोलें-हमारी व्यक्तिगत कोई इच्छा नहीं है, हमलोग केवल देश के हित में बात कर रहे हैं।

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। बुधवार को राजगीर में मलमास मेला-2023 के उद्घाटन समारोह से लौटकर पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु में 26 विपक्षी दलों की मीटिंग हुई है। एक-दो लोगों के नाम का सुझाव हमने भी दिया था। सभी लोग मीटिंग में थे। मीटिंग में काफी अच्छी बातचीत हुई है। राजगीर में लगने वाले मलमास मेला के कारण हम वहां से जल्दी चल दिये। सबको कह कर हम वहां से निकल गये। नाराजगी को लेकर भाजपा के आरोपों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम क्यों नाराज होंगे। इंडिया नाम पर आपत्ति के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको कोई आपत्ति नहीं है। मीटिंग में इस पर चर्चा हुई है। सभी लोगों के सुझाव पर इस नाम को फाइनल किया गया है। इसके बाद इसे घोषित किया गया। नामकरण से कोई दिक्कत नहीं है। अपना देश इंडिया, भारत ही है। मीटिंग के बाद हमलोगों ने साथ में खाना खाया। इसके बाद प्रेस के साथ मीटिंग होने वाली थी तो हमने कहा कि हमलोगों को जाने दीजिए। दिल्ली में एनडीए की मीटिंग को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए की मीटिंग का कोई मतलब नहीं है स्व श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय 1999 में एनडीए बना था। इनलोगों ने कभी एनडीए की मीटिंग नहीं बुलाई थी, जबकि पहले एनडीए की हमेशा मीटिंग होती थी। अभी 5 साल तक हमलोग एनडीए के साथ थे तो भी कोई मीटिंग नहीं हुई। अभी चूंकि हमलोगों ने एक मीटिंग की तो इनलोगों को भी लगा कि एक मीटिंग कर लेते हैं। एनडीए की मीटिंग में जो लोग शामिल थे उनमें से कई लोगों को आप लोग जानते भी नहीं है। कौन-कौन पार्टी को वे लोग मीटिंग में बुलाये थे? हमलोगों की मीटिंग में जो पार्टियां शामिल थी, वे सभी जानी पहचानी पार्टी हैं। जिनको हम निकाल दिये वे लोग एनडीए की मीटिंग में गये थे। उन्हें हमने कह दिया था कि हमारी पार्टी को ज्वाइन कीजिए या फिर बाहर जाइये। हम जान रहे थे कि अगर वे 23 तारीख को पटना में हुई मीटिंग में रहते तो सभी खबर वहां के लोगों को दे देते इसलिए हमने कह दिया था कि या तो अपनी पार्टी को मर्ज कीजिए या फिर यहां से जाइये। हमने दो दिनों का उन्हें समय दिया था तो वे चले गये। हमने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया था। सभी मीडिया पर उनलोगों ने कब्जा कर लिया है। हमलोगों की कम बातें ही मीडिया में चलती है बाकी सभी बातें उनलोगों की ही चलती रहती है। वर्ष 2024 या फिर उससे पहले जब भी लोकसभा का चुनाव होगा तो हमलोग इसमें लगे हुए हैं कि वे लोग सत्ता से हट जायें। उसके बाद आपलोग भी स्वतंत्र हो जाइयेगा। उसके बाद मीडिया के लोग देश की सही बात की चर्चा करेंगे। इससे देश को फायदा होगा। पहले मीडिया का रोल काफी अच्छा रहता था। जब हम एमपी थे तो उस समय भी हमलोग मीडिया के लोगों के साथ बैठते थे। सभी लोग काफी खुश होते थे। जब हम एमएलए एमपी और मंत्री थे तो उस समय के मीडिया की रिपोर्ट को देख लीजिए। यहां भी जब हमें शुरू में सेवा का मौका मिला था तो उस समय का रिपोर्ट आपलोग देख लीजिए। अब कुछ ऐसा रहा नहीं। ये लोग पहले से ही कोशिश कर रहे थे लेकिन तीन-चार सालों से इनका मीडिया पर पूरा कब्जा हो गया है। वर्ष 2024 में एनडीए को मिलने वाली चुनौती के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूरी चुनौती मिलेगी। इसकी भी संभावना है कि सही समय आने पर कुछ और लोग भी विपक्षी गठबंधन में शामिल होंगे। अभी हम उनलोगों का नाम नहीं लेंगे नहीं तो उन पर न जाने क्या-क्या कार्रवाई हो जायेगी। हमलोग मिलकर देश के हित में काम कर रहे हैं। देश का इतिहास ही ये लोग बदल देंगे। आजादी की लड़ाई से इन लोगों का कोई मतलब नहीं था। ये लोग सब कुछ खत्म कर देंगे। ये लोग एक बार भी बापू का नाम नहीं लेते हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के साथ जब हमलोग थे तो कितना अच्छा काम करते थे। ये लोग स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी नाम नहीं लेते हैं। हमारा कोई निजी च्वाइस नहीं है। हमारी कोशिश है कि देश के हित में सभी लोग एकजुट हो जायें। हमारी व्यक्तिगत कोई इच्छा नहीं है। हमलोग केवल देश के हित में बात कर रहे हैं। भाजपा नेता सुशील मोदी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री सुशील मोदी को जब उनलोगों ने उप मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो मुझे दुख हुआ। वे कोशिश कर रहें ताकि आगे उन्हें मौका मिले। हम उनके खिलाफ कभी नहीं बोलते हैं। वे अंड बंड बोलेंगे ताकि पार्टी में उन्हें कोई जगह मिल जाय। भाजपा ने बिहार में उन्हें क्यों नहीं मौका दिया। वे रहते तो ऐसी नौबत नहीं आती।

मलमास मेला : मुख्यमंत्री ने सरस्वती कुंड से वैतरणी घाट तक के जीर्णोद्धार कार्य का किया लोकार्पण

मेले को लेकर सभी प्रकार की सुविधाओं का रखा गया ख्याल : सीएम

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राजगीर के ब्रह्मकुंड परिसर में राजकीय राजगीर मलमास मेला -2023 का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राजकीय राजगीर मलमास (पुरुषोत्तम मास) मेला के उद्घाटन समारोह के पूर्व सबसे पहले सप्तधारा ब्रह्मकुंड में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा- अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेले को लेकर यहां काफी अच्छी व्यवस्था की गई है। श्री राजगृह तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सदस्यों ने अभी ब्रह्मकुंड से सूर्यकुंड तक सीधा फ्लाईओवर बनाने की मांग की है। हमने इसके लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द काम शुरू करें, हम इसे आकर देखेंगे हम 7-8 वर्ष की उम्र से ही राजगीर आते रहे हैं। वर्ष 2009 में राजगीर में सात दिनों तक रुककर राजगीर के विकास की योजना बनाई और उस पर कई कार्य किए गए हैं। घोड़ाकटोरा, नेचर सफारी और राजगीर जू सफारी का निर्माण कराया गया, जिससे काफी संख्या में पर्यटक यहां आ रहे हैं राजगीर जू सफारी में पांच तरह के जानवर- बाघ, शेर, भालू, तेंदुआ एवं हिरण रखा गया है राजगीर में आवागमन की सुविधा को भी बेहतर बनाया गया है ताकि जो लोग भी यहां आयें, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि ऐसी मान्यता है कि मलमास के दौरान यहां पर 33 करोड़ देवी-देवता वास करते हैं, जिस कारण राजगीर नगरी को बहुत पवित्र माना जाता है और बड़ी संख्या में लोग उनसे आशीर्वाद प्राप्ति के लिए यहां आते हैं। मलमास मेले को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, पेयजल की सुविधा, आवागमन की। सभी प्रकार की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। राजगीर में सभी धर्म, संप्रदाय से जुड़े विशिष्ट स्थलों को विकसित किया गया है। हम बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म और सभी इलाकों के विकास के लिए लगातार काम करते रहे हैं। जितना भी संभव है हम लोगों के विकास के लिए काम करते रहेंगे राजगीर में मलमास मेले के दौरान 70 से 80 लाख लोग आते रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार 1 करोड़ लोग आएंगे।

गरीब राज्य है, फिर भी कई क्षेत्रों में बेहतर काम किया है : मुख्यमंत्री कहा कि हमने ही बिहारशरीफ का नामकरण किया। पहले इसे बिहार के नाम से जाना जाता था हम सभी क्षेत्रों के उत्थान और लोगों के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बिहार गरीब राज्य है, फिर भी कई क्षेत्रों में बेहतर काम किया है, जिसकी सभी जगह प्रशंसा भी होती है और पुरस्कृत भी किया जाता है मलमास मेले में आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजक सारे कार्य बेहतर ढंग से करें। हम सभी धर्मों की इज्जत करते हैं। देश में प्रेम और भाईचारे का माहौल रहे, इसका ख्याल रखना है। आज कल मीडिया पर नियंत्रण कर लिया गया है। कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने सरस्वती नदी के सरस्वती कुंड से वैतरणी घाट तक के जीर्णोद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया और सरस्वती कुंड में पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जीविका दीदी की सस्ती रसोई का भी उद्घाटन किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

राजग और इंडिया से अलग हैं 11 राजनीतिक दल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के 65 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) दोनों में से किसी एक मोर्चे का साथ चुन लिया है, लेकिन 11 महत्वपूर्ण दल ऐसे भी हैं जो अब तक किसी पाले में नहीं हैं। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं और अपने-अपने असर वाले राज्यों में उनकी प्रभावी उपस्थिति भी है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से लोकसभा में कुल 63 सदस्य चुनकर पहुंचते हैं। इन तीनों राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां क्रमशः वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बीजू जनता दल (बीजद) दोनों गठबंधनों से दूर हैं। कांग्रेस और 25 विपक्षी दलों ने मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक कर अपने गठबंधन का नाम ह्यइंडियाह्न (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) तय किया। दूसरी तरफ, मंगलवार को ही भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक हुई जिसमें 39 दल शामिल हुए। वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजद के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी एक ऐसी महत्वपूर्ण पार्टी है जिसने तटस्थ रुख अपनाया है। बसपा का उत्तर प्रदेश में मुख्य आधार है और कई अन्य राज्यों में भी उसकी मौजूदगी है।

वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा में उसके 9 सदस्य हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा), शिरोमणि अकाली दल (शिअद), ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), जनता दल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और शिरोमणि अकाली दल (मान) भी अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। वाईएसआर कांग्रेस और बीजद ने ज्यादातर मौकों पर संसद में सत्तापक्ष के समर्थन में मतदान किया है। बीजद प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में केंद्रीय योजनाओं को पर्याप्त समर्थन न देने के लिए भाजपा की आलोचना की है और पार्टी के सांसदों से, बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में यह मुद्दा जोरशोर से उठाने के लिए कहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि उनकी पार्टी के साथ राजनीतिक अछूत की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी पार्टी का असर हैदराबाद में है और वह देश के कुछ अन्य हिस्सों में अपने विस्तार का प्रयास कर रही है।

रेलवे प्लेटफॉर्म पर जनरल कोच के सामने मिलेगा 20-50 रुपये में पौष्टिक भोजन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय रेलवे अपनी फूड एंड बेवरेज सेवा का विस्तार करने के लिए जनरल कोचों में यात्रियों को कम कीमत पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन परोसेगी। रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेट बंद पेयजल की सेवा प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के लगने के निकट सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील का प्रावधान किया गया है। भारतीय रेलवे ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इकोनॉमी भोजन की कीमत 20 रुपये और स्नैक्स मील की कीमत 50 रुपये होगी। पेयजल भी किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इकोनॉमी भोजन के अन्तर्गत सात पूरियां (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार होता है। वहीं 350 ग्राम के स्नैक्स मील के अंतर्गत दक्षिण भारतीय चावल अथवा राजमा/छोले-चावल अथवा खिचड़ी अथवा कुलचे/भटूरे-छोले अथवा पाव भाजी अथवा मसाला डोसा होता है। भोजन की आपूर्ति आईआरसीटीसी की रसोई इकाइयों से की जाएगी। इन काउंटरों का स्थान जोनल रेलवे द्वारा तय किया जाना है ताकि इन काउंटरों को प्लेटफार्मों पर जनरल कोचों के स्थान के निकट किया जा सके। बयान में कहा गया है कि प्लेटफार्मों पर इस विस्तारित सेवा काउंटर का प्रावधान छह महीने की अवधि के लिए प्रयोगात्मक आधार पर किया गया है। विस्तारित सेवा काउंटरों के साथ नया मेनू पहले से ही 51 स्टेशनों पर चालू है और 13 अन्य स्टेशनों पर लागू किया जा रहा है। अधिक स्टेशनों की पहचान की जा रही है और किफायती भोजन और पानी की उपलब्धता के लिए उत्तरोत्तर विस्तारित सेवा काउंटरों के प्रावधान को कवर किया जाएगा। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि रेलयात्रियों को स्वच्छ रूप से तैयार किया गया पौष्टिक इकोनॉमी भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इकोनॉमी भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को बनाये रखने के लिए निगरानी भी की जा रही है। उत्तर रेलवे अपने सभी उपयोगकताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मानसून सत्र सर्वदलीय बैठक : कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति, ओडिशा रेल हादसे पर चर्चा कराने की मांग की.....

संसद का मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सुचारू रूप से सदन चलाने को लेकर चर्चा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद के मानसून सत्र का आगाज आज से होगा। सत्र से पहले सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें कई मुद्दों पर विचार-विमर्श के साथ इसे सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि संसद का मानसून सत्र गुरुवार से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। तेईस दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। सर्वदलीय बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के कामकाज को सुचारू रूप से सम्पन्न सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों का समर्थन मांगेगी। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सभी दलों से मानसून सत्र के दौरान विधायी कार्यों और अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा में योगदान देने का आग्रह किया था। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक 20 जुलाई (गुरुवार) से शुरू होने वाले मानसून सत्र में लगभग 32 विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है।

इन विधेयकों में वन विधेयक और डेटा संरक्षण विधेयक भी शामिल हैं। बैठक में कांग्रेस ने 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के दौरान सरकार से मणिपुर की स्थिति और ओडिशा रेल हादसे जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की और कहा कि अगर सरकार सदन चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यबैठक में कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र के दौरान मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हो। चौधरी ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को हमारे दिल की बात सुननी चाहिए और विपक्ष को बोलने का मौका देना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी ने चीन से लगी सीमा पर स्थिति, महंगाई, ओडिशा रेल हादसे पर भी चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, ह्यह्यताली एक हाथ से नहीं बजती है, अगर सरकार संसद में कामकाज चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को मुद्दे उठाने और बात रखने का मौका देना चाहिए। ह्यह्न चौधरी ने कहा कि हम दिल्ली इसलिए आए हैं कि सदन में चर्चा करें और जनता के मुद्दों को उठाएं। संसद के बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र में सुचारू कामकाज के लिए चर्चा करने को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों में सभी राजनीतिक दलों के नेता भाग ले रहे हैं। संसदीय ग्रंथालय भवन में हो रही बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, अधीर रंजन चौधरी शामिल हुए। बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल ने भाग लिया। संसद के मानसून सत्र की शुरूआत 20 जुलाई को होगी। सत्र 11 अगस्त तक चलना प्रस्तावित है। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।

क्रिकेटर वेंकटेश व सुनील जोशी ने तख्तश्री में मत्था टेका

प्रात : किरण

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज वेंकटेश और सुनील जोशी बुधवार की रात तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां आने पर स्थानीय युवाओं ने उनका स्वागत किया। यहां से वे सीधे दरबार साहिब में गए। यहां मत्था टेका और दरबार साहिब की परिक्रमा करते हुए पवित्र कुएं का जल छका। उन्हें गुरु घर के धरोहरों का दर्शन कराया गया और आशीर्वाद रूप में सरोपा प्रदान किया गया। इसके बाद वह लंगर घर गए और वहां लंगर का प्रसाद छका। विदित हो कि वेंकटेश केनरा बैंक में डीजीएम और सुनील जोशी एजीएम के पद पर पदस्थापित हैं। इन दोनों के साथ केनरा बैंक के एजीएम राकेश तिवारी विजय शंकर और स्थानीय शाखा की स्वाती कौशल मौजूद थीं। इस दौरान मीडिया से सभी दूरी बनाए रखे। हालांकि वेंकटेश और सुनील जोशी ने कहा कि उनकी दिली तमन्ना थी कि वह दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्म स्थली पहुंचें और यहां दरबार साहिब में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त करें। आज यहां आकर उन्हें शांति और सुकून मिला है।

संक्षिप्त खबरें

हथकड़ी के साथ फरार हो जाने का मामला आया सामने

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत. बुधवार को शाम को उपकारा गेट से एक आरोपी पुलिस की अभिरक्षा में हाथ में लगे रस्सी व हथकडी के साथ फरार हो जाने का मामला सामने आया है. हालांकि आधा घंटे के बाद आरोपी को पुलिस ने खदेड कर एमईएस पुल के पास से पकडा.आरोपी के पकडे जाने के बाद होमगार्ड के जवानों ने राहत की सांस ली.मोबाइल चोरी के मामले में कोर्ट पेशी के बाद उपकारा दाखिल के दौरान हई थी घटना रूपसपुर पुलिस ने मंगलवार को मोबाइल चोरी के आरोप में पाटलिपुत्र से कन्हैया कुमार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था. उसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया गया था. पुलिस ने गिरफ्तार कन्हैया कुमार पाटलिपुत्र नहर पर निवासी को बुधवार को कोर्ट में पेशी किया था और आरोपी कन्हैया को रूपसपुर थाने में तैनात दो होमगार्ड के जवान के साथ लेकर कोर्ट में पहुंचे थे. कोर्ट में जेल वारंट बनाकर आरोपी को दानापुर उपकारा में दाखिल करने का आदेश दिया . होमगार्ड के जवान आरोपी कन्हैया को ऑटो से उपकारा गेट के पास पहुंचे. आरोपी को जेल के भीतर लेने कागजी प्रक्रिया किया जा रहा था. इसी दौरान जवानों की लापरवाही का फायदा उठाकर आरोपी कन्हैया ने रस्सी लगा हथकडी के साथ पैदल ही मार्शल बाजार की ओर फरार हो गया. जब दोनों जवान देखा कि रस्सी लगा हथकडी के साथ आरोपी पैदल भागने लगा तो दोनो जवान ने पकड करने के लिए पैदल उसके पीछा किया. लेकिन भीड भाड के कारण आरोपी काफी दूर भाग गया था. एक जवान ने स्कूटी सवार के सहयोग से पीछा किया तो बस पडाव जाम में फंस गया. जवान उतर कर पैदल आगे बढकर एक बाइक सवार से आरोपी को पकडने के लिए सहयोग मांगा और पीछा करते हुए आरा आरा गोलंबर से एमईएस पुल के पास आरोपी कन्हैया को पकड लिया. आरोपी कन्हैया ने पुलिस के साथ हाथपाई करने लगा. परंतु दूसरे जवान आने के बाद आरोपी कन्हैया को पुलिस वाहन में सवार कर उपकारा लाया गया . थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि मोबाइल चोरी के आरोप में पाटलिपुत्र नहर पर निवासी कन्हैया कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था ,जो थाना कांड संख्या 531/23 दर्ज किया गया था. गिरफ्तार कन्हैया कुमार को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था.

नगर प्रशासन ने दूसरे दिन भी बुलडोजर चला हटाया अतिक्रमण ,वसूला गया जुमार्ना

दानापुर. नगर परिषद प्रशासन द्वारा दूसरे दिन बुधवार को गोला रोड संत कैरेंस स्कूल से गोला रोड टी प्वाइंट तक जेसीबी मशीन से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. सडक के दोनों किनारे जेसीबी मशीन से स्थायी व अस्थायी रूप से अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया. कई जगह पर नप के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ लोगों की नोक-झोंक भी हुई. अभियान को लेकर पूरे दिन दुकानदारों में हडकंप मचा रहा.

नगर को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया . चार अतिक्रमणकारियों से 16 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव ने बताया कि गोला रोड को अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अस्थायी व स्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है. जिससे लोगों को जाम से निजात मिलेगा और नाला का उडाही समुचित ढंग से किया जायेगा. उन्होंने बताया कि दोबारा अतिक्रमण करने वाले पर कानूनी कारवाई के साथ जुमार्ना वसूला जायेगा. उन्होंने बताया कि यह अभियान नगर में आगामी 22 जुलाई तक किया जायेगा. अभियान में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी , रोकडपाल सुभाष कुमार , सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत पुलिस बल मौजूद थे.

महिलाओं का समाज सेवा में आगे आना सराहनीय : नंदकिशोर

- मीनू जायसवाल अध्यक्ष, यामिनी सचिव व मधु कोषाध्यक्ष बनीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इनरव्हील क्लब पटना सिटी का सत्र 2023-24 का स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पटना साहिब विधायक नंदकिशोर यादव एवं महापौर सीता साहू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत अथितियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए जाने से हुआ।इसके बाद सत्र 2022-23 की अध्यक्ष रश्मि अरोड़ा ने अपनी टीम को बधाई दी एवं इनरव्हील बिहार, झारखंड में मुजफ्फरपुर में डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में 15 अवॉर्ड और 18 सर्टिफिकेट मिलने की खुशी को साझा किया। उसके लिए आभार प्रकट किया।इस दौरान विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि यह अच्छी बात है कि हमारी समाज की महिलाएं घर की चौखट लांग कर और अपने घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बाद समाज सेवा के लिए भी समय निकाल कर आगे आ रही हैं। उन्होंने इनरव्हील की सदस्यों से आवाहन किया कि वे महिलाओं और बच्चियों की शिक्षा और सेहत पर खासा जोर दें। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और पानी की बबार्दी रोकने के लिए भी जागरुकता अभियान चलाने की बात कही। महापौर सीता साहू ने कहा कि उन्हें आप सबों के बीच आकर अपना त्वचा महसूस होता है जिस तरीके से वह एक जनप्रतिनिधि होने के नाते नगर के विकास का काम देखती है उसी तरीके से आप लोग भी अपने घर के कामकाज को संभालने के साथ ही समय निकालकर समाज के वंचित मुख्यधारा से कटे और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आती है यह सराहनीय कदम है। कार्यक्रम मे 2023-24 की अध्यक्ष मीनू जायसवाल को रश्मि अरोड़ा ने पदभार सौंपा। मीनू ने अपनी टीम की घोषणा भी की। इसमें सुप्रिया उपाध्यक्ष, यामिनी सचिव, मधु कोषाध्यक्ष, संपादिका रुचिता, आईएसओ खुश्मीत ने पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष मीनू ने आने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। मंच का संचालन विनीता डोकानिया ने किया। कार्यक्रम मे रुचि अरोड़ा, ममता शर्मा, रीता रस्तोगी, सुधा गुप्ता, लता कपूर आदि सदस्यों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। धन्यवाद ज्ञापन सुप्रिया जायसवाल ने किया।

ऑनलाइन खरीदे सामान में गिफ्ट का झांसा दे खाता से पैसा उड़ाने वाला 3 धराया

- 8 आईफोन, 12 एंड्रॉयड मोबाइल, 5 चार्जर, 22 सिम, 6 एटीएम, 2 पैन आदि जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने भागवत नगर स्थित एक मकान में बतौर किराएदार रहने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से लिंक भेज कर ऑनलाइन खरीदे गए सामान में गिफ्ट का ऑफर का झांसा देकर उनके खाते से रुपए का ट्रांसफर विभिन्न खाता में किए जाने की सूचना मिली थी। इसी के बाद अगमकुआं थाना की पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की, जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सबों के पास से आठ आईफोन, 12 एंड्रॉयड मोबाइल, पांच चार्जर, 22 सिम, छह एटीएम, दो पैन कार्ड आदि बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि 17 जुलाई को गश्ती के दौरान भागवत नगर स्थित अमन वाटिका के पश्चिम विभा सिन्हा के मकान के दूसरी मंजिल पर कुछ अपराधकर्मी किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे। वह सब ऑनलाइन खरीदे गए सामान में गिफ्ट का झांसा देकर ऐसे लोगों के खाते से रुपए का ट्रांसफर विभिन्न खातों में किया करते थे। सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस अधिकारी को सूचित करते हुए टीम का गठन किया गया। इसके बाद ठगी करने वाले सामग्री एवं तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में उन सबों ने मोबाइल के माध्यम से राज्य के विभिन्न लोगों के साथ फोन करके ठगी का काम करने का काम करने की बात स्वीकार किया। इस कांड में एक अन्य अपराधी रहीस कुमार की गिरफ्तारी होनी बाकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उन तीनों के पास से आठ आईफोन मोबाइल,12 एंड्रॉयड मोबाइल, पांच चार्जर, 22 सिम कार्ड, दो पैन कार्ड, छह एटीएम, तीन आधार कार्ड, एक श्रम कार्ड, एक निर्वाचन प्रमाण पत्र और 13 पैकेट में जिओ कंपनी का खाली पैकेट बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में लखीसराय जिला के तेतरहाट थाना क्षेत्र के महीसोना का रहने वाला सचिन कुमार पिता सुधीर राम और जमुई जिला का चंद्रदीप थाना क्षेत्र के सगमा का रहने वाला पंकज कुमार पिता संजय सिंह है। एक नाबालिग नवादा जिला के कौवाकोल थाना क्षेत्र के देवरा का रहने वाला है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के अलावा सहायक अवर निरीक्षक रामराज मांझी, सिपाही विपिन कुमार, अजीत कुमार और संजीव कुमार शामिल थे।

श्री छोटी पटनदेवी में वैदिक पूजन से गर्भ गृह मंडप निर्माण की रखी नींव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शक्तिपीठ स्थल श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में बुधवार को श्री गजेंद्र मोक्ष देवस्थान के पीठाधीश जगद्गुरु रामानुजाचार्य के स्वामी लक्ष्मण आचार्य जी महाराज के वैदिक मंगलाचरण व पीठ आचार्य बाबा अभिषेक द्विवेदी के पूजन से नींव रखने का काम किया गया श्री छोटी पटन देवी मंदिर के मुख्य गर्भ ग्रह और सिंहासन निर्माण की नींव पुष्य के अक्षय मुहूर्त में श्री गजेंद्र मोक्ष देव स्थानम् के पीठाधीश जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज के द्वारा शिलान्यास किया गया। श्री पटनदेवी जी गो मानस सेवा संस्थानम् द्वारा समाजसेवी शशिशेखर रस्तोगी को रजत निधि सेवा संग्रह का संयोजक मनोनीत करते हुए मुख्य यजमान के रूप में पंच आचार्यों द्वारा पूजन विधि सम्पन्न करायी गई। इसके साथ ही तंत्र चूड़ामणि शास्त्रोक्त निर्माण आरंभ हुआ। मूल गर्भ गृह बनने के बाद वाराणसी और दक्षिण भारत के कारीगरों द्वारा प्राचीन पाषाण मंडप को 151 किलो शुद्ध चांदी और सिंहासन को 11 किलो सोने से सजाया जाएगा। चांदी संग्रह के लिए मंदिर कार्यालय के साथ-साथ पटना सिटी चौक स्थित जगमोहन लाल शिवरतन लाल में विशेष सेवा संग्रह कांउटर खुलेगा। यहां भक्त अपना चांदी दान कर रसीद पा सकेंगे। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने दिया। आयोजन में पीठाचार्य अभिषेक बाबा, मेयर सीता साहू, प्रकाश अग्रवाल, रामलाल खेतान, शिवशंकर गुप्ता, गंगा सागर गुप्ता, ईश्वर अग्रवाल, नारायण कसेरा, ज्योति रंजन हिसारिया, राजेश बल्लभ, अनंत अरोड़ा, शैलेंद्र सिंह, उदय शर्मा, मनोज केशरी, परमहंस तिवारी, भोला वर्णवाल, ऋषिकेश कुशवाहा, विनोद कुमार, प्रकाश वर्णवाल, कौशलेंद्र सहित कई गण्यमान्य पार्षद आदि भक्तों ने भाग लिया।

निकाला गया जुलूस आगाज ए गम, नौचंदी आज

पटना सिटी (प्राकि)। मुहर्रम को लेकर शिया समुदाय की ओर से बुधवार को आगाज ए गम जुलूस निकाला गया। चोआ लाल लेन स्थित जिनदाहे से निकल कर जुलूस दोरुखी होते हुए नौढाल इमामबाड़ा पहुंचा। इसका आयोजन दस्ते सज्जादिया की ओर से किया गया था। चमडोरिया स्थित बाबुल हवायच इमामबाड़ा के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी व सरबर इमाम ने बताया कि जुलूस में अंजुमने पंजेतनी, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने हुसैनिया के सदस्यों की ओर से नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ते चल रहे थे। गुरुवार को मुहर्रम पर चमडोरिया स्थित दरगाह पर नौचंदी का मजलिस होगा। इसमें अलम निकाला जाएगा। जीनत ए अजा दस्ते सज्जादिया की ओर से नौहाखानी और जलालपुर से आए मौलाना नैय्यर जुल्करनैन तकरीर करेंगे। मुहर्रम की सातवीं से लेकर दशमी तारीख तक मातमी जुलूस निकाला जाएगा।

महिला मरीज के पेट से निकला 13 किलो का ट्यूमर

- मरीज खतरे से बाहर है और उसका सही ढंग से देखरेख और इलाज चल रहा है।

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में पेट में अधिक दर्द और सांस लेने में तकलीफ की बात बताते हुए मरीज आउटडोर में आई थी। तब विभागाध्यक्ष डॉप्रो उषा कुमारी का आउटडोर था। इस दौरान पटना सिटी के मेहंदीगंज की रहने वाली करीब 45 साल की बेबी देवी को जांच के बाद 10 जुलाई को भर्ती कर लिया गया। इसके बाद बुधवार को उसका ऑपरेशन किया गया। उसके पेट से करीब 12-13 किलोग्राम का ट्यूमर ऑपरेशन की मदद से निकाला गया। चिकित्सक ने बताया कि मरीज बेबी देवी पिछले एक माह से अधिक पेट में दर्द होने, पेट का गोला होने और इसकी वजह से सांस लेने में तकलीफ से वह खासा परेशान थी। उसने अनेक जगह पर इलाज करवाया, मगर कोई फायदा नहीं मिला। इसके बाद वह 10 जुलाई को डॉप्रो उषा कुमारी की यूनिट के आउटडोर में दिखाकर भर्ती हुई। विभिन्न जांच के बाद डॉप्रो उषा कुमारी, डॉ आरती कुमारी, डॉ विनीता सिंह एवं डॉ पूनम के द्वारा सफल ऑपरेशन कर उसका ट्यूमर निकाला गया। मरीज खतरे से बाहर है और उसका सही ढंग से देखरेख और इलाज चल रहा है। ऑपरेशन के दौरान एनस्थेटिस्ट डॉ एचके झा और उनकी टीम मौजूद थी।

दानापुर रेल मंडल के साथ आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने किया एमओयू

प्रात : किरण संवाददाता

खगौल नगर के रेलवे अस्पताल को लगभग 35 लाख रुपये की लागत वाली एक उच्च तकनीक अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मंजूरी दे दी है।इस अल्ट्रासाउण्ड मशीन को एक महीने के अंदर इंस्टालेशन किया जाएगा ।मंडल ने रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ एमओयू भी किया है।सीएसआर पहल के तहत दानापुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिए 85 लाख की लागत से आईसीआईसीआई ने 40 नग वाटर कुलर को खरीदने के लिए भी अंतिम रूप दे दिया है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन पटना केंद्र के प्रमुख श्री प्रणव के अनुसार एक करोड़ अस्सी लाख रुपए का फंडआईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा सीएसआर के तहत दानापुर रेलं मंडल के लिए सोलर लाइट, बच्चों के प्रशिक्षण और कौशल विकास , अपशिष्ट उपचार सुविधाओं आदि जैसी विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्धारित किया गया है।

छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में पेश किए अनेक मॉडल

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

हाजीगंज के कैमाशिकोह स्थित जीजस एंड मेरी एकैडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से लेकर 10 तक के बाल वैज्ञानिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रदर्शनी को न केवल विद्यालय के छात्रों के लिए, परन्तु उनके अभिभावाकों के लिए भी आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शनी को देख छात्र ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी प्रशंसा करते नहीं थके। छात्रों ने सृजनात्मक रूप से अपने-अपने मॉडल्स बनाए और सहज तरीके से उसे समझाते हुए प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने विज्ञान की प्रभुता को दशार्ते हुए कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है। आज प्रत्येक व्यक्ति का जीवन वैज्ञानिक उपकरणों एवं संसाधनों पर आधारित है। लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसका अत्यधिक दुरुपयोग एवं विलासिता से कुप्रभावित होकर प्रकृति हम सभी से रुठती चली जा रही है। इसके दुष्परिणाम जो हमारे सामने दृष्टिगोचर हो रहे हैं, वह है ओजोन परत में छिद्र, ग्लोबल वार्मिंग, ठंडे प्रदेशों में गर्मी की भयावहता, मौसम की प्रतिकूलता इत्यादि। यदि समय रहते हम जागरूक नहीं हुए, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम प्रकृति के तांडव को झेल नहीं पाएंगे। बाल वैज्ञानिकों ने अपनी सोच को विभिन्न रूप से मॉडल के जरिए प्रदर्शित किया। प्रकृति संसाधनों के माध्यम से किस तरह उर्जा की खपत को बचाया जा सकता है, किस तरह पर्यावरण की हम रक्षा कर सकते हैं, इन सभी का गुर छात्रों ने सिखाया। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से प्रथम पुरस्कार अभिषेक, विवेक और सुशांत के ग्रुप ने प्राप्त किया, जिसने क्लैप स्विच बनाया। द्वितीय पुरस्कार भावेश कुमार ने प्राप्त किया, जिसने आटोमेटिक फायर एक्सटिंग्विशर बनाया एवं तृतीय पुरस्कार हिमांशु राज और अभिरव कुमार के ग्रुप ने प्राप्त किया, जिसने स्टीम इंजन बोट बनाया था। जुनियर ग्रुप से प्रथम पुरस्कार मनसा राय ने, द्वितीय पुरस्कार मायरा पैट्रिक ने प्राप्त किया, जिसने एक्स्क्रेटरी सिस्टम बनाया एवं तृतीय पुरस्कार आराध्या कुमारी ने प्राप्त किया, जिसने अर्थ क्लोक अलार्म बनाया था। विद्यालय के उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने आए अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस आश्वासन के साथ इस प्रदर्शनी का समापन किया कि ऐसी प्रदर्शनी आज के बदलते परिप्रेश्य में आवश्यक है।

नौ सूत्री मांगों को लेकर आशा कार्यकताओं व फैसिलिटेटरों का प्रदर्शन जारी

फतुहा। सीएचसी में कार्यरत आशा कार्यकताओं व फैसिलिटेटरों का आठवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। बुधवार को भी आशा कार्यकताओं व फैसिलिटेटरों ने सीएचसी के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। विदित हो कि बकाए राशि के भुगतान, सरकारी सेवक का दर्जा दिए जाने व अन्य मांगों को लेकर दोनों अपने कार्य छोड़ हड़ताल पर हैं। मौके पर शोभा देवी, बबीता कुमारी, भारती कुमारी, नीलम कुमारी, अंजना कुमारी आदि मौजूद थीं।

स्वतः बिखर जायेगा विपक्षी एकता का कुनबा : लोजपा (रा)

पटना। विपक्षी एकता भानुमति का कुनबा है एनडीए के सामने विपक्षी एकता(इंडिया) का कोई विसात नहीं। यह बनने से पहले ही लोकसभा चुनाव पूर्व तास के पत्ते की तरह स्वतः बिखर जायेगा। जो विपक्षी एकता के सहारे प्रधानमंत्री की उम्मीदवारी का दिवा स्वप्न देख रहे है। उन्हें संयोजक बनाने पर भी विपक्ष के सभी दल बचते नजर आ रहे है। क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो गई है। उक्त बातें लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। श्री भट्ट ने कहा पटना की तरह बंगलुरू में भी विपक्षी एकता में मतभेद स्पष्ट रूप से देखी गई । गठबंधन के नाम को लेकर जहां एक ओर मतभेद दिखे वहीं कोई बड़े निर्णय का ना होना यह दशार्ता है कि विपक्षी एकता की बैठक पूरी तरह विफल रहा। श्री भट्ट ने कहा कि 2024 में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। क्योंकि प्रधानमंत्री पद की वैकेंसी 2024 में खाली नही है इसलिए विपक्षी एकता का स्वांग सिर्फ महज ढोल बनकर रह जायेंगा। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

रासलीला में जितनी गोपियां उतने ही कृष्ण के प्रतिरूप दिखे

श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

पटना सिटी। साधन धाम मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक चंदन कृष्ण शास्त्री ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धज कर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। श्री कृष्ण की बांसुरी की धुन सुन कर सभी गोपियां अपनी सुध-बुद्ध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधि वन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हरा कर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनसे विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली व उनके सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। कथा के दौरान विधायक सह पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने उपस्थिति दर्ज करायी और भागवत कथा का आनन्द उठाया। इस दौरान वार्ड पार्षद मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जयसवाल रोटरी पटना सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट विजय कुमार यादव आदि भी पहुंचे। आयोजन को सफल बनाने में अनंत अरोड़ा, सुरेश अरोड़ा, मनीष अग्रवाल, राजकुमार तिवारी, सरज कपूर आदि सक्रिय थे।

92 भूमिहीन परिवार को आदेश के बावजूद नहीं बसाये जाने को लेकर किया धरना प्रदर्शन

भागलपुर। भूमिहीनों को अपीलीय प्राधिकार के दो बार आदेश देने के बावजूद अभी तक नहीं मिला उनका जमीन मालिकाना हक को लेकर भूमिहीन विस्थापित लोगों को स्थानीय अधिकारी द्वारा बसाने से कतराते दिख रहे हैं, ना ही इस पर कोई ठोस कदम उठाया गया है और न ही भूमिहीन परिवार के प्रति कोई संवेदनशील कार्य आज उक्त परिवार दर बदर की ठोकरें खा रहे हैं। गौरतलब हो कि 92 भूमिहीनों को बसाने का आदेश दे पूर्व के समय में न्यायालय द्वारा अधिकारी स्तर पर आदेश पारित कर दिया गया था। जिसकों लेकर भूमिहीनों व विस्थापित हुए परिवार का कहना है कि हम लोगों को निचले स्तर के कर्मचारी व पदाधिकारी सिर्फ बरगलाने का काम करते आ रहे हैं, और टालमटोल करने का काम करते आ रहे हैं। प्रत्येक दिन आजकल का समय दे टालमटोल किया जाता रहा है, जिससे हम लोग काफी परेशान हो चल रहे हैं। वही मामले को लेकर झुग्गी झोपड़ी मंच के कई कार्यकताओं ने कई पदाधिकारियों से मिलकर इसकी बात रखी थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं निकल पाने के चलते झुग्गी झोपड़ी मंच के द्वारा सभी भूमिहीन व झुग्गी झोपड़ी मंच के कार्यकर्ता ने एक निर्णय लिया कि सभी भूमिहीन परिवार गोलबंद होकर धरना व जुलूस प्रदर्शन करेंगे। जिसकी लिखित सूचना प्रमंडलीय आयुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी व अपर समाहर्ता को पूर्व में दे दी गई है। वही मीडिया से बातचीत करते हुए झुग्गी झोपड़ी मंच के जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, बैजू चौधरी व गोपी यादव ने एक सुर में कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा, और जब तक भूमिहीनों को जमीन नहीं मिल जाती तब तक जहां उक्त परिवार रह रहे हैं उन्हें रहने दिया जाय। उक्त स्थल पर रहने वाले विस्थापित भूमिहीन परिवार को बेवजह परेशान ना किया जाए। अन्यथा आंदोलन उग्र रूप ले सड़क पर उतर आएंगे।

भारी मात्रा में शराब की बरामदगी, दो शराब माफिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शहर परिक्षेत्र इलाके में कई जगहों पर अवैध रूप से शराब की खरीद बिक्री खुलेआम हो रही है, शराब की खरीद बिक्री को लेकर तस्कर द्वारा शराब को होम डिलीवरी तक पहुंचाया जा रहा है। जिसपर लगाम लगाने को लेकर जिला उत्पाद थाना व पुलिस प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाई गई हैं। इसी कड़ी में वरीय पुलिस अधीक्षक के मोबाइल दूरभाष पर गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की खरीद बिक्री और होम डिलीवरी शहर के कई इलाके में धड़ल्ले से किया जा रहा है। वही प्राप्त सूचना के आलोक में सत्यता की जांच व तस्करों पर त्वरित कार्रवाई को लेकर सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई गठित टीम में जोगसर, तिलकामांझी, कोतवाली, सीआईटी 2, 4 को शामिल किया गया था। उक शराब तस्करी की सूचना को लेकर शहर के कई जगहों पर छापेमारी की छापेमारी के क्रम में माणिक सरकार चौक के घोष पार्क लेन स्थित जोगसर और आदमपुर के बीच एक ऑटो रिक्शा की तलासी जांच करने पर ई रिक्शा से शराब को बरामद किया गया। वही एक लड़के को भागते हुए पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा उसके पास से भी शराब बरामदगी हुई जिसके बाद पुलिस टीम ने उस युवक से पूछताछ करने के बाद कई बातों का खुलासा हुआ।

सुचना एमआईटीएस औपचारिक शव परीक्षण की तरह शरीर को पूरी तरह से खोले बिना मृत शरीर से ऊतक और शरीर के तरल पदार्थ निकालने की एक विधि है

एम्स पटना में एमआईटीएस की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने को लेकर की गई बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मृत्यु के कारणों के मूल्यांकन में मिनिमली इनवेसिव टिश्यू सैंपलिंग (एमआईटीएस) की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास में कार्यकारी निदेशक डॉ. जी.के. पाल की अध्यक्षता में एम्स पटना के समिति कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। एमआईटीएस औपचारिक शव परीक्षण की तरह शरीर को पूरी तरह से खोले बिना मृत शरीर से ऊतक और शरीर के तरल पदार्थ निकालने की एक विधि है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और स्पेन के आगंतुकों द्वारा उपदेशात्मक व्याख्यान और प्रस्तुतियाँ दी गईं। आरटीआई इंटरनेशनल, यूएसए के प्रधान अन्वेषक श्री नॉर्मन गोको और बार्सिलोना इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ, स्पेन के सर्जिकल पैथोलॉजिस्ट डॉ. नतालिया राकिस्लोवा ने दर्शकों को आरटीआई इंटरनेशनल के दायरे और कार्यात्मक क्षेत्रों के साथ-साथ इसमें शामिल कदमों के बारे में प्रस्तुत किया। शवों पर एमआईटीएस का प्रदर्शन करना और ट्राम दृष्टिकोण के रूप में मृत्यु का अंतिम कारण बताने के लिए उन्हें कैसे संसाधित किया जाएगा। क्ठउछएठ ट्रस्ट, नई दिल्ली के डॉ. मनोज कुमार दास ने भारत में टक्ठर की अब तक की भूमिका और अनुप्रयोग पर चर्चा की। एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक और एमआईटीएस परियोजना के साइट प्रमुख अन्वेषक डॉ. सी. एम. सिंह ने एम्स पटना में परियोजना की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी।

इस परियोजना के लिए भारत में चुने गए अन्य दो स्थल ठएक्क्क्क्टर, शिलांग और श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज, बरेली हैं। टीम ने एम्स पटना के आसपास सामुदायिक नेताओं और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ बातचीत के लिए रेफरल अस्पताल नौबतपुर और नौबतपुर के अजवा गांव का भी दौरा किया।

प्रस्तुतियों के बाद उपस्थित संकायों से प्रश्न उत्तर सत्र का आयोजन किया गया। बैठक कार्यकारी निदेशक द्वारा अतिथियों के अभिनंदन और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. मुक्ता अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

दरबार साहिब में अरदास के दौरान गुरदयाल ने सुखदेव को दिया धक्का

- वीडियो वायरल, पूर्व में भी पालकी सेवा के दौरान धकेला था

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के बीच मतभेद चल रहा है। वहीं दूसरी ओर दरबार साहिब के गर्भ गृह में भी ग्रंथियों, रागी और कथावाचक के बीच भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बताया जाता है कि महासचिव के द्वारा श्री शीतल कुंड गुरुद्वारा, राजगीर में ड्यूटी कर रहे और अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र के अनुसार एडिशनल हेड ग्रंथी के रूप में गर्भ गृह में सेवा दे रहे। गुरदयाल सिंह सहयोगियों से उलझ जा रहे हैं। एक ताजा वीडियो इस मामले में खासा वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा रहा है कि मंगलवार को ग्रंथी दिलीप सिंह अरदास कर रहे हैं। उस दौरान ग्रंथी सह कथावाचक सुखदेव सिंह चंवर की सेवा कर रहे थे। अरदास सम

भाजपा के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं : श्रवण

भाजपा को कुर्सी जाने का सताने लगा डर : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बेंगलुरु में विपक्षी एकजुटता की बैठक से भाजपा बेचैन और बौखलाहट में है। भाजपा को अब सत्ता से बेदखल होने का डर सताने लगा है। 2024 में देश की जनता दुबारा भाजपा को मौका देने नहीं जा रही। मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब हुए। मंत्री ने सुशील मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने दूध में पड़ी मक्खी की तरह उन्हे निकालकर फेंक दिया है, इसी वजह से वो उलजुलूल बयानबाजी करते रहते हैं ताकि आलाकमान को खुश कर सकें। मंत्री ने कहा कि विपक्षी एकजुटता का नाम क्या हो यह हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है, नाम कुछ भी हो मगर लक्ष्य एक ही है और लक्ष्य भाजपा मुक्त भारत बनाना है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई एजेंडा नहीं है, वो जनता का ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बातें करते हैं। आज गुजरात के चंद घरानों के झोली में देश की अर्थव्यवस्था सौंप दी गई है और देश में बढ़ती बेरोजगारी का यह एक मुख्य कारण है लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मन में कोई व्यक्तिगत लालसा नहीं है, उन्होंने कई बार खुद इस बात को स्पष्ट किया है। हमारे लिए प्रमुख मुद्दा देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना है, इसी मुहिम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जुटे हुए हैं और उनके प्रयास से आज देश भर की तमाम विपक्षी पार्टियां एक मंच पर एकजुट हो रही है। भाजपा को अब इस बात का डर सताने लगा है कि 2024 में उनकी कुर्सी जाने वाली है इसलिए भाजपा के लोग बेचैन हैं और उनकी बेचैनी का नतीजा है कि भाजपा के तमाम नेतागण अनावश्यक बयान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की जनता ने तय कर लिया है कि 2024 में विपक्ष एकजुटता की सरकार बनेगी और हमारा देश विकास के रास्ते पर तेज गति से दौड़ेगा। खासतौर पर बिहार के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य होंगे। मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बिहार सरकार शराबबंदी कानून को लेकर बेहद संवेदनशील है। उन्होंने यह भी कहा कि जहरीली शराब के सेवन से जिन लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा की राशि प्रदान हो इसके लिए विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है। मुआवजे की घोषणा से पहले जिन लोगों की मृत्यु हुई थी और उनका पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ था, उन्हें भी विभागीय जांच-पड़ताल के बाद मुआवजा की राशि प्रदान की जाएगी।बतातें चलें कि बुधवार को जदयू मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज, मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के सभी जिलों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों को सुनकर विधि सम्मत निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

विपक्षी दलों के नए गठबंधन से भाजपा में घबराहट : दीपंकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- बोलें- पटना और बेंगलुरु का संदेश भारत के हर कोने में पहुंचाने की जरूरत

भाकपा माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि बेंगलुरु में विपक्षी दलों की सफल दूसरी बैठक से अपने संक्षिप्त रूप में कठऊकअ नाम के साथ बने एक नए गठबंधन ने मोदी शासन को स्पष्ट रूप से परेशान कर दिया है। उसी दिन भारत के सभी कोनों से पार्टियों को ढूंढ-ढूंढ कर और नई-नई पार्टियों को निर्मित करके दिल्ली में एक समानांतर गठबंधन खड़ा करने की बेताबी मोदी शासन की बढ़ती घबराहट को ही दशार्ता है। विपक्ष की पहल अगले 50 वर्षों तक भारत पर बिना किसी चुनौती के शासन करने के भाजपा के अहंकारपूर्ण दंभ के बिल्कुल विपरीत है। एक साल पहले पटना में जेपी नड्डा का वह अहंकारपूर्ण बयान हम सबको याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में क्षेत्रीय पार्टियों के दिन लद गए हैं। इस साल 9 फरवरी को राज्यसभा में नरेंद्र मोदी के एक अकेला के दावे को भी याद करने की जरूरत है जब उन्होंने कहा था कि एक आदमी इस देश में कई लोगों की सामूहिक ताकत से भारी साबित हुआ है। सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा आज 2024 के चुनावों से पहले निष्क्रिय पड़े एनडीए के बैनर को पुनर्जीवित करने की पूरी कोशिश कर रही है। इसी अहंकार के कारण शिवसेना, अकाली दल और जदयू जैसे उसके कई पुराने सहयोगियों ने भाजपा से रिश्ता तोड़ लिया। अब वही भाजपा इन पार्टियों को विभाजित करने और अलग हुए समूहों को अपने सहयोगियों के रूप में समायोजित करने की कोशिश कर रही है। इसने राम विलास पासवान के निधन के बाद एलजेपी में विभाजन कराया था और अब एकल पार्टी के दो नए-नवेले सहयोगियों के रूप में उन्हें पेश कर संख्या बढ़ाने का खेल खेल रही है। मोदी सरकार इंडिया और भारत के बीच दरार पैदा करना चाहती है और भारत के राज्यों को एक अति-केंद्रीकृत केंद्र सरकार के उपनिवेशों की स्थिति में लाना चाहती है. मोदी सरकार शासन का केवल एक ही मॉडल चलाना जानती है। वह भारत के लोकतंत्र की संवैधानिक नींव और संघीय ढांचा, भारत के सामाजिक ताने-बाने की समग्र संस्कृति और विविधता, भारत के नागरिकों के अधिकार और स्वतंत्रता तथा भारत के लाखों मेहनतकशों का अस्तित्व व सम्मान पर हमले के बिना शासन नहीं चला सकती है। पटना और बेंगलुरु का संदेश अब भारत के हर कोने में लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। भाजपा को हराने के लिए आगामी चुनाव को एक सशक्त जनआंदोलन के रूप में लड़ना होगा। लड़ाई तो अभी शुरू हुई है। हम लड़ेंगे! हम जीतेंगे!

पीएम दलित व आदिवासी वर्ग के लिए देवता समान : पारस

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गरीब, दलित और आदिवासी वर्ग के लिए देवता समान बताया है। पशुपति पारस ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्षो के शासनकाल में दलित आदिवासियों और पिछड़ें वर्ग के लोगों को जीवन में जो परिवर्तन हुआ है, उन्हें नरेन्द्र मोदी एक मसीहा के रूप में दिखाई देते हैं। पशुपति पारस ने आगे कहा कि आजादी के बाद देश में नरेन्द्र मोदी ने दलित समाज से आनेवाले रामनाथ कोविन्द को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर बैठाया। उसके बाद मोदी ने समाज के सबसे अंतिम पंक्ति की गाँव में रहनेवाली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया, इससे अनुसूचित जनजाति और दलित समाज के लोगों में नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिलानेवाले पुरूष के रूप में दिखाई देता है। पारस ने कहा पहली बार नरेन्द्र मोदी के रूप में राष्ट्र को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जो देश के दबे-कुचलें और वंचित समाज के लिए आशा की किरण बने हैं। पशुपति पारस ने एनडीए सरकार के नौ साल की योजनाओं वन नेशन वन कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत योजना, हर घल जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दलितों, आदिवासियों वंचित समाज के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।

भाजपा राजनीति में व्यस्त और जनता मंहगाई से त्रस्त : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मंहगाई के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि आज देश में मंहगाई और बेरोजगारी सबसे प्रमुख समस्या है, लेकिन भाजपा के नेता इनपर बात तक नहीं करते। सरकार यदि चाहे तो तुरंत इसपर लगाम लगा सकती है लेकिन सरकार इस इतने गंभीर मुद्दे पर भी आंखे मूंदे बैठी है। आज हाल यह है कि टमाटर का भाव पेट्रोल से भी मंहगा हो गया है। जनता मंहगाई से त्रस्त है, वहीं भाजपा राजनीति में व्यस्त है। दूसरी तरफ भाजपा के पूंजीपति मित्र सरकार की कृपा से माल छापने में मस्त हैं। पेट्रो पदार्थो की कीमतों मी आई कमी का लाभ जनता को न देने का सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को यदि मंहगाई कम करने की थोड़ी सी भी चिंता होती तो वह सबसे पहले पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस आदि के दाम करने पर ध्यान दे रही होती। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल में आयी ऐतिहासिक गिरावट के बाद भी पेट्रो पदार्थों का दाम घटाने को तैयार नहीं है। आज यदि सरकार चाहे पेट्रोल के दामों में लगभग 20-25 रु तक की कमी कर सकती है। इसी तरह डीजल व रसोई गैस के दाम भी कम किये जा सकते हैं। किन्तु सरकार अपनी आंखे मूंदे बैठी हुई है, जिससे पेट्रोल कंपनियों को रोजाना करोड़ों रुपयों का लाभ मिल रहा है दूसरी तरफ आम जनता मंहगाई की चक्की में पीस रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि आखिर पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने में उसे क्या परेशानी आ रही है? जदयू महासचिव ने कहा कि केंद्र सरकार यदि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी करती तो इससे अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी लगाम लगती। लेकिन केंद्र का ध्यान जनता को राहत देने के बजाए खजाना भरने पर है। सरकार ने देश के गरीब, मजदूर, दलित, किसान और आम आदमी को पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

विपक्ष का गठजोड़ स्वार्थ और महत्वकांक्षा के लिए : विजय

बोलें-अब इंडिया, इंडिया नहीं नया भारत बन चुका है

पटना। बिहार विधानमंडल के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने विपक्षी एकता पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इसमें अधिकतर लोग दागी, वंशवादी, भ्रष्टाचारी, अवसरवादी है। ये सभी स्वार्थ और महत्वकांक्षा की पूर्ति के लिए बात कर रहे हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन को इंडिया नाम दिए जाने पर कटाक्ष करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी वाला इंडिया अब इंडिया नहीं रह गया अब यह नया भारत हो गया, जिसकी घोषणा स्वामी विवेकानंद ने की थी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में आए लोगों की समस्या सुनने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिन्हा ने विपक्षी दलों को चुनौती देते हुए कहा कि उनमें हिम्मत है तो प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा दें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आज ऐसे लोगों को अपनी छतरी के नीचे खड़ा कर लिया जिनकी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस के विरोध में हुई थी। ऐसे दलों का न कोई सिद्धांत है और न नीति है। इनकी नियत भी जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत अब नया भारत बन रहा, जिसका सम्मान दुनिया में बढ़ा है और विकसित बनने की ओर अग्रसर है। दूसरी ओर भारत को लूटने वाले लोग खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जनता निर्णय करेगी। जनता अब समझदार है और सतर्क भी है। उन्होंने लगा कि इस साल के अंत में बिहार के दलदल में भी कई लोग फंसेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि जिन्हे लोकतंत्र पर नही लाठीतंत्र पर विश्वास है, जिन्हे संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं वही लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं।

अतिपिछड़ा समाज हिस्सा नही अधिकार चाहता है : लोजपा रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के 76 वर्षो तक राजनैतिक पार्टी के नेताओं ने अतिपिछड़ों को ठगने का काम किया। उक्त बातें बुधवार को सासाराम के कुशवाहा भवन में आयोजित अतिपिछड़ा सम्मेलन में बोलते हुए लोजपा-(रामविलास) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव ललन साह,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज की आबादी देश और राज्य के कुल आबादी का एक तिहाई जनसंख्या है। लोकतंत्र में एक तिहाई आबादी को सत्ता, संपत्ति से वंचित रखकर लोकतंत्र की दुहाई दिया जाता है। वोट लो सत्ता पाओ और लात मारकर भगाओ की नीति चलाते रहें है, देश और राज्य का पार्टी और उसके नेता। अतिपिछड़ा समाज अब जगा है, हिस्सा नही सम्पूर्ण अधिकार चाहता है। अतिपिछड़ों के राजनैतिक, आर्थिक समाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए राज्यव्यापी आंदोलन शुरू हो रहा है। संगठित होकर संघर्ष करें। संघर्ष ही भविष्य का निर्माण करेंगा। सम्मेलन की अध्यक्षता रोहतास जिला अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने किया,संचालन एससी/ एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चुनचुन पासवान ने किया। सम्मेलन को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शंकर कुमार शर्मा,चंद्रदीप शर्मा,अरविंद कुमार, मुकुन्द साह,टुनटुन कुमार साह, सरोज गुप्ता, नेपाली साह, जोगिंदर मोदी, पार्टी के प्रदेश सचिव जगनारायण साह, एससी/एसटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पासवान, डॉ रामाधार पासवान, संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष छोटे लाल पासवान,लेबर सेल के जिलाध्यक्ष लल्लू पाण्डेय, विरकेश्वर पासवान, गीता देवी,मालती देवी, नन्द लाल गुप्ता ने संबोधित किया। उक्त आशय की जानकारी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता रमेश कुमार ने दिया।

पुलिस को बड़ी सफलता, जमीन करोबारी हत्याकांड का खुलासा

पटना। पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तत्परता से बिहटा में हुए जमीन करोबारी की हत्या मामले का खुलासा किया है। विगत 9 जुलाई को जमीन कारोबारी सुनील साव को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के एक सप्ताह बाद पटना पुलिस ने मौत की गुत्थी को सुलझा लिया है और आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। मामले का उद्भेदन करते हुए दानापुर एएसपी अभिनव धीमान ने कहा कि अमहरा गांव के रहने वाला एक किराने दुकानदार की रमेश कुमार की पत्नी से जमीन कारोबारी सुनील साव का नाजायज संबंध था। जिसको लेकर पति के मना करने के बाद भी दोनों मिलते रहते थे। साथ ही घंटो दोनों के बीच बातें भी हुआ करती थी। जिसका विरोध पति रमेश कुमार करता था। इसी से नाराज रमेश कुमार ने शूटर को बुलाया और हत्या के लिए एक लाख रुपए की सुपारी भी दिया था। दानापुर एएसपी ने कहा की घटना के तीन दिन बीतने के बाद परिजन ने मृतक का मोबाइल पुलिस को हैंड ओवर किया। तभी ही पुलिस ने मोबाइल में अश्लील वीडियो देखकर अनुसंधान में जुटी और आरोपी की गिरफ्तारी कर ली। अभी भी इस मामले में पुलिस के द्वारा शूटर की तलाश लगातार जारी है। फिलहाल घटना को लेकर महिला से भी पूछताछ किया गया है। महिला की पति रमेश कुमार ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि हमारी पत्नी के साथ उसका नाजायज संबंध था और हमने कई बार उसे मना भी किया था इसके बाद भी यह नहीं मानता था। अंत में हमने रास्ते से हटाने के लिए उसकी मौत की साजिश रची। व्हाट्सएप चैटिंग के द्वारा शूटर को हायर किया। शूटर पटना छपरा और आरा के रहने वाले थे और 1 लाख रुपए उनके अकाउंट पर डाला और उन लोगों को मृतक का लोकेशन दिया। जिसके बाद वह लोग बाइक से आकर उनके दरवाजे पर चढ़कर एक के बाद एक गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके अलावा दानापुर एएसपी ने घटना के दिन गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस के साथ हाथापाई और मारपीट की थी।

कारी सोहैब के माता के निधन पर राजद नेताओं ने जताया शोक

पटना। बिहार प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य मो. कारी सोहैब के माता जी (उम्र 63 वर्षीय) का निधन पर युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव, महासचिव सतीश कुमार चंद्रवंशी, शिवराज कुमार, शिवेन्द्र कुमार तांती, अजीत कुशवाहा, जेम्स कुमार यादव, शेखर यादव,पंकज यादव, संतोष कुशवाहा, विकास कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश चैटाला, मनोज कुमार यादव, मो.नन्हे मुस्ताक, अभय कुमार सिन्हा, मनीष यादव, मो. इमदाद, अभिषेक चंद्रवंशी सहित दर्जनों नेताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने बताया कि लम्बी बीमारी के बाद दिनांक 19 जुलाई के देर रात इलाज के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। उनका नमाजे जनाजा समस्तीपुर के गाँव रेहुआ, रोसड़ा में दिनांक 20 जुलाई को सुबह 9.30 बजे अदा की जाएगी।

यात्रियों के लिए किफायती दर पर इकोनॉमी एवं स्नैक मील की सुविधा उपलब्ध

पटना। रेलवे द्वारा साधारण श्रेणी के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इकोनॉमी एवं स्नैक मील के साथ-साथ किफायती पैकेज्ड पेयजल की सुविधा प्रदान करन के लिए स्टेशनों पर ट्रेनों के मुख्यतः साधारण श्रेणी कोच के निकट किफायती भोजन उपलब्ध करान हेतु विशेष काउंटर खोले गए हैं। जिसमें इकोनॉमी मील की कीमत 20 रूपए प्रति पैकेट और स्नैक्स मील की कीमत 50 रूपए प्रति पैकेट रखी गयी है । इस किफायती सुविधा के सफल कार्यान्वयन हेतु रेल मंत्रालय द्वारा आईआरसीटीसी को क्षेत्रीय रेलों से समन्वय स्थापित करते हुए विशेष निर्देश जारी किया गया है। प्रारंभिक तौर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के धनबाद स्टेशन, समस्तीपुर मंडल के रक्सौल, समस्तीपुर, बेतिया और नरकटियागंज तथा दानापुर मंडल के किउल, बक्सर, मोकामा और बख्तियारपुर स्टेशन पर यह सुविधा प्रारंभ की गयी है । आवश्यकतानुसार इन सुविधाओं का विस्तारं अन्य स्टेशनों पर किया जाएगा । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

उत्तराखंड में करंट से 17 लोगों की मौत पर पारस ने जताया शोक

पटना। नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में चल रहा कार्य में करंट के चपेट में आने से 17 लोगों के असायमिक निधन पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने शोक व्यक्त किया और मृत्यु के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार से मृतकों को उचित मुआवजा देने की अपील की तथा घायलों को सरकारी स्तर पर बेहतर इलाज कराने तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा इस घटना की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने को कहा। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया।

बच्चियों के बीच पाठ्य व खेल सामग्री वितरण

पटना। आधार फाउंडेशन एवं प्रभु आहार सेवा समिति के द्वारा 150 से अधिक कन्या मध्य विद्यालय कंकड़बाग के जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी एवं नास्ते का सामान दिया दिया गया। सामान पाकर बच्चे काफी खुश हुए। मौके पर प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि इन बच्चों की अन्य आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाएगा। आज की यह सेवा आलोक कुमार गुप्ता जी ने अपने भाई स्व.अनिल कुमार गुप्ता के दूसरे पुण्य तिथि पर वितरित किया। मौके पर आधार की डॉ गीता जैन ने बच्चों से कहा कि वे जब सुबह उठते हैं तो घर मे अपने दादा, दादी, माता, पिता को गुड मॉर्निंग नही बोलकर उन्हें प्रणाम करें इससे उनको आशीर्वाद मिलेगा। आज की सेवा में प्रभु आहार की टीम से राकेश कुमार, मुकेश जैन, मुनेश्वर जैन, डॉ गीता जैन, राकेश शर्मा, आलोक कुमार गुप्ता, अमृत राज, आकर्ष राज, आदर्श आर्यन, दिशु एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

केंद्र की बीजेपी सरकार हर भारतीय के साथ खड़ी है : मनोज

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर भारतीय के सुख दुख में खड़ी है। चाहे सरकारी योजनाओं के लाभ लोगों तक पहुंचाने की बात हो या फिर निजी क्षेत्र में उनके साथ कोई धोखाधड़ी या फिर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो। बीजेपी की सरकार हर मोर्चे पर हर उन भारतीयों के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। पिछले कई दशकों से सहारा इंडिया में लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई जमा कराई थी लेकिन, उन्हें रिटर्न नहीं किया जा रहा था। इस पर भारत सरकार ने गंभीरता से कंपनी के मलिकाना लोगों से चर्चा की और उन तमाम निवेशक जिन्होंने सहारा इंडिया में निवेश किया था उनके पैसे को लौटने का तरीका ढूंढा। सहारा इंडिया में सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से निवेशक हैं। कुछ लोगों ने अपनी सारी गाढ़ी कमाई सहारा इंडिया में जमा कर दी थी। अब वो दर-दर भटक रहे थे। निवेश की अवधि पूरी जाने के बाद भी पैसे वापस नहीं मिलने से कई राज्यों में लगातार सहारा इंडिया के खिलाफ निवेशकों का गुस्सा फूट रहा है। सहारा की सहकारी समितियों में जिन निवेशकों ने पैसा निवेश किया था उनके पैसे कई सालों से डूबे हुए थे। लेकिन, देश के गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के सहारा रिफंड पोर्टल के लॉन्चिंग करने के साथ ही पैसे लौटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुरूआत में सहारा के निवेशकों को 10,000 रुपये तक का रिफंड मिलेगा। श्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल की शुरूआत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब जमाकताओं को ऐसे मामले में उनका पैसा वापस मिल रहा है। श्री अमित शाह जी ने डिपॉजिटर्स को भरोसा दिया कि अब उनका पैसे को कोई नहीं रोक सकता है और पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के 45 दिनों में उन्हें उनका पैसा रिफंड मिल जाएगा।

राजधानी के पॉश इलाके में फ्लैट से 42 लाख की चोरी

पटना। प्रदेश में अपराधियों का तांडव जारी है। अपराधी आए दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला राजधानी के पॉश इलाके की। जहां बेखौफ अंदाज में चोरों ने रात के अंधेरे में घर का ताला तोड़कर और अलमारी और सेफ्टी इलेक्ट्रिक लॉकर को तोड़ 42 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला कंकड़बाग थाना क्षेत्र के कॉलोनी मोड़ के जनता हार्डवेयर के पास वाले एक मंजिला मकान का है। जिसके मकान मालकिन पदस्थापित शिक्षिका रूमा देवी के बेटे आदित्य कुमार उर्फ राजा फतुहा शाम में पांच बजे निकले थे। वहीं दूसरी सुबह फोन पर किरायदार द्वारा कमरे के ताला टूटने की बात सुन वापस आए। जहां घर के अंदर का नजारा देख उनके जोश उड़ गए। फिलहाल घटनास्थल पर लगे सीसीटवी कैमरों में दो युवक घर के बाहर बैग के साथ निकलते देखा जा रहा है। जिसमें दोनों एक टेम्पो पर सवार होकर फरार हुए है। पीड़ित परिवार ने चोरी की इस घटना की शिकायत कंकड़बाग थाने में की है। वहीं पुलिस मामले की सघन जांच में जुट गई है।

गया और जसीडीह के मध्य एक और जोड़ी स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन परिचालन का निर्णय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा गया और जसीडीह के मध्य एक और श्रावणी मेला स्पेशल 03688/03687 का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । यह स्पेशल 21 जुलाई से 29 अगस्त तक सप्ताह में 04 दिन शुक्रवार, शनिवार, सोमवार एवं मंगलवार को परिचालित की जायेगी जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 03688 गया-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 29 अगस्त तक सप्ताह के चार दिन शुक्रवार, शनिवार, सोमवार एवं मंगलवार को गया से 05.20 बजे खुलकर 06.00 बजे तिलैया, 06.20 बजे नवादा, 07.00 बजे शेखपुरा, 07.30 बजे किउल, 07.52 बजे मननपुर, 08.10 बजे जमुई, 08.40 बजे झाझा रूकते हुए 09.20 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03687 जसीडीह-गया श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 29 अगस्त तक सप्ताह में चार दिन शुक्रवार, शनिवार, सोमवार एवं मंगलवार को जसीडीह से 11.05 बजे खुलकर 11.55 बजे झाझा, 12.20 बजे जमुई, 12.40 बजे मननपुर, 13.15 बजे किउल, 13.50 बजे शेखपुरा, 14.30 बजे नवादा एवं 14.50 बजे तिलैया रूकते हुए 15.30 बजे गया पहुंचेगी । इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 कोच, साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 16 कोच होंगे तथा यह अनारक्षित स्पेशल के रूप में परिचालित की जायेगी ।

उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

पटना राजगीर पटना मलमास मेला स्पेशल का हरदास बीघा स्टेशन पर ठहराव

पटना। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा दानापुर और जसीडीह के मध्य चलायी जा रही 03244/03243 दानापुर-जसीडीह-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल का मननपुर और जमुई के मध्य स्थित भलुई स्टेशन पर तत्काल प्रभाव से ठहराव प्रदान किया जा रहा है । गाड़ी सं. 03244 दानापुर-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 11.06 बजे भलुई स्टेशन पहुंचकर 11.08 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 03243 जसीडीह-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल 16.03 बजे भलुई स्टेशन पहुंचकर 16.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह मलमास मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पटना और राजगीर के मध्य चलायी जा रही 03250/03249 पटना-राजगीर-पटना मलमास मेला स्पेशल का फतुहा और खुसरूपुर स्टेशनों के मध्य स्थित हरदास बीघा स्टेशन पर तत्काल प्रभाव से ठहराव प्रदान किया जा रहा है । गाड़ी सं. 03250 पटना-राजगीर मलमास मेला स्पेशल 11.31 बजे हरदास बीघा स्टेशन पहुंचकर 11.33 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 03249 राजगीर-पटना मलमास मेला स्पेशल 17.05 बजे हरदास बीघा स्टेशन पहुंचकर 17.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

पटना। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के भटनी यार्ड में इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -20, 24, 27 एवं 31 जुलाई को 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। 20, 24, 27, 31 जुलाई एवं 03 अगस्त को 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें - सीतामढ़ी से 20, 24, 27, 31 जुलाई एवं 03 अगस्त को चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-बलिया-इंदारा के रास्ते चलायी जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 23, 26, 30 जुलाई एवं 02 अगस्त को चलने वाली 14006 आनन्द विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इंदारा-बलिया-छपरा के रास्ते चलायी जायेगी। नई दिल्ली से 23, 26 एवं 30 जुलाई को चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सीवान के रास्ते चलायी जायेगी। कटिहार से 23, 26, 30 जुलाई एवं 02 अगस्त को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सीवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। दरभंगा से 20, 24, 27, 31 जुलाई एवं 03 अगस्त को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्

संक्षिप्त खबरें

20 जुलाई को होने वाला एकदिवसीय धरना स्थगित : सत्येन्द्र रंजन

अरवल । जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि किसानों के उचित मूल्य पर खाद वितरण कराने , खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने एवं अन्य समस्याओं को लेकर आज 20 जुलाई को जिला कृषि पदाधिकारी के समक्ष एकदिवसीय धरना एवं 24 जुलाई 2023 को जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित एकदिवसीय धरना कार्यक्रम लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है ।

डीपीएस स्कूल के छात्रा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन, पूर्व सांसद ने दी बधाई

अरवल :असम में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जो 4 अगस्त से 7 अगस्त तक गटका एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वाधान में होने वाली प्रतियोगिता में अरवल जिले के चयनित खिलाड़ी अनन्या कुमारी, रमता वर्मा ,बिशाल कुमार, गोरख कुमार एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा प्राची कुमारी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर है पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार जी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं पूर्व सांसद अरुण कुमार जी ने बोले की अरवल जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें निखारने की जरूरत है आज अरवल जिला खेल के क्षेत्र में पढ़ाई का क्षेत्र हरेक क्षेत्र में देश विदेश में अपना अरवल जिला का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है मैं उन खिलाड़ियों को जितना प्रशंसा करूंगा उतना ही मेरे लिए काम होगा। इसकी जानकारी दिल्ली पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि हमारे जिले के चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिले में खुशी का माहौल है और आने वाले समय में जैसे बच्चे मेहनत कर रहे हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौका जरूर मिलेगा

जदयू जिला उपाध्यक्ष स्व सुनील सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने ली सदस्यता

बोधगया स्थित रायल रेसीडेंसी होटल में बुधवार को आयोजित जदयू की प्रमंडलीय समीक्षा बैठक में दिवंगत जदयू के वरीय नेता सुनील सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के समक्ष जदयू की सदस्यता ली। सुनील कुमार सिंह समता पार्टी से पार्टी के काफी सक्रिय भूमिका में रहते थे। जिला उपाध्यक्ष के पद पर थे।उनका 10फरवरी को रात्रि में घर पर अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया था।उस दुख की घड़ी जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी के सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर मदद किया था। पार्टी द्वारा किया गया मदद से प्रभावित होकर उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह जी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा एवं जदयू प्रति आस्था व्यक्त करते हुए जदयू का सदस्यता ग्रहण की है । सदस्यता ग्रहण करने के बाद ज्योति सिंह ने कहा मेरे पति इस पार्टी का समर्पित नेता थे और नीतीश कुमार के प्रति आस्था रखते थेऔर नीतीश कुमार अच्छा काम कर रहे हैं।और हमको भी उम्मीद है की मेरे पति के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगा।प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा आज से आप जदयू परिवार का सदस्य हैं, आपके नीतीश कुमार पर भरोसा रखें आपके साथ न्याय होगा, हम सब आपके साथ हैं। ज्योति सिंह ने कहा की पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी दी जाएगी उसको सही तरीके से निभाऊंगी, नीतीश कुमार का काम को सभी जगह प्रचार प्रसार करूंगी। इस मौके पर मौजूद जदयू सांसद विजय कुमार मांझी, जदयू के मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, जदयू के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा, प्रमंडलीय प्रभारी विद्यानंद विकल, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अलेकजेंडर खान, प्रखंड अध्यक्ष अजीत शर्मा,पूनम कुशवाहा, सोनम दास, मितंबरा लोहड़े,अरुण राव, जितेंद्र दास, जितेंद्र पंडित, आसिफ जफर एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता ने ज्योति सिंह को बधाई दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने विपिन कुमार सिन्हा, रामकुमार प्रसाद और अधिवक्ता संजय पासवान ने भी जदयू की सदस्यता ग्रहण किया है।

सीओ ने थावे बाजार मे पहुंच कर घटना की ली जानकारी

घटना की जानकारी होने पर नए सीओ धीरज कुमार पाण्डेय विदेशीटोला पंचायत के थावे बाजार में पहुचकर कर दुकान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों से जमीन की कागजात की मांग की गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

हत्या के कांड का हुआ उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की पुलिस ने 18 जून को मनोज कुमार के तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में तीनों अपराधियों ने हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि मनोज कुमार 18जून को शाम 5बजे सरैया बाजार के लिए निकले थे ।अगले दिन सुबह में सरैया पुलिस द्वारा मनोज कुमार का शव बरामद किया गया जिस संदर्भ में मृतक मनोज कुमार के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर सरैया थाना कांड सं0-361/2023, दिनांक 19.06.2023 धारा 302/201 भा०वि० अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध दर्ज किया गया है।मामले कीगंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनिकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान से मिले साक्ष्य के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में विशेष टीम द्वारा अपराधकर्मी रौशन कुमार, पिता सुरेश प्रसाद साह, सर्वेश पासवान, पिता-दीपलाल पासवान, दोनों ग्राम कंचनपुर धनुषी, थाना करताहा, जिला वैशाली, ओर कृष्णा कुमार सहनी, पे० उरेन्द्र सहनीग्राम कमलपुरा, थाना-पाल, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि मनोज कुमार (मृतक) का जान-पहचान रौशन कुमार एवं कृष्णा सहनी से था। जान-पहचान रहने के कारण उन्होंने मनोज कुमार (मृतक) को बसैठा बुलाया। मृतक पहुंचे तो अपराधकर्मी अपने स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी [सं० बी० आ-01०यू० 8337 के साथ पहले से मौजूद थे।,वे लोग अपनी मारुती स्वीफ्ट डिजायर में मनोज कुमार को बैठाकर चंपारण स्थित वृन्दावन ले गए। वृन्दावन में दो अन्य अपराधकर्मी लोगों के पास पहुंचे एवं सभी एकसाथ खाए पिए। खाने पीने के पश्चात सभी अपराधकर्मी गरोज कुमार को स्वीट डिजायर कार में बैठाकर नशा का इन्जेक्शन देकर बेहोश कर दिए। बेहोश करने के पश्चात वाहन में ही बेतहाशा मारपीट कर हत्या कर साक्ष्य मिटाने की मंशा से शव को सड़क के किनारे फेंक दिया गया था, जिसे पुलिस द्वारा बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में घटना का कारण प्रेम-प्रसंग में सुपारी देकर मृतक मनोज कुमार की हत्या कराए जाने की बात प्रकाश में आई है। घटना में प्रयुक्त मारूती स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी, तथा सुपारी से दिया गया पंजाब नेशनल बैंक का पांच हस्ताक्षरित ब्लैक चेक बरामद किया गया है।

रक्सौल में जल की विकट समस्या, उपसभापति ने नल-जल आपूर्ति सुचारू हेतु एसडीएम को लिखा पत्र

एक तो पानी की किल्लत और दूसरे विद्युत बिल से परेशान आम जनजीवन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शहरी क्षेत्र में भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, कई चापाकल कल सुख गए हैं तो कई नलकूप बंद पड़े हैं। दिन भर मोटर चलाने के बावजूद पानी नहीं निकल रहा है, यदि निकला भी तो आधे घंटा में मुश्किल से एक बाल्टी, रात में थोड़ी-बहुत पानी निकल रहा है। पैसे वाले लोग एक लाख से अधिक की लागत से समरसेबुल लगा रहें हैं, इस स्थिति में आम लोग काफी बेचैन है, अब ऐसे में शहर में हाहाकार मचा हुआ है। इन समस्याओं को देखते हुए रक्सौल नगर परिषद के उपसभापति पुष्पा देवी और उनके पति समाजसेवी राकेश कुशवाहा ने नल-जल आपूर्ति को सुचारू करने हेतु स्थानीय एसडीएम रविकांत सिन्हा को एक पत्र लिखा है। उक्त बाबत उन्होंने बताया की उक्त पत्र में उन्होंने उक्त समस्याओं को दशार्ते हुए लिखा है कि शहर में कई ऐसे वार्ड हैं, जो अब भी नल-जल योजना से वंचित हैं अर्थात सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना नल-जल का कार्य तो वहां हो चुका है, परंतु आज तक वहां आपूर्ति नहीं दी गई है, जबकि कुछ ऐसे वार्ड हैं, जहां आपूर्ति देने के बाद भी नल-जल की स्थिति जर्जर है। अब ऐसे में जब लोगों के सामने गंभीर जल समस्या है तो इस स्थिति में नल-जल योजना को आम आदमी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि लोग इस समस्या से थोड़ा बच सकें। गौरतलब है कि एक तो जल समस्या और दूसरी तरफ पानी के लिए ज्यादा मोटर चलाने के कारण विद्युत बिल राशि काफी अधिक आ रहा है। इस दो-तरफा मार से आम जनजीवन काफी परेशान हैं। उपसभापति की यह पहल काफी सराहनीय है।

सरोकार मंच ने रक्सौल में व्यवहार न्यायालय की मांग को लेकर भेजा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर सरोकार मंच संस्था के अध्यक्ष सेवक सौरभ नाथ ने भारत के प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय पटना के मुख्य न्यायाधीश, भारत के कानून एव न्याय मंत्रालय, बिहार सरकार के मुख्य सचिव, सचिव सह कानूनी अनुस्मारक कानून विभाग बिहार सरकार पटना, जिला एवं सत्र न्यायधीश पूर्वी चंपारण मोतिहारी तथा जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के नाम पत्र लिखा है।

पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि पूर्वी चंपारण के सभी अनुमंडल में अनुमंडल न्यायालय की स्थापना हो चुकी है तो रक्सौल अनुमंडल में अबतक क्यों नही, जबकि सबसे पहले रक्सौल में ही व्यवहार न्यायालय बनना था।

रक्सौल में व्यवहार न्यायालय के लिए अंग्रेजों द्वारा रक्सौल में बनाए गए हरदिया कोठी की लगभग 52 बीघा जमीन को सबसे उपयुक्त बताया है, जो किसी निजी व्यक्ति का नही है बल्कि बेतिया राज और कोठी का है।

पत्र में ये भी उल्लेख किया गया है कि इसके लिए मोतिहारी से जब टीम आती है तो एक जन प्रतिनिधि का भूमि और अन्य निजी भूमि का निरीक्षण कर केवल औपचारिकता पूरी कर चली जाती है।

यह सिलसिला विगत कई वर्षो से जारी है, लेकिन अबतक व्यवहार न्यायालय का निर्माण नही हुआ, जिससे रक्सौल अनुमंडल के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए इसके निर्माण को गंभीरता से लिया जाए। इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष सेवक सौरभनाथ ने बताया कि रक्सौल में व्यवहार न्यायालय नही होना अत्यंत दुर्भायपूर्ण है। इसके लिए विगत वर्ष पूर्व चंपारण के डी एम को भी ज्ञापन दिया गया था। बावजूद इसके अब तक इसकी प्रकिया प्रारंभ नही होने पर पुनः पीएम और मुख्य न्यायधीश सहित सभी संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर मांग किया गया है

रक्सौल प्रमंडल के सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से किया जाएगा आच्छादित : विधुत कार्यपालक अभियंता

स्मार्ट मीटर लगाने वाले पहले उपभोक्ता को कार्यपालक अभियंता ने पुष्प देकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार से विधुत विभाग के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया। स्मार्ट मीटर लगाने का शुभारम्भ रक्सौल विधुत प्रमंडल के विधुत अभियंता प्रदीप कुमार सुमन और सहायक विधुत अभियंता सुनील रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारीयल फोड़कर किया। रक्सौल ग्रामीण क्षेत्रों में पहला मीटर हरदिया पंचायत के गम्हरिया नहर चौक पर उपभोक्ता रामपुकार सिंह के परिसर में लगा कर किया गया। स्मार्ट मीटर लगाने वाले पहले उपभोक्ता को विधुत कार्यपालक अभियंता ने पुष्प देकर स्वागत किया। स्मार्ट मीटर के बारे में कार्यपालक विधुत अभियंता ने बताया कि नार्थ बिहार में मुजफ्फरपुर एवं मोतिहारी सर्किल अन्तर्गत्त सभी सेक्शनों में सिक्योर कम्पनी के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य दिया गया है। रक्सौल अवर प्रंडल के तीनों सेक्शन में 85240 उपभोक्ताओं के परिसर को स्मार्ट मीटर से आच्छादित करने की योजना है, जिसमे रामगढ़वा एवं सुगौली सेक्शनों में पहले से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। आज हरदिया पंचायत के गम्हरिया चौक पर मीटर लगाकर पूरे रक्सौल ग्रामीण क्षेत्रो में मीटर लगाने का शुभारंभ किया गया है। स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को अब गलत रीडिंग से छुटकारा मिल जाएगा। वही अपने परिसर के सभी खपत एवं खर्च मोबाइल पर बिहार सुगम स्मार्ट मीटर एप के माध्यम से देख सकते हैं। बिल में पैसा जमा करने के लिए उपभोक्ता को बिधुत विभाग में जाने की आवश्यकता नही है। ऑनलाइन के माध्यम से आसानी से अपना स्मार्ट मीटर रिचार्ज कर सकते है। विधुत विभाग बकयदार उपभोक्ता को राहत देते हुए 300 दिनों के आसान किस्तो में बकाया राशि जमा करने का प्रवधान किया है। मीटर लगाने से 72 घण्टे तक बिना रिचार्ज के भी विधुत आपूर्ति बहाल रहेगा। सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है। विभाग के द्वारा इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। इस मौके पर रक्सौल ग्रामीण क्षेत्र के कनीय विधुत अभियंता मनीष कुमार, सिक्योर कम्पनी के प्रतिनधि लव कुमार, इंस्टॉलर आलोक कुमार, कॉन्ट्रेक्टर आलोक श्रीवास्तव, बृजमोहन कुमार , इंस्टालर गुलशन कुमार सहित दो दर्जन से ज्यादा लोग उपस्थित थे।

55 लीटर देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

प्रता किरण संवाददाता सिकंदरा

लछुआड़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को लछुआड़ कुंडघाट मार्ग स्थित धावाटांड मोड़ के समीप से 55 लीटर देसी शराब के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लछुआड़ थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जन्मस्थान के रास्ते शराब लाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा की गयी कार्रवायी में 55 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो बाइक पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शराब के साथ बरामद दोनों बाइक को पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार किए गए शराब तस्करों की पहचान चंद्रदीप थाना क्षेत्र के इस्लामनगर गांव निवासी विकास कुमार पिता नरेश यादव, सत्येंद्र यादव पिता अर्जुन यादव एवं धर्मपुर गांव निवासी ओमप्रकाश यादव पिता जयराम यादव के रूप में की गयी। विदित हो कि जन्मस्थान के रास्ते सिकंदरा व अलीगंज प्रखंड में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी की जाती है। वहीं पुलिस की भी पैनी नजर शराब तस्करों पर बनी रहती है। लछुआड़ पुलिस के द्वारा लगातार शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवायी की जाती रही है।

90 एएनएम छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी में शुरू हुई प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पीएचसी बखरी में एएनएम स्कूल के छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल बखरी के करीब 90 छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए लगाया गया है। इस दौरान सुबह आठ से एक बजे तक द्वितीय वर्ष तथा एक से पांच बजे तक प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। जानकारी देते हुए एएनएम स्कूल बखरी के प्राचार्य श्वेता कुमारी ने बताया कि ट्रेनिंग में भाग ले रहे सभी छात्राओं को प्रैक्टिकल करवाया जा रहा है।जिसमें डायबिटीज चेक करना, इंजेक्शन देना, बीपी जांच, ऑक्सीजन जांच, ग्लूकोमीटर आदि के बारे में प्रैक्टिकल के तहत जानकारी दी जा रही है।वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बखरी एएनएम स्कूल में नामांकित छात्राओं को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि सभी एएनएम को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सके और वे प्रशिक्षण के महत्व और उद्देश्य को बेहतर तरीके से समझ सके। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने कर्तव्य का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. सिंह द्वारा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वही बीसीएम सुमन कुमार ने एएनएम स्कूल के जीवन एवं सेवा भाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उनके द्वारा छात्राओं को उज्जवल भविष्य एवं निष्ठापूर्वक चिकित्सा क्षेत्र में नर्सिंग का योगदान एवं समर्पण की भावना के बारे में बताया। कहा कि पीएचसी में कार्यरत जीएनएम निशा कुमारी के नेतृत्व में नर्सिंग के महत्व बारे में जानकारी दी जा रही है। मौके पर नर्सिंग ट्यूटर मनीषा कुमारी, पीएचसी के फार्मासिष्ट प्रभात कुमार, लैब टेक्नीशियन कमलेश कुमार, यक्ष्मा पर्यवेक्षक रंधीर कुमार, एएनएम प्रशिक्षणार्थी अनुपम कुमारी, मुस्कान कुमारी, अस्मिता कुमारी, प्रीति कुमारी, क्रांति कुमारी, स्नेहा कुमारी, निशा कुमारी, मौसम कुमारी, राखी कुमारी आदि मौजूद थे।

बगरस गांव में युवक ने गले में फंदा लगाकर की आत्महत्या

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। भगवानपुर थाना क्षेत्र के बगरस गांव में मंगलवार की रात बगरस निवासी सूचित महतो के करीब 30 वर्षीय पुत्र प्रवीण महतो द्वारा गला में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतक प्रवीण महतो की मां सुरबाला देवी ने बताया कि मेरा बेटा प्रवीण हमारा अपने सास, ससुर एवं पत्नी के साथ बाबाधाम गया था, वापस आया तो प्रवीण और उसकी पत्नी मौसम देवी अपने मंसूरचक प्रखंड स्थित हवासपुर चला गया। जब हम प्रवीण को फोन किए तो प्रवीण बोला की हम ससुराल में हैं। आज आएंगे। रात में प्रवीण आया।सुबह में देखा की वह गला में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इधर सूचना मिलते ही भगवानपुर थानाध्यक्ष प्रतोष कुमार, एएसआई महेश प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोसमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। मृतक को एक 2 वर्ष का बच्चा है। जिसे पिता के माथे से साया उठ गया। इस घटना से मृतक की मां सुरबाला देवी एवं पत्नी मौसम देवी के रो रोकर बुरा हाल बन गया है। हालांकि घटना के कारण का पता नही चल पाया है। पुलिस हर बिन्दुओं पर मामले की जांच कर रही हैं।

बिजली की चपेट में आने से 9 वर्षीय बच्ची की मौत उग्र ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मढौरा के 9 वर्षीय नंदनी कुमारी की मौत बुधवार को बिजली की चपेट में आने के कारण हो गई। इस घटना के विरोध में उग्र ग्रामीणों ने अंवेदकर पार्क के सामने मढौरा छपरा रोड को काफी देर तक जाम कर वन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के वार्ड 8 में वन विभाग का एक पौधशाला है जिसकी घेराबंदी कटीले तारों से की गई है। मृत नंदिनी की मा मुन्नी देवी के अनुसार बुधवार की सुबह नंदिनी अपनी बकरी को चराने के लिए उक्त पौधशाला के तरफ गई थी। जहां पौधशाला के कटीले तारों में प्रवाहित हो रही बिजली की चपेट में आ जाने के कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद वार्ड 8 के ग्रामीण काफी उग्र हो गए और वन विभाग के द्वारा पौधशाला की घेराबंदी किए जाने वाले कटीले तारों में विद्युत प्रवाहित किए जाने की बात से नाराज होकर अंवेदकर पार्क के सामने मढौरा छपरा रोड को काफी देर तक जाम रखा। जिससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा थानाध्यक्ष अमान अशरफ एस आई विवेक कुमार के साथ अन्य पुलिस अधिकारी,व अंचल पदाधिकारी के साथ वहां पहुंची और बाद में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरुण सिंह तथा नगर के उप मुख्यपार्षद धीरज कुमार की पहल पर उग्र ग्रामीणों को समझा बुझाकर रोड जाम को हटाया गया। जिसके बाद इस रोड पर यातायात सामान्य हो सका। रोड जाम कर रहे लोग मृतक के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा और दोषी वनकर्मी पर करवाई की मांग कर रहे थे। इस मामले में मृत बच्ची नंदिनी की मां मुन्नी देवी ने मढौरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें पौधशाला की देखरेख करने वाले वन विभाग के कर्मी राकेश कुमार को अभियुक्त बनाया गया है।

जिला में खसरा और रुबेला टीकाकरण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में स्थानीय सदर अस्पताल के एमसीएच हॉल मोतीहारी में जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वधान में खसरा और रुबेला के सफल आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीआईओ डॉ. शरतचंद्र शर्मा ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 एवं उससे से संबंधित सभी ट्रेनिंग एएनएम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य का ट्रेनिंग पूरा कर लिया गया है। सभी प्रखंडों में तुरकौलीया को छोड़कर प्रखंड टास्क फोर्स की मीटिंग बीडीओ की अध्यक्षता में हुई है। माइक्रो प्लान तैयार किया जा रहा है ।आशा द्वारा लाभुकों का यू-विन पर निबंधन किया जा रहा है। विदित हो कि कोविड वैक्सिनेशन की तरह ही अब नियमित टीकाकरण पूर्णतः रियल टाइम ऑनलाइन यू-विन पोर्टल के माध्यम से होगा, जिसमे लाभार्थी या अभिभावक का मोबाइल नम्बर आधार कार्ड से निबंधन होगा। उन्होंने बताया कि लक्ष्यित लाभुकों में 0 से 2 वर्ष के बच्चे जो किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हो, 02 से 5 वर्ष के बच्चे जो एमआर 1 एंड एमआर 2 एवं बूस्टर से वंचित रह गए हो, गर्भवती माताएं जो टिटनेस सुई से वंचित रह गई हो, जिसका आशा समूह द्वारा घर-घर सर्वे किया गया है, ताकि कोई भी बच्चा एवं गर्भवती माताएं टीकाकरण से वंचित न रह सके। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान को सफल बनाने हेतु शिक्षा, स्वस्थ, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, जीविका समूह, सामाजिक संगठन आदि आपस में समन्वय स्थापित कर शहरी एवं ग्रामीण स्तर तक व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए अभियान को सफल बनाना है।

नियमित टीकाकरण, आईएमआई 5.0 तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त 2023, द्वितीय चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर 2023, तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक। जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने अनुमंडल स्तरीय सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य अपने निर्धारित अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

सारण की बेटी रीत मयूर सिंह ने जीता मिस इको टीन इंडिया 2023 का खिताब

- 2024 में मिश्र में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले के मशरक नगर पंचायत बड़हिया टोला गांव निवासी डॉ राकेश कुमार सिंह की पुत्री रित मयूर सिंह ने राजस्थान जयपुर के आमेर में आयोजित मिस इको टीन प्रतियोगिता 2023 में विजेता घोषित हुई। रित मयूर पटना के जीडी गोयनका स्कूल में 12 वी की छात्रा है। प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों से 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनकी उम्र 14 से 19 साल के बीच थी। इस कॉम्पिटिशन का आयोजन स्टार प्रोडक्सन की तरफ से आयोजित किया गया था जिसमें कई राउंड की प्रतियोगिता में यह सफलता बिहार की माटी सारण के सुदूर मशरक की बेटी ने हासिल किया। रित मयूर सिंह प्रसिद्ध व्यवसायी बैधनाथ सिंह को पोती और डॉ राकेश कुमार सिंह व मां उषा सिंह की बेटी हैं। डॉ राकेश कुमार सिंह सिवान जिले के बसंतपुर सरकारी अस्पताल में चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं वही मां गृहणी हैं। रित मयूर सिंह अब 2024 में मिश्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वही उसके विजेता घोषित होने पर मशरक में बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह, विश्वनाथ सिंह , नगर पंचायत अध्यक्ष सोहन महतो , बहरौली मुखिया अजीत सिंह, शिक्षक संजय कुमार सिंह पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, मशरक स्टेशन रोड बाजार मालिक मोहन ओझा , पश्चिमी सरपंच बिनोद प्रसाद, कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय,डॉ चन्द्रशेखर सिंह, युवराज रूपेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह रंजन कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह , पंकज कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

छपरा में पहली बार अत्याधुनिक स्वास्थ्य जांच के लिए निःशुल्क शिविर का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर के म्युनिसिपल चैक स्थित यदुवंशी राय मल्टी स्पेलिटी अस्पताल द्वारा निशुल्क अत्याधुनिक सुविधाओं वाले स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया जाएगा। मढ़ौरा के पूर्व विधायक स्व यदुवंशी राय के पुत्र व बिहार सरकार में कला संस्कृति मंत्री जीतेंद्र कुमार राय के छोटे भाई डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान सारण आईसीयू एवं कार्डियक सेंटर के प्रथम स्थापना दिवस पर छपरा में पहली बार 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक निःशुल्क अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शिविर छपरा में पहली बार होने जा रहा रहा है। इसमें जांच के लिए , फाइब्रोस्कैन, लिबर जांच, (पीएफटी) फेफड़ा जांच, ईसीजी, हृदय जांच, (एबीपीएम), 24 घंटे या एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग, (होल्टर मॉनिटर) हृदय जांच, (बीएमडी) हड्डियों का मशीन द्वारा जांच, (न्यूरोपैथी) शुगर के मरीज का नस जांच,(एचबीए1सी) शुगर का सबसे विश्वसनीय जांच (यूरिक एसिड टेस्ट) इस टेस्ट का इस्तेमाल किडनी की पथरी, किडनी फेल्योर और गाउटी आर्थराइटिस जैसी समस्याओं का निदान करने के लिए किया जाता है। इस शिवर में निरूशुल्क जांच के बाद चिकित्सकीय परामर्श कर मुफ्त दवा वितरण किया जाएगा। शिविर में मेरे अलावा देव रक्षित डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सेंटर के संचालक डॉ रितेश कुमार रवि सहित पटना के कई चिकित्सक मौजूद रहेंगे। जिले में दो दर्जन से भी अधिक बार मेरे पिता स्व यदुवंशी राय के नाम से शिविर लगाया जा चुका है। लेकिन यह शिविर विशेष रहेगा और ग्रामीण क्षेत्र लोगों के साथ साथ शहर वासियों को बहुत ही लाभ मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

क्रियान्वित योजनाओं के साथ पारंपरिक सिंचाई आहर-पईन प्रणाली पर चर्चा

गया। षष्ठम राज्य वित्त आयोग, राजस्थान के सदस्यों द्वारा उप विकास आयुक्त गया-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गया विनोद दूहन एवं अध्यक्षा, जिला परिषद् नैना देवी की उपस्थिति में जिला परिषद्, गया में बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, गया द्वारा सदस्यों के साथ साझा की गई है।जिला अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में क्रियान्वित विकास की योजनाएँ जैसे लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत गोवर्धन बायोगैस निर्माण, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण, अपशिष्ट स्थिरीकरण, तालाब निर्माण, जल-जीवन-हरियाली अभियान अन्तर्गत आहर, पईन, तालाब एवं सार्वजनिक कुँओं का जिर्णोद्धारय चेकडैम, गारलैंड ट्रेंच, नये जल स्त्रोत जैसे खेत-पोखरी आदि का निर्माण, नया तालाब का निर्माण, जैविक खेती एवं टपकन सिंचाई के माध्यम से खेती एवं सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना, मनरेगा द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड में खेल का मैदान आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।इस बैठक के बाद सदस्यों के द्वारा जिला परिषद्, गया के ऐतिहासिक परिसर में भ्रमण किया गया एवं उसके उपरान्त जिला अन्तर्गत योजनाओं के स्थलीय अवलोकन हेतु बोधगया प्रखण्ड के बसाढ़ी पंचायत के ग्राम-बतसपुर में क्षेत्र परिभ्रमण किया गया है।इस क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान उप विकास आयुक्त, गया, जिला समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा उपस्थित थे।

गया कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण

गया कॉलेज गया में आज स्वयंसेवी संस्था ब्लेसिंग्स एवं गया कॉलेज गया के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में. ब्लेसिंग संस्था के प्रतिनिधि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य समेत शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया है इस मौके पर भारी मात्रा में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया है महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ दीपक कुमार ने कहा कि. वृक्षारोपण आज समय की मांग है बढ़ते हुए पर्यावरण के खतरे को कम करने का एकमात्र विकल्प वृक्षारोपण ही है।

मलिन बस्तियों में रहने वाले तीन सौ से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

गया।स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्र विशेषकर मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को मुहैया कराने की कवायद कर रहा है। स्लम एरिया में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है।इस क्रम में बुधवार को कटारी हिल रोड स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था पीएसआई द्वारा दूरस्थ स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ।दूरस्थ स्वास्थ्य सेवा शिविर कटारी हिल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र रामपुर भूंई टोली में किया गया है ।इस शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह तथा स्थानीय वार्ड पार्षद राजेश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया है।स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्रीय उपनिदेश डॉ नीता अग्रवाल तथा क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश कुमार ने स्वास्थ्य शिविर स्थल का दौरा करते हुए वहां आये मरीजों का हालचाल जाना है इसके साथ ही स्वास्थ्यर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए आमजन को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया है।शिविर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूण सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

कपरपुरा से 19 वर्षीय युवती का अपहरण

उचकागांव थाना क्षेत्र के कपरपुरा गांव से बाइक सवार दो युवकों ने गांव की 19 वर्षीय एक युवती का अपहरण कर लिया। घटना 13 जुलाई के शाम की है। घटना के दौरान अपहृत युवती ने पिता द्वारा बेटी की शादी के लिए जमीन बेच कर घर में रखी गई तीन लाख रुपए नगद और दो लाख रुपए मूल्य के गहने भी लेती गई है। गोपालगंज से वापस आने के क्रम में पिता ने युवती का अपहरण कर ले जाते हुए दोनों आरोपितों को भी देखा है। परंतु दोनों युवक युवती को लेकर फरार होने में सफल रहे। मामले में अपहृत युवती के पिता के आवेदन पर थाना क्षेत्र के जमसड़ी गांव के राहुल कुमार और दीपक ठाकुर के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

मुहर्रम पर्व में एसओ पी का पूरी तरह पालन करावें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। हर साल की भाती शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम पर्व मनाया जाए बुधवार को जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशिष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व, भूमि विवाद, अवैध खनन इत्यादि के संबंध में बैठक किया गया है। मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी संबंधित पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष मोहर्रम पर्व 29 एवं 30 जुलाई को मनाया जा रहा है। गया शहरी क्षेत्र से लगभग 100 से ऊपर ताजिया निकलने की संभावना है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिस तरह रामनवमी के त्योहार में विधि व्यवस्था,शांति व्यवस्था संधारण में एस ओ पी पालन किया गया था उसी प्रकार मुहर्रम पर्व में भी एस ओ पी. का पूरी तरह पालन करावे। किसी भी स्थिति में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। डीजे पर पूर्णता पाबंदी रखी गई है इसके लिए सभी थानाध्यक्ष डीजे संचालकों के साथ बैठक करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही कर ले। मुहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को ध्यान में रखते हुए सभी थाना रूट वेरीफाई कर ले,उसी रास्ते से ही जुलूस निकाला जा सके। इसके साथ ही ताजिया के ऊंचाई को भी आकलन कर लें ताकि रास्ते में बिजली तार या अन्य चीजों से टच न हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी हाल में नए रूट से जुलूस नहीं पार करवाया जाएगा पुराने जो भी सत्यापित रूट है उसे पुनः दोबारा सत्यापित करा ले। जुलूस मार्ग में पड़ने वाले सड़को के सत्यापन ल अभी से ही आकलन कर लें यदि कहीं खराब हालत में सड़क है तो उसे समय रहते समतल करवाना सुनिश्चित करें।सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र के अति संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए लगातार आसूचनाओं का संग्रहण करें एवं फ्लैग मार्च करते रहे। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ले। यदि कहीं सीसीए की आवश्यकता है तो उसका प्रस्ताव भेजे ताकि सीसीए के विरूद्ध हैवी अमाउंट का बाउंड डाउन, निरोधात्मक कार्रवाई किया जा सके। सभी वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अलर्ट एवं एक्टिव रूप में कार्य करें। सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पूर्व में घटित घटनाओं के विरुद्ध जो भी प्राथमिकी दर्ज हुई है उसके आलोक में कठोर कार्रवाई करें।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व वर्षों के लाइसेंस धारी को ही इस वर्ष लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। बिना लाइसेंस के एक भी जुलूस ना निकले इसे सभी थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करावे। किन-किन स्थानों पर वीडियो ग्राफर की आवश्यकता है, किन स्थानों पर ड्रोन की आवश्यकता है, वॉच टावर की आवश्यकता इत्यादि की सूची अविलंब उपलब्ध करा दें, जिससे संबंधित स्थानों पर व्यवस्था मुहैया कराया जा सके। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च अच्छी तरह से कर लें तथा संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर ले। आगे कहा कि संप्रदायिक घटना की संभावना के आलोक में अपने क्षेत्र में धारा 107 के अधीन निरोधात्मक कार्रवाई तेजी से करें। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने बारी-बारी से सभी अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष से अपने-अपने क्षेत्र में मोहर्रम की तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया है।अवैध खनन के संबंध में जिला पदाधिकारी ने कहा कि खनन विभाग के अपर मुख्य सचिव के अध्यक्षता में कुछ दिन पहले हुई बैठक में निर्देश दिया गया था कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्र में होने वाले अवैध खनन को रोकने हेतु निर्माण करवाये जाने वाले चेकपोस्ट की सूची उपलब्ध करावे ताकि चेकपोस्ट का निर्माण करवाया जा सके।

विधायक निधि से 5 लाख रुपये देने की घोषणा : डॉ प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर विधायक सह बिहार विरासत विकास समिति के सभापति डॉ प्रेम कुमार ने स्थानीय गांधी मैदान के सामने स्थित प्रमंडलीय पुस्तकालय पब्लिक लाइब्रेरी का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय के भवन, कक्ष, आधारभूत संरचना एवं दुर्लभ पुस्तकों का निरीक्षण कर इस बहुमूल्य धरोहर को संरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने पुस्तकालयध्यक्ष पंकज कुमार चौधरी से पुस्तकों एवं पुस्तकालय के विकास कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी ली। पुस्तकालय के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 33 लाख 53 हजार 600 रुपए की राशि भवन निर्माण विभाग को दी गई है। विधायक ने किताबों को विद्यार्थियों के सुविधा के लिए सेक्शन वाइज रखने की सलाह दी है जिससे उन्हें किताब ढूंढने में आसानी हो सके। इसके साथ ही लाइब्रेरी को मिलने वाले अनुदान के बारे में जानकारी ली गई है। वर्ष में राज सरकार के द्वारा 50,000 अनुदान प्राप्त होता है।इतनी कम राशि से पुस्तकालय का संचालन करना असंभव है। पुस्तकालय अध्यक्ष ने विधायक को पुस्तकालय की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सीमित संसाधन के कारण पुस्तकें विद्यार्थियों के पहुंच से बाहर है। विद्यार्थियों की संख्या दिन'प्रतिदिन बढ़ती जा रही है उसके मुताबिक बैठने में भी समस्या उत्पन्न हो रही है। वायरिंग भी पुराना हो चुका है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय परिसर के भाग में अलग से भवन का निर्माण कराने का सुझाव दिया है। विधायक ने पुस्तकालय के संचालन में आ रही परेशानियों को दूर करने का आश्वासन देते हुए विधायक निधि से 5 लाख रुपये की राशि पुस्तकालय के विकास संबंधी कार्यों पर देने की घोषणा कीहै।

गोपालगंज में 480 ग्राम स्मैक व ब्राउन सुगर के साथ दो गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के कुचायकोट थाने के जलालपुर रोड के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने 450 ग्राम स्मैक व 50 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मांझा थाने के मधसरेया गांव के दिलीप राम और मांझा पुरानी बाजार के नीतीश कुमार बताए गए है। पुलिस गिरफ्तार धंधेबाजों से पूछताछ करने में जुट गयी है। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जलालपुर रोड के समीप उत्पाद विभाग की टीम यूपी से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों की तालाशी ली गयी तो उनके पास से 450 ग्राम स्मैक व 50 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया गया। जिसकी बाजार में किमत लाखों रुपएं बतायी जा रही है। उन्होने बातया कि गिरफ्तार तस्करों व जप्त नशीले पदार्थ को कुचायकोट थाने को सौंप दिय गया है। वही इस संबध में प्रशिक्षु डीएसपी सह कुचायकोट थानाध्यक्ष साक्षी राय ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कारवाई करने में जुट गयी है।

भारतीय नौसेना ने सशस्त्र बलों में युवाओं की अधिक भागीदारी के लिए आउटरीच कार्यक्रम किया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारतीय नौसेना की पहल को प्रोत्साहित करने के अनुरूप मुख्यालय पूर्वी के तत्वावधान में सी कॉन्शसनेस, नौसेना डॉकयार्ड विशाखापत्तनम नौसेना कमान ने गया ग्रुप एनसीसी मुख्यालय के तहत 6 बिहार बटालियन एनसीसी के देखरेख में डीएवी कैंट सभागार में लगभग 400 एनसीसी कैडेट्स,सीडीटीएस और स्कूली बच्चों के लिए आउटरीच पीजीएमई कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा सेवाओं में गया (बिहार) के युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाना, राष्ट्र निर्माण को मजबूत करना और क्षेत्र में समुद्री चेतना को बढ़ावा देना है।रमौके पर 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने बताया कि उपस्थित लोगों द्वारा बहुत उत्साह और रुचि प्रदर्शित की गई।एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों ने बातचीत के दौरान गहरी रूचि दिखाई और भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए काफी प्रेरित हुए भारतीय नौसेना द्वारा अपने लोगों तक पहुंचने के लिए इस तरह के और कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक ग्रुप कमांडर कर्नल पीके त्रिपाठी ने अगले चरण के कार्यक्रमों को हरी झंडी दिखाकर जमशेदपुर के लिए रवाना किया।इस मौके पर ट्रेनिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल डी अजीत कुमार , डीएवी कैंट स्कूल की प्राचार्य अंजलि, एनओ बीएन तिवारी, सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, हवलदार सुरेंद्र एवं गोपीनाथ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मुहर्रम को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान। दरौंदा थाना में शनिवार को मुहर्रम त्यौहार को लेकर सीओ एवं थाना अध्यक्ष ने बुधवार को जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया. थाना अध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि मुहर्रम आगामी 29 जुलाई को दरौंदा प्रखंड में मनाया जायगा. जिसको शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए एक बैठक किया गया. जिसका अध्यक्षता बीडीओ सूर्यप्रताप सिंह सेंगर एवं सीओ नें किया. बैठक में सभी ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों को त्यौहार कों आपसी भाई चारा के साथ मनाने का अपील किया. थाना अध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि मुहर्रम त्यौहार पर जुलूस निकालने वाले लोगों को 25 जुलाई तक थाने से लिखित आवेदन देकर अनुमति लेना अनिवार्य है. त्यौहार के अवसर पर जो लोग हल्ला हंगामा अशांति फैलाने का प्रयास करेंगे उन पर विभाग द्वारा जांच कर कारवाई की जाएगी. प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि सभी त्यौहार के भांति इस त्यौहार को भी क्षेत्र के लोग मेल मिलाप के साथ मनाएं. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, अंचल अधिकारी दीनानाथ कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार सिंह, जदयू नेता विजय प्रसाद वर्मा, छोटे सिंह, अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग संघ के प्रदेश महासचिव दिलावर तारीख, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनंत तिवारी, बच्चा तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे.

श्रीपुर में किसान के घर का ताला तोड़ नगद सहित पाँच लाख की चोरी

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

श्रीपुर ओपी क्षेत्र के गणेश डूमर गांव में एक किसान के घर का ताला तोड़कर बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने नगद सहित पांच लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर लिया। इस चोरी की जानकारी पीड़ित किसान को बुधवार की अहले सुबह नींद टूटने के बाद हुई। चोरी की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। आसपास के ग्रामीणों ने चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रीपुर ओपी अध्यक्ष अशोक कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ पहुंचकर घंटों जांच-पड़ताल करने के बाद पीड़ित किसान से चोरी की जानकारी लिया। इस चोरी से पीड़ित किसान के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पीड़ित किसान व गणेश डूमर गांव के निवासी बिनेश्वर मांझी ने बताया कि मैं एक छोटा सा किसान हूं दूसरे धनाढ्य व्यक्तियों के खेतों में दिन-रात कार्य करता हूं। मैं और मेरी पत्नी अपनी बेटी के विवाह के लिए एक साल पहले से ही कपड़ा, जेवरात, पेटी, सूटकेस सहित अन्य सामग्री बहुत ही अरमानों से खरीद कर अपने घरों में रखा था। इसी बीच मंगलवार के पूरे दिन दूसरे किसानों के खेतों में दिन भर काम करने के बाद रात को भोजन बनाया और हम दोनों पति पत्नी सो गए। मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर जिंदगी भर की कमाई एवं जेवरात कपड़ा पेटी सहित अन्य सारी सामग्री चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने कहां की गुरुवार को मेरा पेशाब के थैली में पथरी का ऑपरेशन कराना था। जिसके लिए मैं कर्ज के रूप में 35 हजार रुपए लिया था। जिस अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित किसान इस बात को कहते ही दहाड़ मार कर रोने लगा। किसान ने कहा कि अब मैं कैसे अपनी बिटिया का शादी करूंगा और कैसे मैं अपने बीमारी का ऑपरेशन करा पाऊंगा। इस मामले में श्रीपुर ओपी अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पीड़ित किसान के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई है। उन्होंने कहा कि अति शीघ्र ही चोरी का उद्भेदन पुलिस कर लेगी।

फुलवरिया में आरएसएस का गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन

भाजपा नेताओं ने राष्ट्र की सेवा करना बताया अपना पहला कर्तव्य

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

फुलवरिया प्रखंड के बथुआ स्थित भाजपा के हथुआ विधानसभा संयोजक डॉ संजय कुमार मिश्र के आवास के परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने भगवा ध्वज को गुरु मानकर सभी ने सादर नमन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार जी एवं परम पूजनीय माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बौद्धिक जिला प्रचारक सुनील प्रसाद एवं ठाकुर प्रसाद ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश राष्ट्र की सेवा करना है और लोगों की निस्वार्थ सेवा करना ही हम सबो का परम कर्तव्य है। भाजपा नेता संजय मिश्र ने कहा कि सच्चा संघी कार्यकर्ता वह हैं जो अपने हृदय में राष्ट्रप्रेम के साथ समाज प्रेम करते हुए निस्वार्थ निश्चल भाव से लोगों की सेवा करते हैं। हमें संघ के नियम अनुसार निर्बल असहाय दीन दुखियों एवं समाज से सभी सबसे पिछड़ा वर्ग की सेवा करना हमारा प्रथम धर्म है। इतना ही नहीं कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता चंद्रमोहन राय, धर्मेंद्र शर्मा, राजेश सिंह, कमलेश साह, अजय पांडेय तथा प्रमोद जायसवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं के द्वारा गुरु दक्षिणा देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद, पवन गुप्ता, पशुपति पटेल, धीरज राय, सुमित राय, छठु प्रसाद, विश्वनाथ पासवान, डॉक्टर ए के साहू, सुग्रीव प्रसाद, अनिल साह, वशिष्ट मिश्रा, बंटी प्रसाद बरनवाल, संदीप सिंह, रूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू बाबू, जितेंद्र जयसवाल, अजय गुप्ता तथा धनंजय चैरसिया के अलावे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

थावे में विवादित दुकान को प्रशासन ने किया सील

थावे प्रात : किरण संवाददाता

थावे थाना क्षेत्र के विदेशी टोला पंचायत के थावे बाजार में दो पक्षो के विवाद बुधवार को पुनः शुरू हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही काफी संख्या में पुलिस बल के साथ ही महिला पुलिस थावे बाजार मे पहुचकर मामले को शांत कराया। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि विवादित दुकान को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को दुकान बंद करा दिया गया था। बुधवार की सुबह बन्द दुकान को किराएदार दुकानदार कुँवर प्रसाद दुकान खोलने लगे। उसी दौरान दुकान खोलने को लेकर दूसरे पक्ष के मकान मालिक चिन्ता देवी के परिवार के साथ झगड़ा शुरू हो गया। इसके साथ ही दूसरे पक्ष के लोग दुकान खाली कराने के लिए दुकान का सामान बाहर फेकने लगे। दुकान का सारा समान बाहर फेक दिए। उन्होंने बताया कि बाहर फेके गए सामान को दुकान में रखकर सीओ धीरज कुमार पांडेय के सामने दुकान को सील कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों पक्षो के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बाहरी तत्वों को चिंहित कर निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी। विवादित दुकान के पास पुलिस की चैकसी बढ़ा दी गई है। दोनो पक्षो पर विशेष नजर रखी जा रही है। घटना स्थल पर एसआई सुलेन्द्र नारायण सिंह, धीरेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, प्रशांत कुमार, एएसआई पंकज कुमार, सुनील कुमार यादव व महावीर उरांव आदि काफी संख्या में पुलिस बल मामले को शांत कराने में लगे हुए थे। विदित हो कि विदेशीटोला गांव के मकान मालिक चिन्ता देवी ने रविवार को थाना में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी में चिंता देवी ने आरोप लगाई है कि मेरे मकान में रहने वाले किरायेदार कुँवर प्रसाद आदि द्वारा किराया नही देने व मांगने पर जान माल की धमकी देते है।जिसको लेकर चिंता देवी ने थाने में कुँवर प्रसाद सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

आशा कर्मियों नें विभिन्न मांगो कों लेकर किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

सिवान। दरौंदा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर आशा कर्मियों नें विभिन्न मांगो कों लेकर धरना प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान आशा कर्मियों ने बताया कि सरकार ने ही मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी 343 तय कर रखा है. लेकिन हम आशाओं को बिहार सरकार द्वारा बहुत ही कम भुगतान किया जाता है. हम लोगों को ना ही राज्य कर्मी का दर्जा मिला है और ना ही मानदेय समय से मिलता है. आशा कर्मियों ने कहा हम लोग सरकार से मांग करते है की सरकार राज्यकर्मी का दर्जा देतें हुए दस हजार प्रत्येक माह मानदेय दिया जाय. ड्रेस मे साड़ी के पैसा के साथ ब्लाउज पेटीकोट का भी सरकार पैसा दें. सरकार यदि हमलोगो के मांग को नहीं मानती है तो अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे. बता दें की आशा कर्मियों नें 12 जुलाई से अपने मांग को लेकर हड़ताल कर दिया है.आशा कर्मियों के हड़ताल के समर्थन करते हुए माले नेता जयशंकर पंडित नें कहा कि आशा दीदी का मांग जायज है. सरकार आशा कर्मियों के साथ भेद भाव कर रही है. माले नेता नें बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री छोटे कर्मचारियों पर ध्यान नहीं दें रहें है. लगतार एक सप्ताह से दरौंदा समेत पूरे प्रदेश के आशा कर्मी धरना प्रदर्शन कर रही हैं. अगर सरकार इनकी मांग पूरी नहीं करती है तो आशा के साथ भाकपा माले भी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएगा स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ हरिशंकर सिंह नें बताया कि हड़ताल करने से अस्पताल का ओपीडी सेवा, टीकाकरण सेवा, परिवार नियोजन के तहत पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण इत्यादि का कार्य ठप हो गया है. अस्पताल मे केवल इमरजेंसी सेवा चल रहा है.

नगर वासियों के लिए बड़ी सौगात, मेयर करेंगी 30 सड़क एवं नाला का उद्घाटन

फुलवरिया प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा नगर निगम वासियों के लिए मेयर राखी गुप्ता के द्वारा 30 रोड और नाला का उद्घाटन 20 जुलाई को किया जायेगा। इन सड़क और नाला के अलावे को वार्डों के अन्य रोड और नाला के निर्माण कार्य चल रहा है। मेयर राखी गुप्ता ने कहा कि वार्ड की इन सड़कों एवं नालों का उद्घाटन किया जायेगा। इन सभी के अलावे छपरा नगर निगम के ज्यादा जल जमाव के वाले इलाकों को चिन्हित कर टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। स्ट्रीट लाइट की समस्या भी जल्द सुधार की जाएगी। छपरा नगर निगम वार्ड नंबर 31 में मोहम्मद नौशाद के घर से नूर बाबू के घर तक, वार्ड संख्या 33 में सुनील जी के मकान से राजेंद्र सिंह के मकान तक, वार्ड संख्या 33 में शंभू नाथ ओझा जी के घर से विक्की के घर होते हुए अशोक जी के घर तक, वार्ड संख्या 33 में विजय कुमार गुप्ता जी के घर से राजकुमार चैधरी जी के मकान होते हुए सुरेश चैधरी जी के मकान तक, वार्ड संख्या 40 में स्वर्गीय हीरालाल राय के घर से पीछे से चितावर राय के घर एवं राजेंद्र सिंह के घर से प्रभु राय तक, वार्ड संख्या 40 में भोला राय के घर से रामेश्वर राय के घर होते हुए रामभरोसा राय के घर तक एवं दहावी महतो से हरे राम महतो के घर तक, वार्ड संख्या 35 में विजय प्रसाद के घर से वीरेंद्र पेंटर के घर तक, वार्ड संख्या 35 में शत्रुघ्न शर्मा के घर से महतो जी के घर तक, वार्ड संख्या 26 में साधु बाबा के दुकान होते हुए पिंटू जी के घर तक मुखर्जी कॉलोनी सोना लाल जी के मकान होते हुए दुबे रंजीत सिंह के घर तक, वार्ड संख्या 26 में सहारा इलेक्ट्रिक की दुकान होते हुए बाबू साहेब के मकान तक, वार्ड संख्या 31 में मंजर इमाम साहब के घर से साहब के घर तक, वार्ड संख्या 33 में दीनानाथ जी के घर होते हुए अमरनाथ जी ध्रुव वाले के घर होते हुए ओमप्रकाश जी के घर तक, वार्ड संख्या 33 में मुकेश जी के घर से अशोक जी के घर होते हुए राजू जी के घर के आगे राय जी के घर तक, वार्ड संख्या 33 में सुनील जी के घर से श्याम बाबू की दुकान होते हुए संतोष मेडिकल दुकान तक के सड़क एवं नाला का उद्घाटन किया जायेगा।

थावे जंक्शन पर 45 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

थावे प्रात : किरण संवाददाता

थावे जंक्शन पर प्लेट फार्म नबर एक पर खड़ी सवारी गाड़ी संख्या 15190 गोरखपुर थावे ट्रेन से उतरकर जीआरपी को देख एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पीछा कर जीआरपी ने पकड़ लिया।जिसकी तलाशी लेने पर युवक के शरीर में सेलो टेप से चपिकाया हुआ 45 बोतल बंटी बबली देशी शराब के साथ जीआरपी ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी प्रभारी जय विष्णु राम ने बताया की गिरफ्तार शराब कारोबारी सीवान जिला के बसंतपुर थाने के मोलनापुर गांव के विजय कुमार बताया जा रहा है। जिस पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सम्पादकीय

सीमा पाकिस्तान की जासूस !

पाकिस्तान से अवैध तरीके से भारत में आई सीमा हैदर और उसके कथित पति सचिन मीणा को हिरासत में ले लिया गया है। यह गिरफ्तारी नहीं है। यह कार्रवाई उप्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की है, क्योंकि उसके कुछ प्राथमिक संदेह हैं, लिहाजा वह गहन सवाल-जवाब करना चाहता है। एटीएस के संदेह आतंकवाद से जुड़े हुए नहीं हैं, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीमा को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट या जासूस मान कर चल रहे हैं। इन संदेहों के कई बुनियादी कारण भी हैं। मसलन-पाकिस्तान की 27 वर्षीय सीमा अपने चार नाबालिग और छोटे-छोटे बच्चों समेत पहले शारजाह गई, वहां से नेपाल कैसे आई और अंततः भारत में कैसे घुसी? सरहद पर बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने उसे क्यों नहीं पकड़ा? उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। सीमा के पास 4 मोबाइल फोन, 3 फर्जी पहचान-पत्र, 4 जन्म प्रमाण-पत्र, 4 पासपोर्ट बच्चों के, 2 पासपोर्ट खुद सीमा के और 5 वेक्सीनेशन सर्टिफिकेट आदि दस्तावेज कहां से आए, उसने क्यों बनवाए अथवा किसने उसकी मदद की? यदि वह सामान्य औरत है और इश्क में डूबी है, तो उसे इतने दस्तावेजों की जरूरत ही क्या थी? इन सवालों के अलावा, एटीएस, पुलिस, गुप्तचर ब्यूरो सरीखी जांच एजेंसियों के सामने यह अहम सवाल भी है कि सीमा को उप्र के ग्रेटर नोएडा आने के बाद पाकिस्तान में 30 से अधिक हिंदू औरतें क्यों लापता कर दी गई हैं और वे कहां हैं? पाकिस्तान की हुकूमत स्पष्ट करे। कराची के हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला क्यों किया गया है? वैसे पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले होते रहे हैं। उन्हें धर्मांतरण के लिए भी विवश किया जाता रहा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि पाकिस्तान में हिंदू औरतों को मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

कुछ नकाबपोश हाथों में हथियार लेकर यह धमकी भी दे रहे हैं कि यदि सीमा हैदर को पाकिस्तान वापस भेजा गया, तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। सवालिया यह भी है कि उन बदमाशों ने बाकायदा वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया है। कुछ लोग बेवफा सीमा को सरेआम चौराहे पर फांसी देने की भी मांग कर रहे हैं। उसका सार्वजनिक और सामाजिक चरित्र-हनन भी किया जा रहा है। इन धमकियों की प्रतिक्रिया में भारत के कुछ हिंदूवादी संगठनों ने सरकार को चेता दिया है कि यदि 72 घंटों में सीमा को सीमापार नहीं भेजा गया, तो फिर आंदोलन छेड़ा जाएगा। बेशक यह मुहब्बत की ऐसी दास्तां हो सकती है, जिसने सरहदों की परवाह नहीं की, लेकिन उसकी खातिर राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. विक्रम सिंह का मानना है कि आज एक सीमा और 4 बच्चे अवैध तरीके से भारत में घुसे हैं। कल 50 सीमाएं और सैकड़ों बच्चे देश में घुसपैठ कर सकते हैं। यह अपराध का मामला है, भावुक होने की जरूरत नहीं है। कल बच्चों के मानवाधिकार का मुद्दा वैश्विक स्तर पर उठाया जा सकता है। उसका जवाब देने में भारत सरकार सक्षम है। हम बांग्लादेश और म्यांमार से जारी अवैध घुसपैठ को रोक नहीं पाए हैं। सीमापार और पाकपरस्त आतंकवाद भी घुसपैठ के जरिए चलाया जा रहा है। यदि एक और समस्या पाल लेंगे, तो देश के लिए खतरनाक हो सकता है। दरअसल एटीएस और आईबी की जांच-पड़ताल का फोकस यह है कि क्या सीमा आईएसआई की जासूस है? वह सिर्फ 5वीं पास है, लेकिन अंग्रेजी भाषा को बखूबी जानती, समझती और बोल लेती है। उसने यह प्रशिक्षण कहां और कब हासिल किया? एजेंसियां पाकिस्तान से भारत में आने का रूट भी खंगालना चाहती हैं। सीमा के मददगारों तक पहुंचने की कोशिश करना चाहती हैं। सीमा और सचिन के संबंधों की पृष्ठभूमि और हकीकत तक भी पहुंचना चाहती हैं। सीमा अब ग्रेटर नोएडा में हिंदू बनकर सचिन के घर में रह रही है। बहरहाल सच तक पहुंचना तो जरूरी है।

और भी सीमाएं पिघल सकती हैं प्यार में

प्रो. सुरेश शर्मा

दुनिया के सोशल मीडिया में सीमा-सचिन की संदेहास्पद प्रेम कहानी इस समय पूरी तरह से छा चुकी है। जहां पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के रिश्तों को अभी लम्बे समय तक पटरी पर आने की कल्पना भी नहीं की जा सकती, वहीं पर कराची (पाकिस्तान) की सीमा हैदर को अपने सत्ताईसवें वर्ष में चार बच्चे पैदा करने के बाद भारतवर्ष के ग्रेटर नोएडा में रहने वाले सचिन से प्रेम पैदा हो गया। तीन साल से सचिन मीणा के सम्पर्क में रहने वाली सीमा को सचिन से पबजी का खेल खेलते-खेलते प्रेम अब जिंदगी का खेल बन चुका है। सीमा अपने चार बच्चों सहित नेपाल के रास्ते अपने प्रेमी सचिन के साथ जन्म-जन्म के बन्धन में बंधने को भारत पहुंच गई। इलैक्ट्रोनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में सीमा हैदर को जो शोहरत मिली है उसे बयान नहीं किया जा सकता। पत्रकार इस विवादास्पद प्रेमी जोड़े को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं या फिर अपनी कलम से इस अनोखी प्रेम कथा को अपने शब्द मणिरत्नों से मानों अमरत्व प्रदान करना चाहते हों। भारत तथा पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों की कड़वाहट एवं खटास के बीच सीमा-सचिन के प्रेम सम्बन्ध ने दुनिया में हलचल मचा दी है। हर पत्रकार, समाचार पत्र, टीवी चैनल सीमा-सचिन की प्रेम कहानी की परतें खोलना चाहता है। बिना वीजा के अपने तथा चार बच्चों के परिचय पत्र, चार मोबाइल सहित भारत आने वाली सीमा नेपाल में शादी कर अब पूरी तरह से भारतीय सचिन के रंग में रंग चुकी है तथा अब वह कोर्ट मैरिज करना चाहती है। विशुद्ध भारतीय परिधान, भाषा, बेबाक अंदाज, टैक्नोलॉजी में कुशल सीमा बातचीत से सबको प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सीमा के बच्चे स्वच्छंद तथा उन्मुक्त भाव से ग्रेटर नोएडा में हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। सीमा हैदर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हमेशा के लिए भारत में रहने की गुहार लगा रही है। सीमा का कहना है कि अब वह किसी भी हालत में पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। वह भारत में ही मरना पसन्द करेगी। वह अब सचिन की ठकुराईन बन चुकी है। अब वह गंगा में डुबकी लगाकर पवित्र होकर विधि-विधान से हिंदू धर्म अपनाएगी तथा मटन, चिकन और बिरयानी छोड़ कर अब शाकाहारी भोजन किया करेगी। सीमा हैदर कहती है कि अगर उसे पाकिस्तान भेजा गया तो उसे लोग पत्थर मारकर खत्म कर देंगे। उसकी टांगें तथा बाजुएं काट कर उसकी नृशंस हत्या कर देंगे। उधर सीमा का पूर्व पति गुलाम हैदर भारत सरकार से अपनी पत्नी तथा बच्चों को वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहा है। सीमा के नए पति सचिन अपनी पत्नी सीमा तथा चार बच्चों को पाकर बहुत खुश हैं। सचिन के माता-पिता तथा रिश्तेदार सीमा को स्वीकार कर आशीर्वाद दे रहे हैं। सीमा के चारों बच्चे हिन्दुस्तान में आकर बहुत खुश हैं। अब उनके मुस्लिम नाम हिन्दू बच्चों के नाम में परिवर्तित हो गए हैं। सीमा सचिन उर्फ सीमा हैदर ने अब पूरी तरह से तय कर लिया है कि अब वे किसी भी सूरत में पाकिस्तान नहीं जाएंगी। चाहे वह जहर खा लेगी या फिर गला काट लेंगी। मान न मान, मैं तेरा मेहमान बन चुकी सीमा गला काटने की धमकी देकर भारत के गले में पड़ चुकी है। सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया में सीमा और सचिन की अनोखी प्रेम कहानी एक अनसुलझी पहेली बन चुकी है। मीडिया के सभी चैनलों को पूछताछ तथा मीडिया ट्रायल करने का ऐसा अवसर तथा उत्सव बन चुका है जैसे पूरे हिन्दुस्तान की सभी समस्याएं समाप्त हो चुकी हैं। अनेकों संचार माध्यम, टीवी एंकर एवं पत्रकार मजाक बना चुके हैं।

हालांकि इस मामले में कानून तथा सम्बन्धित एजेंसियां अपना काम करेंगी। मात्र दो लोगों की भावानात्मक, संदेहास्पद या मनघड़ंत प्रेम कहानी की कीमत पर देश को ताक पर नहीं रखा जा सकता। पहले ही 1947 के विभाजन से पाकिस्तानी शरणार्थी, वर्ष 1959 में तिब्बती शरणार्थी, 1960 में बांग्लादेश से चकमा और हाजौंग शरणार्थी, 1965 तथा 1971 के बांग्लादेशी शरणार्थी, 1980 के दशक में श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी तथा अब हाल ही में म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों से भारतवर्ष भरा पड़ा है। काफी संख्या में अवैध रूप से नेपाली मजदूर वर्ग यहां पर अपना जीवन यापन कर रहा है। वास्तव में ये घुसपैठिए, अप्रवासी तथा शरणार्थी बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में भारत आते हैं तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों के अधिकारों पर डाका डालते हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि किस-किस को शरण देता रहेगा यह हिन्दुस्तान? वर्तमान में अवैध रूप से रहने वाले इन शरणार्थियों तथा अप्रवासियों के प्रवास से हिन्दुस्तानियों का उत्पीड ही हुआ है। इन शरणार्थियों तथा प्रवासियों के प्रवास से विभिन्न राज्यों में वहां के स्थानीय लोगों पर हिंसात्मक हमले हुए हैं। लड़ाई-झगड़े तथा पुलिस केस होना तो आम बात हो गई है। ह्यवसुधैव कुटुंबकम्ह्न की विचारधारा में विश्वास रखने वाला भारत एक धर्मशाला तथा शरणालय बन चुका है। भारतीय कानूनविदों तथा सुरक्षा एजेंसियों को इस अजीबोगरीब प्रेम कहानी के संदर्भ में बहुत से अनसुलझे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास करना होगा। सीमा हैदर कैसे बिना वीजा के नेपाल के रास्ते भारत में दाखिल हुई? उसके इरादे क्या हैं? सीमा हैदर तथा उसके चार बच्चों के पासपोर्ट कैसे बने? उसके परिचय पत्र कैसे बने?

राजस्थान में बदलेगा सत्ता बदलने का रिवाज

चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के कारण कांग्रेस पार्टी को सत्ता विरोधी माहौल का भी सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा की सरकार बनती है। ऐसे में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को आशा है कि राज बदलने की परंपरा को कायम रखते हुए प्रदेश में उनकी सरकार बने। मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस रिवाज को बदलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। गहलोत चाहते हैं कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर हर बार सरकार बदलने के रिवाज को समाप्त किया जाए। इसके लिए गहलोत लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं। अशोक गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने आवास से ही वर्चुअल माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

राजस्थान विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं। चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के कारण कांग्रेस पार्टी को सत्ता विरोधी माहौल का भी सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा की सरकार बनती है। ऐसे में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को आशा है कि राज बदलने की परंपरा को कायम रखते हुए प्रदेश में उनकी सरकार बने। मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस रिवाज को बदलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

गहलोत चाहते हैं कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर हर बार सरकार बदलने के रिवाज को समाप्त किया जाए। इसके लिए गहलोत लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं। अशोक गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने आवास से ही वर्चुअल माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं।

2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तथा रामेश्वर डूडी नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय कांग्रेस के पास मात्र 21 विधानसभा सीटें ही थी। तब वसुंधरा राजे भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थी। भाजपा के पास 163 विधानसभा सीटें थी। लेकिन राज बदलने का रिवाज व वसुंधरा राजे के खिलाफ आम जनता में पनपी सत्ता विरोधी लहर के चलते कांग्रेस 100 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। जबकि भाजपा मात्र 73 सीटों पर ही सिमट गई थी।

तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनवाया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों का कांग्रेस में विलय करवा कर विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बना दी थी। वर्तमान में गहलोत सरकार को माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो, राष्ट्रीय लोक दल का एक व 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। वहीं भाजपा विधायको की संख्या 73 से घटकर 70 पर आ गई है।

हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी 2020 में अपने ही उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की बगावत का सामना करना पड़ा था। सरकार बचाने के लिए गहलोत ने महीनों तक विधायकों को बाड़ेबंदी में रखा था। कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद सचिन पायलट ने अपना विद्रोह समाप्त कर कांग्रेस की मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। हाल ही में कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में एक बड़ी बैठक कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट को आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने का मंत्र दिया है। आलाकमान से हुई बैठक के बाद दोनों ही नेता एकजुटता से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले एक साल से प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले बजट में प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की थी। जिनका क्रियान्वयन भी प्रारंभ हो गया है। पिछले तीन महीने तक राज्य सरकार ने गांव-गांव में महंगाई राहत कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाया है। उन कैंपों के माध्यम से सरकार ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आम आदमी को अवगत करवाया है। महंगाई राहत कैंपों के आयोजन से सरकार की छवि में काफी सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने 60 साल से अधिक उम्र के वृद्धजन, विधवा महिलाओं, विकलांगों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को भी बढ़ाकर न्यूनतम एक हजार प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही अनाथ बालिकाओं को पढ़ाई के लिये प्रतिमाह मिलने वाली राशि भी बढ़ाकर दोगुनी से अधिक कर दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में करीबन 76 लाख उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को 500 रूपैये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं मिल रहा है। प्रदेश में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली प्रतिमाह तथा कृषि उपभोक्ताओं को दो हजार यूनिट बिजली प्रतिमाह निशुल्क उपलब्ध करवायी जा रही है। राजस्थान की सीमा में यात्रा करने वाली महिलाओं को सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत किराए में छूट दी जा रही है। स्कूलों व कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं, विधवा व एकल रहने वाली महिलाओं को शीघ्र ही सरकार की तरफ से मोबाइल हैंडसेट प्रदान किए जाएंगे। जिनमें तीन साल तक इंटरनेट का डाटा भी फ्री मिलेगा। इसके अलावा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में फिर से शामिल किए जाने से आम लोगों के साथ ही कर्मचारी वर्ग में भी गहलोत सरकार के प्रति सकारात्मक माहौल नजर आ रहा है। 2004 से देशभर में पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया था। उसके बाद से ही कर्मचारी वर्ग पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते आ रहे थे। मगर किसी भी सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत देश भर में पहले नेता है जिन्होंने राजस्थान सरकार के कर्मचारियों को फिर से पुरानी पेंशन देने की शुरूआत की है।

संगठन की दृष्टि से भी राजस्थान में कांग्रेस कमेटी का नए सिरे से गठन कर दिया गया है। सभी जिला, नगर, ब्लाक व मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी लगातार जिलों का दौरा कर कांग्रेस कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। हाल ही में जयपुर में कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। जिसमें सभी पदाधिकारियों को पूरी सक्रियता से क्षेत्र में काम करने के लिए कहा गया है। हालांकि पिछले वर्ष सितंबर में कांग्रेस आलाकमान द्वारा कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाने के लिए भेजे गए पर्यवेक्षकों प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन व मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में विधायक दल की मीटिंग का बहिष्कार करवाने वाले कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ पर पार्टी आलाकमान ने कोई कार्यवाही नहीं की है। उल्टे शांति धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल को संगठन में प्रदेश महासचिव बना दिया गया है। इससे पार्टी कार्यकताओं में गलत संदेश जा रहा है। पार्टी से जुड़े लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दबाव में पार्टी आलाकमान पार्टी से बगावत करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से कतरा रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव की जो तैयारियां की है उसको देखकर लगता है कि चुनाव की पूरी कमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में होगी तथा वही पार्टी का चेहरा भी होंगे। पार्टी आलाकमान के समझाने पर सचिन पायलट मुख्यमंत्री गहलोत के साथ काम करने को तो तैयार हो गए हैं। मगर गहलोत पायलट को अपने साथ कितना जोड़े रख पाते हैं इसका पता तो आने वाले समय में ही लगेगा। फिलहाल तो कांग्रेस अपनी योजनाओं के बल पर जीत के सुनहरे सपने देख रही है। वही पार्टी से जुड़े जमीनी स्तर के कार्यकर्ता आज भी नेताओं की बेरुखी के चलते नाराज नजर आ रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा चुनाव जीतने के तो बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। मगर पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में उनके उपमुख्यमंत्री रहते कांग्रेस पार्टी की जो दुर्गति हुई थी उसकी चर्चा वह कभी नहीं करते हैं। अपने बड़बोले बयानों से रंधावा चुनाव तक पार्टी नेताओं को कितना एकजुट रख पाते हैं। इसका पता तो चुनावी नतीजों के बाद ही चल पाएगा।

भ्रष्टाचार को उजागर करते बाढ़ के बाद के दृश्य

शासन प्रशासन इन चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करने की कोशिश कर रहा है। कई जगह जहां बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी सरकारी तंत्रों ने अपने मेहनतकश कर्मचारियों के दिन रात किये गए अथक परिश्रम से विद्युत आपूर्ति को बहाल किया। जहाँ जहाँ जलापूर्ति प्रभावित थी या गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी उसे भी अधिकांश जगहों पर सामान्य किया जा चुका है। और जहाँ नहीं हो सकी है उसके लिये प्रयास जारी हैं। सरकार द्वारा पेय जल प्रदूषित होने के कारण फैलने वाली बीमारी से बचाव के मद्देनजर कई जगहों पर नागरिकों में दवाइयां वितरित करवाने की कोशिश की जा रही है। निचले इलाकों में ठहरे हुये पानी से सड़ांध फैली हुई है इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तमाम स्थानों से मवेशियों के मरने व सड़ने की खबरें आ रही हैं। इनसे निपटना भी एक बड़ी चुनौती है। जहाँ जहाँ अंडर पास ओवर फ्लो हो गये थे वे भी अब खाली हो चुके हैं उनमें जमी गाद भी साफ की जा चुकी है। और जहाँ अंडर पास में डूबने से कोई मर गया था वहां सरकार ने चेतावनी के बोर्ड लगवा दिये हैं।

निर्मल रानी
स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार

प्रकृति ने पिछले दिनों हुई बेतहाशा बारिश पर लगाम लगा तो जरूर दी है परन्तु बाढ़ व जल प्रलय की विभीषिका के बाद के भयावह दृश्य व उनके दुष्प्रभाव सामने आने शुरू हो चुके हैं। शासन प्रशासन इन चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करने की कोशिश कर रहा है। कई जगह जहां बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी सरकारी तंत्रों ने अपने मेहनतकश कर्मचारियों के दिन रात किये गए अथक परिश्रम से विद्युत आपूर्ति को बहाल किया। जहाँ जहाँ जलापूर्ति प्रभावित थी या गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी उसे भी अधिकांश जगहों पर सामान्य किया जा चुका है। और जहाँ नहीं हो सकी है उसके लिये प्रयास जारी हैं। सरकार द्वारा पेय जल प्रदूषित होने के कारण फैलने वाली बीमारी से बचाव के मद्देनजर कई जगहों पर नागरिकों में दवाइयां वितरित करवाने की कोशिश की जा रही है। निचले इलाकों में ठहरे हुये पानी से सड़ांध फैली हुई है इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तमाम स्थानों से मवेशियों के मरने व सड़ने की खबरें आ रही हैं। इनसे निपटना भी एक बड़ी चुनौती है। जहाँ जहाँ अंडर पास ओवर फ़्लो हो गये थे वे भी अब खाली हो चुके हैं उनमें जमी गाद भी साफ की जा चुकी है। और जहाँ अंडर पास में डूबने से कोई मर गया था वहां सरकार ने चेतावनी के बोर्ड लगवा दिये हैं। जहाँ जहां रेल लाइनों पर जलभराव के चलते रेल परिचालन बाधित हुआ था उसे दुरुस्त कर रेल आवागमन लगभग नियमित किया जा चुका है। परन्तु बाढ़ व भारी बारिश की इस विभीषिका ने सरकार व प्रशासन की एक बार फिर पोल खोल कर भी रख दी है। जहाँ जहाँ सड़कों पर जलभराव था वहां अनेक जगहों पर बने गड्ढे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सड़क निर्माण में कितनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी सड़कों पर अनेक जगहों पर बजरी बाहर निकल आई है जिससे निर्माण में बरती गयी लापरवाही व भ्रष्टाचार का साफ पता चल रहा है। दर्जनों पुल व बाँध टूटने के बाद उनके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। जिसतरह कई निमार्णाधीन या नवनिर्मित पुल व बाँध इस भीषण तबाही में ध्वस्त हो गये उसी तरह देश में कुछ स्थानों से उस नव निमार्णाधीन रेल लाइनों के नीचे से जमीन धंसने व बहने के भी समाचार हैं जोकि देश के चारों कोने को जोड़ने के लिये विशेष समर्पित माल ढुलाई गलियारा के नाम से बनाया जा रहा है। अभी इसपर मॉल गाड़ियां भी नहीं दौड़ीं और नई बिछाई गयी रेल लाइनों के नीचे से जमीन भी खिसक गयी ? इस तरह के दृश्य योजना अभियांत्रिकी तथा निर्माण की गुणवत्ता आदि अनेक पहलू से सवाल खड़ा कर रहे हैं। इसी तरह कई जगहों पर नालों की सफाई जो बारिश से पहले ही की जानी चाहिये वह नहीं हो पाई जिसके चलते शहरी इलाकों में जलभराव हुआ। अनेक बस्तियों में पानी घुस आया। लोगों को भरी क्षति का सामना करना पड़ा। और जब बारिश रुकने के बाद जे सी बी के द्वारा गहरे नालों की सफाई की भी गयी तो अनेक नाले क्षतिग्रस्त हो गये। क्योंकि उनमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ था। और उनमें जमी घास फूस नियमित रूप से साफ नहीं की जा रही थी। सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का झूठा ढोल जरूर पीटती रहती है, परन्तु नालों नालियों व सड़कों गलियों के निर्माण की गुणवत्ता स्वयं इस बात का सुबूत है कि इनमें कितना भ्रष्टाचार किया गया है। कई जगहों पर तो नालों नालियों में लगने वाली ईटों को एक दूसरी पर रखकर और बिना सीमेंट से उन्हें जोड़े हुए प्लास्टर कर ढक दिया जाता है। जबकि इस तरह की निर्माण परियोजना में शामिल सरकारी तंत्र व ठेकेदारों का नेटवर्क अपने घरों के निजी निर्माण में उच्च गुणवत्ता बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखता ? शहरी इलाकों में जलभराव का मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः गलियों व सड़कों के निर्माण के नाम पर इन्हें बार बार ऊँचा कर दिया जाता है। इसके चलते अधिकांश मकानों का स्तर गलियों व सड़कों से नीचे हो जाता है। परिणाम स्वरूप जब ऐसी सड़कों व गलियों में बारिश का पानी भरता है तो वह गलियों सड़कों के भरने से पहले ही लोगों के मकानों या दुकानों में भर जाता है। उधर इन्हीं सड़कों व गलियों के किनारे बनने वाली कमजोर व घटिया सामग्री का इस्तेमाल की गयी नालियां टूटने या क्षतिग्रस्त हो जाने से नालियों का पानी जमीन में रिसाव कर लोगों के गली के नीचे स्तर के हो चुके मकानों में जमीन के नीचे से रिसने लगता है। और लोगों के घरेलू सामन का काफी नुक़्सान होता है व भारी परेशानी भी उठानी पड़ती है। जरा सोचिये कि भीषण मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान को दो वक़्त की रोटी के लिये जूझना पड़ रहा हो और उसका जीवन व अस्तित्व ही दांव पर लगा हो ऐसे में वह अपने व अपने परिवार के जीने के लिये मंहगी से मंहगी होती जा रही रोटी का प्रबंध करे, अपने बच्चों को अत्यंत मंहगी हो चुकी शिक्षा दिलाये या फिर सरकारी भ्रष्टाचार व गलत योजनाओं के कारण अपने नीचे हो चुके मकानों को तोड़ कर नया मकान बनवाये ? जोकि आम तौर से बमुश्किल इंसान अपने जीवन में एक ही बार बना पाता है ? ऐसे में लोगों का यह सवाल पूछना गैर मुनासिब नहीं कि क्या वजह है कि अंग्रेजों यहाँ तक कि उससे पहले मुगलों के समय के बनाये गये पुल अभी भी सुरक्षित हैं और निर्बाध सेवाएं दे रहे हैं ?अंग्रेजों व मुगलों के समय बनाई गयी तमाम ऐतिहासिक इमारतों में अभी भी न तो जलभराव होता है न ही उनमें सीलन आती है। उस दौर के शासक तो ह्यभ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंसह्न जैसा न तो ढोल पीटते थे न इस तरह का दवा करते थे। बल्कि केवल ईमानदारी व पूरी दक्षता से अपना काम करते थे। जबकि हमारे देश में जिसे देखो वही अपनी ईमानदारी का ढोल पीटता रहता है। स्वयं को भ्रष्टाचार विरोधी बताता है। परन्तु जब भी बारिश या बाढ़ आती हे उसके बाद के दृश्य सरकारी योजनाओं की कमियों व उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को तत्काल उजागर कर देते हैं।

क्या खूब होता सबसे पहले दिल्ली स्मार्ट होती

ऋतुपर्ण दवे

देशवासियों ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। वो खाका खींचा गया कि लगने लगा वाकई हम दुनिया में वो मिशाल पेश करेंगे जो सबके लिए नजीर बनेगी। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की स्मार्ट सिटीज मिशन की पहल की शुरूआत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी।

स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिए शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके। मिशन के लिए 7,20, 0000 करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहत आईसीटी का परिचय, आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया।

सरसरी तौर पर योजना को देखने के बाद थोड़ी गुदगुदी तो होती है कि बस थोड़ा से इंताजर के बाद मेरा शहर भी सपनों का सुन्दर शहर होगा। लेकिन योजना को लागू हुए 9 बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अन्तर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रा स्ट्रक्चर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। केवल दिल्ली को ही एक आदर्श के रूप में रखें तो भी डर लगता है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया। 41 वर्षों में महज 24 घण्टों में ही 200 मिलीमीटर बारिश का नया रिकॉर्ड तो बना लेकिन अव्यवस्थाओं की इतनी सारी पोल खुली जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य स्थानों इण्डिया गेट के आसपास की सड़कोंके मंजर से रूह कांप गई। जगह-जगह जलभारव की वो स्थिति बनी कि न जाने कितने लोग इससे जूझे

संक्षिप्त खबरें

मार-पीट कर रुपये छीनने की प्राथमिकी दर्ज

बोचहा। थाना क्षेत्र के करणपुर दक्षिणी गांव निवासी इंदु देवी ने नितेश कुमार , अखिलेश सहनी एवं शत्रुघ्न सहनी पर मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 17 जुलाई को करीब 8:00 बजे मेरे पति रामलाल सहनी दरभंगा से पैसा लेकर घर लौट रहे थे। वही पैसा लेकर घर लौट ने की खबर आरोपी को मिल गई। बांध पर घात लगाए बैठे आरोपित ने मेरे पति को घेर लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। इस घटना की जानकारी मिलते ही बांध पर गई तो देखा कि उक्त गांव निवासी नितेश कुमार , अखिलेश सहनी एवं शत्रुघ्न सहनी मेरे पति के साथ मारपीट कर उनके जेब में रखे पैसे छीन लिया। इस दौरान उन्हें बचाने गई तो उन लोगों ने मेरे साथ भी मारपीट कर ने लगा मारपीट के दौरान मैं बुरी तरह जख्मी हो गई वहीं ग्रामीणों की मदद से चिकित्सीय उपचार के लिए सीएचसी बोचहा में ले जाया गया। थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वही पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

झाझा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालीक के साथ दुष्कर्म करने और पंचायत के तहत समझौता का प्रयास करने का एक मामला सामने आया है। पीड़िता नाबालिग को पंचायत से इंसाफ नहीं मिली तो वह अपने स्वजन के साथ झाझा थाना पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग के बयान पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सुरक्षाकर्मियों के द्वारा मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज कर आगे की कार्रवाई में जुट गए। बताया जाता है कि नाबालिक नामांकन कराने के लिए घर से पैदल अपने विद्यालय जा रही थी तभी पहले से घात लगाए सचिन कुमार ने छात्रा को पकड़ लिया और उसे बगल के ही पैक्स गोदाम में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। हंगामा करने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। इधर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है

बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी ठोकर

झाझा-घर के पास टहल रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। जिसे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया स्वजनों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक के द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति का बेहतर उपचार किया गया। घायल बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान छापा पंचायत के हरंजा गांव निवासी हीरा मंडल के रूप में की गई है। घायल व्यक्ति ने बताया कि शाम को धोबियाकुरा मोड़ के समीप पावर ग्रिड के पास टहल रहे थे तभी सामने से आ रही एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक चालक व स्थानीय लोगों ने पकड़ना चाहा लेकिन बाइक चालक अपना बाइक लेकर फरार हो गया।

करंट लगने से एक मजदूर की मौत

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत के वार्ड -3 गांव चतरा निवासी शत्रुघ्न ठाकुर को पानी मोटर के विधुत तार के करेंट में सट कर वुधवार को मौत हो गया गया. प्राप्त जानकारी अनुसार चतरा गांव निवासी धनिक लाल महतो की नये भवन निर्माण में दैनिक मजदूरी करने उनके घर पर पहुँच कर पानी पटाने को लेकर ज्यो ही शत्रुघ्न ठाकुर मोटर की स्विज को छूने से बिजली करंट लग गयी जो स्थल पर ही मौत हो गया.वही गृह स्वामी कुछ देर के बाद देखा कि मेरा मजदूर शत्रुघ्न ठाकुर बिजली करंट से मौत होने पर अगल बगल के पड़ोसी को आवाज देकर बुलाया गया.लेकिन तब तक मजदूर शत्रुघ्न ठाकुर की मौत हो चुकी थी.इस घटना की सूचना खजौली थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान को मिलने पर तत्वरित करवाई करते हुए एएसआई मदन उराँव को पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर भेज दिया गया.घटना स्थल पर एएसआई मदन उराँव ने लाश को पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हास्पिटल मधुबनी भेज दिया गया. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि परिजन के फर्द बयान पर यूडी केश दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए सदर हास्पिटल भेज दिया गया।

दिघरा में चलाया गया मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी का प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं ग्रामवाणी के संयुक्त तत्वावधान में लोक कलाकार सुनील कुमार के नेतृत्व में ह्लमुजफ्फरपुर मोबाइल वाणीह्व का प्रशिक्षण राजकीय मध्य विद्यालय दीघरा एवं उच्च विधालय दिघरा में दिया गया।

सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार ने कहा कि मोबाइल वाणी को काफी सहज बनाया गया है। इसके माध्यम से मुजफ्फरपुरवासी किसी भी जगह से मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी के नंबर 9211791369 पर मिस्ड कॉल कर के अपनी समस्याओं , बातों को मोबाइल वाणी पर रिकॉर्ड कर प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और समाज तक पहुंचा सकते हैं। मोबाइल वाणी ऐसी ही एक सेवा है जिसके जरिए श्रोता अपने संदेश सामुदायिक रेडियो स्टेशनों तक पहुंचाते हैं। इसमें श्रोताओं को दिए गए नंबर पर सिर्फ एक कॉल करना होता है और उनका संदेश स्वचालित तरीके से रिकॉर्ड होना शुरू हो जाता है। यही रिकॉर्डिंग सामुदायिक रेडियो स्टेशन के संचालक अपने कार्यक्रम में सुना देते हैं।

मोबाइल वाणी एक ऐसी कम्युनिटी नेटवर्किंग सेवा है जिसमें मोबाइल फोन के जरिए कार्यक्रम भेजे और प्रसारित किए जाते हैं। लिहाजा इसके लिए ना तो इंटरनेट और ना ही रेडियो सेट की जरूरत पड़ती है।

मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी के प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि देश व समाज में जो हो रहा है उस पर आम जनता अपनी बात रख पाएं इसके लिए ग्रामवाणी ने मुजफ्फरपुरवासियों के लिए ह्लमुजफ्फरपुर मोबाइल वाणीह्व एक जरिया दिया है। लोकल कम्यूनिटी नेटवर्क की ताकत जिसने स्थानीय लोगों को अपनी आवाज सत्ता-प्रशासन में बैठे लोगों तक पहुँचा पाने का एक विश्वास देने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी सुविधा उपलब्ध कराई है। जिस पर लोग अपना संदेश मोबाइल के माध्यम से रिकॉर्ड कर सकते हैं और यह संदेश प्रारंभिक जांच के बाद प्रसारित कर दिया जाता है। मुजफ्फरपुर मोबाइल वाणी पर सामाजिक मुद्दों से लेकर , पढ़ाई लिखाई संबंधित जानकारी से लेकर अन्य रोचक जानकारी इस मध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।सांस्कृतिक विषयों से जुड़े कार्यक्रम लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्रसारित किया जाता ।

विद्यालय के सभागार में प्रबंध समिति की बैठक आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के बिलट सिंह बालिका + 2 उच्च विद्यालय एव महात्मा गांधी स्मारक + 2 उच्च विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व विधायक अरुण शंकर प्रसाद के अद्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान बिलट सिंह बालिका + 2 उच्च विद्यालय में पूर्व में बैठक में लिए गए विद्यालय विकास कार्यो की प्रस्ताव की संपुष्टि करते हुए आगे की कार्य को समीक्षा किया गया. विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने विद्यालय में रंग रौबन एव विद्यालय के गेट में ग्रेल निर्माण विद्यालय की चार दिवारी निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो का विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा निरीक्षण करके सर्व सम्मत्ति से निर्णय लेकर विद्यालय एचएम मो.अबरार अहमद को सुझाव दिया.वही बिलट सिंह गर्ल्स हाई स्कूल की उत्तर पश्चिम कोना में विद्यालय की चारदीवारी को लक्ष्मीपुर गांव निवासी सुधीर राय द्वारा तोड़ने को लेकर सर्व सम्मत्ति से प्रबंध समिति द्वारा प्रस्ताव पारित कर तोड़ने वाले पर करवाई करने की प्रस्ताव पारित किया गया.वही महात्मा गांधी स्मारक + 2 उच्च विद्यालय के सभागार में प्रबंध समिति के अध्यक्ष विधायक अरुण शंकर प्रसाद के अद्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया. उन्होंने बैठक के दौरान पूर्व में लिए विकास कार्यो की संपुष्टि करते हुए आगे की विद्यालय विकास कार्यो की समीक्षा किया गया. विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व विद्यालय के एचएम मंजू कुमारी ने प्रबंध समिति सदस्यों के बीच विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड निर्माण ध्वजा रोहण मंच निर्माण विद्यालय के दक्षिण पश्चिम दिशा में विद्यालय की चार दिवारी की मरम्मत एव निर्माण को लेकर प्रस्ताव में लिया गया. वही प्रबंध समिति द्वारा सर्व सम्मत्ति से एमएसडीसी खाता संचालन हेतु रोटेशन अनुसार वरीय शिक्षक कपिलेश्वर महतो को हटाकर वरीय शिक्षक मिथिलेश कुमार रंजन नामित किया गया.इस मौके पर विधायक अरुण शंकर प्रसाद बीडीओ लवली कुमारी गर्ल्स हाई स्कूल के प्रबंध समिति के शिक्षा प्रेमी कुंदन कुमार सिंह विद्यालय एचएम मो.अबरार एचएम मंजू कुमारी वरीय शिक्षक कपिलेश्वर महतो वरीय शिक्षक मिथिलेश कुमार रंजन शंम्भू नाथ ठाकुर प्रखंड़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार चौधरी विधायक सलाहकार हरीश चंद्र शर्मा विद्यालय भूमि दाता मनोज कुमार सिंह राजेन्द्र नारायण सिंह शिक्षक विजय कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह,सुरेश प्रसाद सिंह,विदेश्वर राम,संतोष कुमार पंकज कुमार राम,रीता देवी सहित सभी शिक्षक एव सदस्य मौजूद थे।

आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन 7वें दिन जारी

प्रात : किरण संवाददात

बोचहा। पिछले 7 दिनों से आशा कार्यकताओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोचहां में धरना प्रदर्शन जारी है। 12 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने दूरदराज से आए मरीजों को अस्पताल में आने से रोका वही ओपीडी बाधित कर दिया, वही बोचहां अस्पताल में एक सप्ताह से चिकित्सीय सेवा टीकाकरण ओपीडी जैसी महत्पूर्ण सेवा बंद है। आशा कार्यकर्ताओ का कहना है कि जबतक सरकार इनकी मांगे नहीं मानेंगे तबतक आशा कार्यकर्ताओ का हड़ताल जारी रहेगा । आशा कार्यकताओं ने यह भी कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और 18 हजार रुपए उनका वेतन किया जाए। इस दौरान आशा कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशा कार्यकताओं ने यह भी कहा कि जब तक वेतनमान नहीं तब तक कोई काम नहीं। 1हजार में दम नहीं 18 हजार केसे कम नहीं। मौके पर उषा कुमारी , सुजीता पाल, पूनम कुमारी, शाहजहां खातून, नूर बानो, मीना देवी, इंद्रासन देवी , फूल कुमारी, निर्मला देवी, सरोज कुमारी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

बीपीआरओ से वार्ता विफल कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय

भूख हड़ताल पर बैठे साथी के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं, माकपा सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर मंगलवार से प्रखण्ड कार्यलय परिसर स्थित प्रखण्ड के पंचायतीराज पदाधिकारी कार्यालय समक्ष बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन अंचल द्वारा अनिमितताओं 08 सूत्री समेत अन्य विभिन्न मांगो को लेकर संगठन के अंचल अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद के द्वारा अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल प्रारंभ किया जो बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। भुख हड़ताल कर रहे और समर्थन दे रहे कार्यकताओं से स्थल पर बीपीआरओ वार्ता करने बुधवार की शाम पहुँचे लेकिन सार्थक वार्ता नहीं होने पर वार्ता विफल रहा और अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल कार्यक्रम जारी रखने निर्णय लिया गया। मांगो में प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज डोरवार पंचायत के वार्ड 12 के जल नल योजना अंतर्गत बोरिंग एवं टावर का निर्माण नियमानुसार कराया जाने। अगर नियमानुसार डोरवार पंचायत में कार्य नहीं हुआ तो पूरे प्रखंड के अंदर सरकारी एवं सार्वजनिक परिसर से जल - नल का बोरिंग एवं जल मीनार को हटाया जाए। वार्ड सभा पंजी की जांच किया जाए साथ ही हस्ताक्षर मिलान कराया जाए तथा गलत तरीके से ली गई फैसले को रद्द किया जाने। वार्ड समिति के सचिव को सरकारी नियम के विरुद्ध चयन किया गया है उसे जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने। नियम के विरुद्ध प्रारंभ जल - नल योजना कार्य पर रोक लगाया जाए जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सभी प्रकार के कार्य पर रोक लगाने। जल - नल योजना के राशि निकासी पर रोक लगाये जाने। प्रखंड के सभी पंचायत के जल - नल योजना की जांच किया जाए तथा दोषी पर कानूनी कार्रवाई किया जाए, बंद परे सभी नल -जल को चालू कराने । प्रखंड कार्यालय के रंगरोगन के नाम पर फर्जी भौचर एवं एमबी बनाकर राशि गबन करने वाले पर मुकदमा दर्ज कर जेल के अंदर बंद किये जाने।बस्ती पंचायत के वार्ड 14 में आज तक वार्ड सचिव का चुनाव क्यों नहीं हुआ जवाब देने। अनिमितताओं की जाँच समेत अन्य मांगे शामिल है। भूख हड़ताल स्थल पर शंकर यादव की अध्यक्षता में सभा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन जिला सचिव शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि जयनगर बस्ती पंचायत में वार्ड 14 में बिना वार्ड सभा किए ही गुप्त रूप से सचिव का चुनाव हुआ है जो जांच का विषय है। साथ ही भूख हड़ताल पर बैठे साथी के साथ जयनगर प्रशासनिक अधिकारी का रवैया सही नहीं दिख रहा है 24 घण्टे से जायदा होने के बाद भी चिकित्सा जांच न होना प्रशासनिक उदासीनता ,बिहार राज्य किसान सभा के अंचल अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि प्रशासनिक पहल जल्द नहीं हुआ तो बिहार राज्य किसान सभा अंचल कॉन्सिल भूख हड़ताल के समर्थन में आंदोलन का रूप रेखा तैयार करेगी उसका सारी जवाब देही जयनगर के प्रशासनिक पदाधिकारियों की होगी। कार्यक्रम को बिहार राज्य किसान सभा अंचल कॉन्सिल जयनगर के सचिव शत्रुधन साह, बिहार राज्य किसान सभा जिला कमिटी सदस्य श्याम प्रसाद गुप्ता,शिव कुमार यादव, भोला यादव,राम प्रसाद दास, राज कुमार पंडित, कन्हैया चौधरी,शिव नारायण यादव, श्री नारायण यादव, राजिन्द्र पंडित, शंकर पंडित, गंगा प्रसाद यादव छोटू यादव,सुनील यादव,डी वाई एफ आई के सुनील कुमार सिंह,सुकेन्द प्रसाद, पवन यादव समेत अन्य कार्यकताओं ने सभा को संबोधित किया।

पुलिस की तत्तपरता से चोरी का गहना कपड़े समेत अन्य सामान बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर थाना पुलिस के द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन के तत्तपरता से चोर के द्वारा चोरी किये हुए गहना समेत अन्य सामानों के साथ तत्वरित करवाई करते हुए चोरी हुए गहना समेत अन्य सामानों के साथ आरोपी चोर को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात कारी महरा थाना क्षेत्र के वाटर वेज चौक वार्ड 14 निवासी अपने घर में सोये थे। रात्रि करीब 02:00 बजे उठे तो देखे कि घर में रखा बक्सा खुला हुआ है और बक्से में रखा गहना कपड़े और अन्य सामान को गायब था। मामले की सूचना कारी महरा द्वारा परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष आशुतोष रंजन को उक्त घटना की सूचना दिया गया। सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए थाना के पैथर सिपाही को उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। ततपश्चात पैथर सिपाही घटनास्थल पर जाकर त्वरीत कार्रवाई करते हुए कारी महरा के सहयोग से चोरी कर भाग रहे मो. अकरम उम्र लगभग 18 वर्ष पिता देवधा पश्चिम वार्ड 13 थाना देवधा निवासी को चोरी किये गये सामान के साथ रंगे हाथ पकड़ा। बरामद सामानों के साथ आरोपी को पूछताछ और आगे की करवाई हेतू थाना लाया। मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार पकड़ाये प्राथमिकी अभियुक्त मो. अकरम उम्रलगभग 18 वर्ष पिता स्व० सलीम ग्राम देवधा पश्चिम वार्ड 13 थाना देवधा निवासी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। छापेमारी टीम और करवाई में पैंथर टीम में सिपाही दिलीप कुमार , शुभम कुमार सिंह , चुनचुन राम , चंदन कुमार , प्रवीण कुमार शामिल थे।

शिक्षिका की तबादले को लेकर ग्रामीणों ने बीआरसी पर किया उग्र प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आढा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय पलसाबुजूर्ग मे वर्षो से कार्यरत शिक्षिका रेखा कूमारी को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ई अलीगंज प्रखंड के पत्राक 369 दिनांक 15 जुलाई 2023 के आलोक मे शिक्षिका को मध्य विधालय आढा कर दिया गया है।जब इस बात की जानकारी ग्रामीणो को हूई तब बुधवार को अलीगंज बीआरसी मे पहूचकर जमकर हंगामा किया।और बीईओ से अविलंब शिक्षिका पूर्वत विधालय मे बहाल रहने देने की मांग किया। ग्रामीण जयराम मांझी,लक्ष्मण माझीराम वृक्ष चौधरी,श्रीसंत पासवान,शकुन्ती देवी सुरेश साव,विधा देवी,रीना देवी,उजला पासवान,कृष्ण कुमार,गुड्डू पासवान, मो अनवर ,दिनेश चौधरी ,पंकज वर्मा सहित दर्जनो ग्रामीणो ने बताया कि विधालय मे शिक्षिका रेखा कुमारी जो बच्चे को बेहतर ढंग से शिक्षा परोस रही थी। जिसे बीईओ इस्लामनगर अलीगंज के द्वारा अचानक पत्र जारी कर तबादला कर दिया गया है। ग्रामीणो ने बताया कि शिक्षिका रेखा कुमारी वर्षो से विधालय मे बच्चो के बीच शिक्षा परोसने काम कर रही है।जो अपने नियत समय विधालय आना और जाना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चे के बीच दे रही है।जिससे बच्चे व अभिभावक उनके अचानक तबादला की खबर सुनकर हतप्रभ हो गये।और और बीआरसी पहूचकर बीईओ से उनका तबादला रद अविलंब करने की जिद पर अड गये।और बीआरसी आकर ऊग्र प्रदर्शन करने लगे।और बीईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणो ने बताया कि पुरे प्रखंड मे बीईओ एक ही शिक्षिका को तबादला करना क्या जरूरी आ गया था।और अचानक चिट्ठी जारी कर तबादला कर दिया गया।उन्होने कहा कि जो अच्छे शिक्षिका जो बच्चे की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रही थी उसे किसी कहने पर हटा देना बच्चे की भविष्य से खिलवाड करने के समान है। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अनवर इकबाल ने कहा कि विधालय मे कार्यरत शिक्षिका रेखा कुमारी के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वर्षो से दी जा रही थी।जिसे अचानक हटा कर किसी अनयत्र विधालय मे तबादला कर दिया जाना गलत बात है।उसे अविलंब तबादला रोक लगानी चाहिए। ग्रामीणो ने बताया कि अगर अविलंब रोक नही लगी तो ग्रामीण आन्दोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो कमरूदधीन अंसारी ने बताया कि शिक्षिका के द्वारा तबादले की मांग किया गया था।इसलिए उनका तबादला किया गया था। लेकिन ग्रामीणो उसी को लेकर ऊग्र हो गये है।

एनसीसी कैंप के तीसरे दिन कराई गई कई गतिविधियां

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कुढनी प्रखंड के यदुनंदन उच्च विद्यालय बाघी का नजारा इन दिनों देखने लायक है।, इस विद्यालय की गतिविधि सैनिक स्कूल के समान हो गई है।सुबह कैडेट्स दैनिक क्रिया के बाद, सभी को शारीरिक व्यायाम कराया गया, कैडेट्स को नाश्ता उपरांत ड्रिल कराया गया। हवलदार सुरेश सिंह, दिलीप खत्री,रमेश शाही,योगेश गुरुंग और मन बहादुर थापा ने सभी कैडेट्स को ड्रिल करने के तरीके,ड्रिल के फायदे आदि के गुड सिखलाया। एल एस कॉलेज से आए एनसीसी पदाधिकारी ले. राजीव कुमार ने कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता के महत्व के बारे में बताया कि अनुशासन से ज्यादा जरूरी एकता की होती है।एकता चाहे घर की हो या देश के लिए। हमे आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाए रखने से राष्ट्र का विकास तेजी से होगा। डा. राम मनोहर लोहिया कालेज से आए व्याख्याता डॉक्टर रमेश कुमार विश्वकर्मा ने मोटे अनाज से फायदेह्व के बारे में कैडेट्स को बताया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज खाने से अनेक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है, जैसे कैंसर,मधुमेह आदि। मोटे अनाज खाने से शरीर स्वस्थ रहता है और शारीर में स्फूर्ति आती है।संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को मोटे अनाज का वर्ष घोषित किया है।भारत में 41प्रतिशत मोटा अनाज उपजाया जाता है। हमे मडुआ,सामा, कोदो, ज्वार,बाजरा आदि मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। दोपहर के बाद सभी कैडेट्स के बीच खेल प्रतियोगिता कराया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय से आए एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। टैग ऑफ वार अर्थात रस्सा खिचतनी कराया गया ।

एक किसान ने बेमौसम धान की खेती कर दिखाया

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो प्रखंड के लखनकियारी गांव में एक किसान ने बेमौसम में धान की फसल का खेती कर दिखाया लोगों को दिया संदेश किसान कुछ भी कर सकता है पहाड़ पर्वत के सीना चीर कर भी खेती कर जीवन यापन करने में सक्षम होती है उसी तरह आज जमुई जिले के एक किसान ने कर दिखाया उन्होंने बताया है कि यह खेती हम अपने से किए हैं, बंगाल राज्य के बुर्धमान जिला में बहुत दिन पहले हम देखें वहां पर धान की खेती अच्छी खासी होती गर्मी मौसम मे , मैं भी अपने मन में ठान लिया कि मैं भी साल में दो बार धान फसल का खेती करूंगा और एक बार गेहूं की खेती करूंगा इसलिए मैं एक बार प्रयास किया और यह मेरा सफल रहा और बरसात के मौसम के अपेक्षा गर्मी के मौसम में धान का फसल अधिक उन्नत और अच्छी रहा है किसान गुरुदेव मंडल ने बताया है कि सरकार की तरफ से आज तक मुझे कोई भी योजना का लाभ नहीं दिया गया है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के हित के लिए प्रधानमंत्री की तरफ से 2000 दिया जाता है वह भी हमारे किसान सलाहकार की मनमानी रवैया के कारण मुझे नहीं मिल पाया है और मैं सरकार से यही गुहार लगाता हूं कि मैं और अधिक से अधिक खेती कर सकूं इसके लिए मुझे एक सिंचाई को और मोटर की व्यवस्था होनी चाहिए और सभी किसानों को मैं और प्रेरणा देना चाहता हूं कि अभी की जो मौसम है इससे अच्छा गर्मी के मौसम में धान की खेती अच्छी होती है मैं इस बार इस बार डेढ़ बीघा में धान लगाया हूं और अब की बार में पूरे खेत में धान लगाकर खेतो करेगे ।

विधायक ने किया सीएचसी का निरीक्षण

मधुबनी सीएचसी खजौली में डॉक्टरों को अभाव को लेकर बुधवार को खजौली विधान सभा क्षेत्र के विधायक अरुण शंकर प्रसाद द्वारा सीएचसी को निरीक्षण किया गया. उन्होंने सीएचसी में डॉक्टरों की कमी को लेकर जिला सिविल सर्जन को अवगत कराया गया. विधायक अरुण शंकर प्रसाद द्वारा चिकित्सकों की कमी की शिकायत करने पर जिला सिविल सर्जन ने तत्काल एक चिकित्सकों को कल तक मुहैया कराने की बात बताया गया. वही विधायक श्री प्रसाद ने बिहार सरकार पर आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग के ऊपर सचिव के. के.पाठक द्वारा फरमान जारी कर विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालय में 75 प्रतिशत छात्र उपलब्ध नही रहने पर शिक्षकों की अवकाश नही दिया जाएगा.लेकिन सीएचसी में 75 प्रतिशत डॉक्टरों को नही रहने पर डॉक्टरों की तबादला कर सीएचसी बंद होने की कगार पर पहुँच गयीं है.उन्होंने कहा कि पहले सीएचसी केंद्र में कमी डॉक्टरों को भर्ती करने का मांग किया है.उन्होंने नीतीश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले दो दशक बाद भी आज हास्पिटल डॉक्टरों की अभाव में मरीज इलाज के लिए दर दर भटक रहे है.वही विधायक ने की नीतीश की सरकार हर मोर्चे पर फेल दिख रही है.उन्होंने बिहार सरकार एव जिला पदाधिकारी,जिला सिविल सर्जन महोदय से अनुरोध है कि खजौली सीएचसी में अविलंब कमी डॉक्टरों को मुहैया नही करने पर सदन में आवाज उठाकर निंदा प्रस्ताव कराया जाएगा.इस मौके हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट, डा. विकास कुमार, विधायक सलाहकार हरीश चंद्र शर्मा, प्रखंड़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार चौधरी,विधायक प्रतिनिधि शंम्भू नाथ ठाकुर, युवा नेता कुंदन कुमार सिंह,विवेक कुमार सिंह, फार्माशिस्ट उमेंद्र कुमार सहित सीएचसी के गार्ड मौजूद थे।

शादी की इच्छा को लेकर 180 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर कांवरिया का लोगों ने की मदद

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा-सावन माह में कांवरिया देवघर में पूजा अर्चना कर अलग अगल मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांग रहे है तो वही एक ऐसे कांवरिया भी जिन्होंने शादी की इच्छा लेकर 180 किलोमीटर की यात्रा पैदल चलने का निर्णय लेते हुये देवघर के लिये अपने घर से प्रस्थान किया।दरअसल नवादा के रहने वाले विनोद जेन और मंजू देवी का एकलौता 24 वर्षीय पुत्र शुशील शादी की इच्छा लिये देवघर मे बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिये बीते छह दिन पूर्व अपने घर से निकला था।जिसके बाद वह झाझा हथिया गांव पहुँचकर मंदिर में विश्राम किया।इस दौरान स्थानीय लोगों ने कांवरियो से पूरी जानकारी लिया तो बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिये घर से पैदल यात्रा करने की बात सामने आया।कांवरिया शुशील ने बताया कि मेरे पिता होटल में काम करता है और मां गृहणी है।मेरी इच्छा है।

शिक्षक का आकस्मिक निधन पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों छात्रों और कर्मियों ने दी श्रधांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के कोरहिया मध्य विद्यालय के शिक्षक गणेश शंकर प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया। शिक्षक के निधन हो जाने से मध्य विद्यालय कोरहिया और उ.म.वी. बेला एवं क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों एवं कर्मियों के विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रख श्रधांजलि दी गई। शोक श्रधांजलि सभा में बि. रा. प्रा. शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष सह प्रधान सचिव पांडव यादव, हीरेन्द्र कुमार, राम उदगार कुमार, समता , चांदनी, अंजली , शिल्पी , समेत संघ के कई पदाधिकारी सदस्य और शिक्षक छात्र गण शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

पिकअप वैन और टेम्पु में टक्कर एक घायल

असरगंज। थाना क्षेत्र के कमराय गांव के समीप पिकअप वैन एवं टेम्पु के बीच भीषण टक्कर में एक कांवरिया रोहित कुमार घायल हो गया जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज में कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुलतानगंज से देवघर जल लेकर पिकअप वैन जा रही थी, विपरीत दिशा से तेज रफ्तार टैम्पो ने टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद टैम्पो चालक टैम्पो को लेकर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।

आपसी वर्चस्व को लेकर मारपीट

असरगंज । थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव में दो गुटों के बीच मारपीट मे एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज में कराया गया। घायल के द्वारा असरगंज थाना में लिखीत आवेदन दिया गया है। असरगंज थाना की पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मन्नत पूरी होने पर नंगे पांव चले देवघर

संग्रामपुर । कोई मन्नत मांगने जा रहा है तो कोई मन्नत पूरी होने पर बाबा को जलाभिषेक करने देवघर जा रहे है। इसी कड़ी में पूर्णिया जिला मुख्यालय के सिपाही टोला के रहनेवाले रवि कुमार अपनी पत्नी खुशबू कुमारी सहित दो छोटे-छोटे बच्चों को बेबी ट्रॉली में बैठाकर बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने देवघर पैदल जा रहे हैं।पैदल जा रहे शिव भक्त रवि कुमार और खुशबू कुमारी ने बताया कि बाबा से पुत्र प्राप्ति का आशिर्वाद मांगा था।मन्नत पुरी होने पर बच्चों को साथ लिए सुलतानगंज से गंगाजल भरकर नंगे पांव चल दिए हैं।

अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन

संग्रामपुर (मुंगेर)। राष्ट्रीय जनता दल के निर्देशित पर अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन कटियारी पंचायत के पतघाघर गांव में किया गया। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष कटियारी आकाश दास ने किया संचालन प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार दास ने किया। मुख्य अतिथि मोहम्मद एजाज शाह ने कहा कि अंबेडकर साहब के विचारों का अनुसरण उनके बताए हुए रास्ते पर हम सभी को चलकर संगठित रहना है शिक्षित बनना है। उनके इस संदेश को सभी लोगों तक पहुंचाना है। अंबेडकर परिचर्चा में प्रभारी प्रखंड उपाध्यक्ष पवन यादव प्रखंड सचिव सुधांशु कुमार प्रखंड कोषाध्यक्ष आनंद कुमार यादव प्रखंड उपाध्यक्ष रोशन कुमार पंचायत सचिव रोशन कुमार पंचायत अध्यक्ष पंकज कुमार एवं सैकड़ों राजद कार्यकर्ता एवं समर्थक ने अपने विचार व्यक्त किए।

जमालपुर उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित

मुंगेर सदर। जमालपुर प्रखंड के ई कृषि भवन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए श्री कुमार कई विभिन्न मुद्दों पर चर्च की जिसमें उन्होंने उर्वरक के साथ जबरदस्ती टैड कर नैनोउड़िया ,नैनो डीएपी कैल्शियम संलग्न दिया जाता है। जिसका मूल काफी अधिक रहता है जबरदस्ती उत्पाद देना उपभोक्ता संरक्षण कानून के खिलाफ है नैनो उड़िया लेंगे तभी खाद मिलेगा ये ब्लैकमेलिंग अपराध है। ऐसे दुकानदारों पर कार्यवाही हो सकती है। वहीं उन्होंने काहे की जमालपुर के किस को सदर प्रखंड में भी उर्वरक विक्रेता आवंटन देंगे। वहीं उन्होंने यह भी कहे की जमालपुर के किसानों का जमीन बरियारपुर, धरहरा ,सदर, में अधिक है। इसलिए जमालपुर का आवंटन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा ।बैठक में उपस्थित बीडीओ जमालपुर ,सीओ, बीसीओ , सहित सभी दुकानदार उपस्थित रहे।

एनटीईपी-टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने को लेकर जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

विभागीय स्तर के साथ निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीबी मरीजों का किया जा रहा नोटिफिकेशन : सीडीओ

प्रात : किरण, संवाददाता

पूर्णिया । जिले को यक्ष्मा रोग (टीबी) मुक्त बनाने के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित एएनएम स्कूल के सभागार में नेशनल ट्यूबक्यूलोसिस एलिमिनेशन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत टीबी नोटिफिकेशन के संबंध में जिलास्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा, जिला टीबी एड्स समन्वयक राजेश कुमार शर्मा, डीईओ अमित कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, केएचपीटी के डीएल अरुणेंदु झा, लेखापाल रवि, वर्ल्ड विजन इंडिया के डीएल अभय श्रीवास्तव, फील्ड कर्मी रूदल कुमार, रीच इंडिया के डीएल चंदन कुमार सहित जिले के सभी एसटीएस, एसटीएलएस, लैब टेक्नीशियन एवं यक्ष्मा सहायक के अलावा कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ डॉ मिहिरकान्त झा ने जिले के सभी एसटीएस, एसटीएलएस, एलटी एवं यक्ष्मा सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों का गृह भ्रमण कर आईएनएच की गोली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा निजी एवं सार्वजनिक स्थलों से टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया जा रहा है। फिलहाल जिले में 2602 टीबी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही टीबी मरीज का नोटिफिकेशन करते हुए बैंक खाता विवरणी, चिकित्सक का प्रीस्क्रिप्शन और आधार कार्ड का पूरा ब्योरा स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी संक्रमित मरीजों की जांच से लेकर उपचार तक की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क की गई है। किसी भी व्यक्ति को टीबी से संबंधित कोई लक्षण दिखाई पड़े तो तत्काल सरकारी अस्पताल भेज कर उसकी जांच एवं उपचार करने में हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। निजी चिकित्सकों से मिलकर टीबी मरीजों की शिनाख्त करने को लेकर दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश : राजेश शर्मा जिला टीबी एड्स समन्वयक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में टीबी के नए संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए जिले के सभी एसटीएस, एसटीएलएस, लैब टेक्नीशियन एवं यक्ष्मा सहायकों के द्वारा निजी चिकित्सक के अलावा उनकी जांच घरों में जाकर टीबी से संबंधित जानकारी को शेयर करते हुए टीबी के नए मामले को अधिक से अधिक करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिले के लगभग 128 चिकित्सकों की जिम्मेदारी अलग-अलग सौंपी गई है। जिसमें एसटीएस उमेश कुमार, अनिलानंद झा, अमित कुमार, कुंदन कुमार, विभाष कुमार, देवेंद्र कुमार, धीरज कुमार निधि को 10/10 चिकित्सकों से मिलकर नोटिफिकेशन के लिए बातचीत करना है। वहीं एसटीएलएस अखिलेश कुमार को आठ जबकि एसटीएस पूजा कुमारी, श्वेता कुमारी, नूर आफसा, ममता कुमारी एवं राकेश कुमार सिंह को पांच/पांच के साथ ही वर्ल्ड विजन इंडिया के चंदन कुमार को 10 चिकित्सकों से मिलकर उनके जांच घरों से टीबी बीमारी से संबंधित मरीजों का नोटिफिकेशन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में पड़ोसी बाल बाल बची जान

- घटना को लेकर स्थानीय लोग दिखे, आक्रोशित

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। बबरगंज थाना परिक्षेत्र अंतर्गत मोहद्दीनगर इलाके में दिनदहाड़े भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार साह का दबंग गई देखने को मिला सामने आया है। विजय साह ने अपने ही पडोसी के ऊपर अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि विजय का घटनास्थल स्थित एक विवाह भवन है जहां पर बगल में रह रहे उसके पड़ोसी नवीन साह का पुराना मकान है, जिस पर पड़ोसी नवीन ने मजदूर को बुलाकर अपने मकान की दीवार की मरम्मत निर्माण कार्य का काम करा रहे थे। इसी बीच उक्त स्थल पर विजय साह मौके पर पहुंचे जहां दोनों के बीच रास्ता को लेकर विवाद छिड़ गया और दोनो के बीच कहासुनी हो गई बात इतनी अधिक बढ़ गई कि विजय ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से पड़ोसी के ऊपर जान मारने के उद्देश्य से गोली फायर कर दी, हालांकि गोली फायरिंग में पड़ोसी बाल-बाल बच गये। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बबरगंज थाना की पुलिस टीम पहुंच कर आरोपी विजय साह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर रही है और उसका लाइसेंसी हथियार को पुलिस टीम ने जब्त कर लिया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच विजय साह के हड़कत को लेकर उनके विरुद्ध काफी आक्रोशित देखा जा रहा है। वही मामले को लेकर बाबरगंज थानाध्यक्ष राज रतन विजय साह के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। वही संबंधित सभी थाना स्तर पर अन्य मामले की जांच कर रही हैं।

आशा कार्यकताओं का हड़ताल आठवें दिन भी जारी, स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह प्रभावित

- प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को हो रही है काफी परेशानी

बड़हरा कोठी/बनमनखी । बिहार राज्य आशा एवं आशा फेसिलेटर संघ के आह्वान पर अनुमंडल अस्पताल बनमनखी में आठवें दिन जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित है। आशा कार्यकताओं के हड़ताल से जहां गर्भवती महिलाओं के आवश्यक जांच के साथ ही प्रसव के लिए आने वाले महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के कई रोगी पीएचसी एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों तक ले जाने के लिए आशा कार्यकताओं से खुशामद कर रहे हैं लेकिन आशा कार्यकताओं द्वारा हड़ताल के नाम पर ऐसे रोगियों को टाला या खुद स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए कहा जा रहा है। हड़ताल से टीकाकरण भी प्रभावित हो रहा है। विदित है कि आशा कार्यकताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों विशेषकर महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्यबर्द्धन एवं उन्हें सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाता है। ऐसे में आशा कार्यकताओं के जारी हड़ताल से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रहा है। हड़ताल के आठवें दिन भी अनुमंडल अस्पताल बनमनखी में आशा कार्यकताओं एवं आशा फेसिलेटरों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना का नेतृत्व करते हुए आशा संघ के प्रखंड अध्यक्ष डोली कुमारी ने बताई की जब तक हमलोगों के मांगों पर साहनुभूतिपूर्वक विचार कर मांगों को मान नहीं लिया जाता तबतक हड़ताल जारी रहेगा। उन्होंने बताई की हमारी सभी मांगे जायज है। एक तो इतने कम पैसे में काम करती हूं वह भी समय पर नही मिलता है। जबकि हम आशा कार्यकताओं को कभी कभी प्रतिकूल समय मे भी क्षेत्र में काम ही करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि दस हजार रुपये मानदेय, आशा कार्यकताओं एवं फेसिलेटरों का सारा बकाया राशि जल्द से जल्द भुगतान तथा भुगतान में पारदर्शिता एवं एकरूपता, आशाओं के भुगतान में व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशनखोरी पर रोक, कोरोना काल मे ड्यूटी के लिए सभी आशा कार्यकताओं फेसिलेटरों को 10 हजार रुपया कोरोना भत्ता भुगतान, आशा कार्यकताओं को देय पोषाक में साड़ी के साथ ब्लाउज, पेटीकोट एवं ऊनी कोट की व्यवस्था, फेसिलेटरों का पोषक निर्धारण एवं उसकी राशि भुगतान की शीघ्र व्यवस्था, फेसिलेटरों को 20 दिन की जगह पूरे माह का भ्रमण भत्ता दैनिक 500 रु प्रतिदिन के दर से भुगतान, कोरोना के दौरान मृत आशाओं एवं फेसिलेटरों को राज्य योजना का 4 लाख एवं केंद्रीय बीमा योजना का 50 लाख का भुगतान, आशा कार्यकताओं एवं फेसिलेटरों को सामाजिक सुरक्षा योजना एवं पेंशन योजना का लाभ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिए जाने तक रिटायरमेंट पैकेज के रूप में एकमुस्त 10 लाख का भुगतान सहित हमारे सभी जायज मांगों को माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में आशा संघ प्रखंड अध्यक्ष डोली कुमारी, माला देवी, कंचन कुमारी, रीता देवी, सुलेखा देवी, पूनम देवी, रीता देवी, कविता देवी, बीणा देवी, लक्ष्मी देवी, नूतन देवी, सनम कुमारी, गुनजन देवी, कुन्दन देवी, मेखुन खातुन, निभा देवी उपस्थित हुए।

स्वतंत्रता सेनानी के स्वजनों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता।

शाहकुंड (भागलपुर)। नगर पंचायत अकबरनगर परिक्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी के स्वजनों को गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अमृत महोत्सव मनाने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना के अंतर्गत नगर पंचायत के श्रीरामपुर गांव के स्वर्गीय बच्चा लाल यादव की धर्मपत्नी सीता देवी को यूको बैंक शाखा प्रबंधक गोविंद कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग की अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि हिमांशु मौजूद थे। इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि ने कहा कि आजादी के लड़ाई में स्वर्गीय बच्चा लाल यादव का काफी योगदान था, आजादी के लिए लगातार संघर्ष करते रहे थे, कितने बार उन्हें जेल जाना पड़ा और समाज व देश के हित के लिए हर समय लड़ाई लड़ते रहे थे। समाज के बीच उनकी प्रासंगिकता अभी भी है। सम्मान समारोह में पैक्स अध्यक्ष विकेश कुमार संटू, सदानंद यादव उर्फ भुट्टो, अरुण चौधरी, निकेश कुमार मंटू, राजदेव प्रसाद यादव, डॉ. रवि शंकर, नागेंद्र यादव, मनोज यादव, विवेकानंद चौधरी ,मानव कुमार, सुमन कुमार सुमन, विनीत कुमार, राकेश कुमार, छोटू कुमार, प्रीतम कुमार आदि उपस्थित थे।

भर्ती मरीजों का इलाज भगवान भरोसे

- अस्पताल व्यवस्था की सुद्ध लेने व मरीजों व्यथा को सुनने वाला नहीं है कोई

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। पूर्वी बिहार का सबसे बड़ा अस्पताल जेएलएनएमसीएच (मायागंज) अस्पताल में इन दिनों मरीजों की इलाज व्यवस्था भगवान भरोसे पर चल रहा है। अस्पताल के सभी विभाग में कार्यरत सीनियर चिकित्सकों के द्वारा मरीजों के बीमारियों से जुड़े रिपोर्ट से संबंधित जांच व दवाई सलाह हेतू रांउड ड्यूटी कार्य नदारत चल रही है, उनकी राउंड ड्यूटी को अस्पताल के जूनियर चिकित्सक व इंटर्न छात्रों के साथ साथ संबंधित विभाग यूनिट के पीजी छात्रों के भरोसे पर चल रहा है। वही इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों की माने तो कोई भी सीनियर चिकित्सक द्वारा उनका इलाज का जायजा लेने व उनके मरीज के स्थिति की जानकारी सीनियर चिकित्सक द्वारा नही लिया जा रहा है। वही अस्पताल में अपने गम्भीर बीमारियों व हादसों के शिकार हुए दर्जनों मरीजों का इलाज जूनियर चिकित्सक के भरोसे पर चल रहा है। मामले को लेकर मेडिसीन, सर्जरी, हड्डी, प्रशव सहित कई विभागों के बरिय चिकित्सकों की उपस्थिति सिर्फ ससमय पर अस्पताल में लगे बायोमेट्रिक मशीन पर हाजरी को लेकर अंगूठा लगाने की होती हैं। जिसके बाद पुनः चिकित्सक अपने निजी अस्पताल के लिए निकल पड़ते हैं। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा मरीजों की इलाज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बिहार के सभी अस्पताल में दवाओं के साथ साथ कर्मियों व चिकित्सकों व स्टाफ नर्स की गतिविधि को लेकर अल्टीमेटम जारी करती रही हैं बावजूद इसके चिकित्सक अपनी अड़ियल रवैया अपनाने के साथ ड्यटी कार्य के नाम पर सिर्फ सरकार की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही हैं। वही जिले के कई अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों की मिलीभगत से अस्पताल का कार्यभार जूनियर चिकित्सक के भरोसे से चल रहा है। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पूर्व के दिनों में चिकित्सक ड्यूटी कार्य को लेकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. उदय नारायण सिंह के द्वारा एक बैठक हुई थी और बैठक में उनके द्वारा कहा गया था कि जो भी विभाग के संबंधित चिकित्सक अपने कर्तव्यों को पूरा करने से नदारत चल रहे हैं, वैसे विभाग के विभागाध्यक्ष ड्यूटी मामले से संबंधित अपना कार्य क्षेत्र में सुधार करने व ससमय अपने विभाग के भर्ती इलाजरत मरीजों के राउंड लगाने के साथ साथ संबंधित चिकित्सक द्वारा इलाजरत मरीजों का जायजा लिया जाय जिससे मरीजों की इलाज प्रक्रिया में कोई चूक न हो और शिकायत न मिलने की हिदायत दी गई थी। ऊक्त बैठक में सभी विभागों के अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा गया था कि अपने अपने संबंधित विभाग में कार्यरत चिकित्सक की रांउड ड्यूटी ससमय पर कराए, लेकिन उनके आदेशों के बावजूद चिकित्सक की लागत शिकायत देखी जा रही हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज प्रक्रिया को लेकर अस्पताल के पीजी छात्रों व जूनियर चिकित्सक द्वारा ड्यूटी कार्य संबंधित यूनिट के बरिय चिकित्सकों के मोबाइल फोन के निर्देशन में राउंड ड्यूटी दिया जा रहा है। अब सवाल उठता है कि जब अस्पताल अधीक्षक द्वारा पारित आदेशों का पालन भी न हो तो अस्पताल व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ़ बनाने की बात सरासर बैमानी साबित होता दिखाई दे रहा है।

शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन को लेकर चलाया जा रहा प्रवेशोत्सव अभियान

- बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रभातफेरी के माध्यम से किया जा रहा जागरूकत

रूपौली(पूर्णिया) । प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं का नवीं कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर प्रवेशोत्सव - विशेष नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। वहीं राज्य सम्पोति सुखदेव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकापट्टी के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि विभागीय शिड्यूल के अनुसार यह अभियान 10 से 30 जुलाई तक चलेगा। जिसके लिए 11 व 22 जुलाई को विद्यालय शिक्षा समिति व प्रबंधन समिति की बैठक में नामांकन की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम को क्रियान्वयन के लिए राज्य सम्पोति सुखदेव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकापट्टी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवेशोत्सव - विशेष नामांकन अभियान के तहत विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकालकर अभिभावकों व आमजनों को जागरूक किया गया। वहीं राज्य सम्पोति सुखदेव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकापट्टी समेत सभी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव -विशेष नामांकन अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली गयी। वहीं प्रभातफेरी में माता-पिता करें ना भूल, बच्चों को भेजें स्कूल, खुश्बू हो हर फूल में, बच्चे हों स्कूल में, हर बच्चे को पढ़ाना है तो स्कूल में नामांकन कराना है, सारगर्भित नारे के साथ छात्र-छात्राओं ने बच्चों के नामांकन के लिए जन समुदाय को जागृत किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुनिल कुमार साह, निरंजन कुमार, कुमार कुन्दन, राजीव कुमार राजू, रणबीर कुमार राणा, मनीष कुमार, हरेराम शर्मा, रुद्रानी कुमारी, विभा कुमारी, शिक्षक व छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के द्वारा पूर्णिया के छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ

प्रशिक्षण का उद्देश्य है छात्राओं को रोजगार से जोड़ना : डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता

पूर्णिया । ट्राइबल युवाओं एवं युवतियों के कैरियर काउंसलिंग एवं क्षमता वर्धन को लेकर युथ कनेक्ट पूर्णिया युवा संवाद -सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा प्रेक्षागृह पूर्णिया में आयोजित किया गया था। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के छात्र छात्राओं का निबंधन कराया गया था। इसी कड़ी में बालिका छात्रावास पूर्णिया में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पंजीकृत अनुसूचित जनजाति के बच्चियों को प्रशिक्षण देने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त साहिला, सहायक समाहर्ता गौरव कुमार, निदेशक डीआरडीए-सह-गोपनीय प्रभारी, वरीय उप समाहर्ता डेजी रानी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। जिला पदाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छः दिवसीय है। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा प्रशिक्षित अनुसूचित जनजाति की छात्राएं रिटेल सूचना, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में रोजगार करने हेतु सक्षम होंगी। यह निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य इसके अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली अनूसूचित जानजाति की छात्राओं को रोजगार के मुख्यधारा में जोड़ना है। इसके अन्तर्गत छात्राओं को बॉडी लैंग्वेज, प्रोफेशनल ग्रूमिंग, कम्युनिकेशन स्किल डेवलपमेंट एवं रोजगारोन्मुखी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर कृतिका कृति एवं मृत्युंजय कुमार के व्दारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पुरा करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया जायेगा जो कि पूरे भारत में रोजगार करने का का मार्ग प्रशस्त करेगा। महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम व्दारा छात्राओं का प्लेसमेंट भी कराया जायेगा। जिससे उन्हे अच्छे कम्पनियों मे रोजगार प्राप्त हो सके। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रशिक्षण लेने वाली छात्राओं एवं प्रशिक्षकों को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई।

बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे पांच अपराधी को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में बढ़ते अपराध के ग्राफ को लेकर पुलिस की एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, लाख कोशिशों के बावजूद अपराधियों के कारनामों से दिन प्रतिदिन अपराधिक घटना बढ़ता ही चला जा रहा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह दिन व दिन अपराधिक गतिविधियां सामने देखने को मिल रही है, कभी चोरी डकैती, तो कभी गोलीबारी, तो कभी बम धमाका जैसे वारदात आम बात हो गई है। इस पर लगाम लगाने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की समुचित टीम काफी मुस्तैद दिख रही है। इसी कड़ी में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार को दूरभाष पर गुप्त सूचना मिली की कुछ अपराधिक तत्व के लोग शहर में जमा हो किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। जिनके पास भारी मात्रा में हथियार भी है। उक्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक विशेष टीम गठित गठित की गई। गठित टीम को सूचना स्थल पर पहुंच मामले की सत्यता की जांच करने के साथ कार्रवाई करने हेतू निर्देशित किया गया था। वही पुलिस की टीम ने नौलक्खा के पास के पास पहूँची और त्वरित कार्रवाई के तहत मौके से पांच अपराधियों को भारी मात्रा में हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस की टीम ने गिरफ्तार पांचो अपराधी की जांच व पूछताछ करने पर नाथनगर क्षेत्र के मनीष यादव, अभिषेक आनंद, सौरभ कुमार, तुषार तरुण उर्फ मंगल व कृष्ण यादव के रूप में पहचान की हैं। पुलिस ने सभी अपराधी को रणनीति तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार पाँचों अपराधियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामदगी की है, जिसमें दो देसी कट्टा, एक पिस्टल, 17 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन, पांच मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की गई है। उक्त मामले की जानकारी सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने साझा कर जानकारी दी।

तकनीकी उन्नति खेती पर चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सदर मुंगेर । कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के सभा कक्ष में तीन दिनों से चल रहे तकनीकी उन्नति आधारित खेती पर प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हो गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पशुपालन पदाधिकारी मुंगेर डॉ रामानंद प्रसाद सिंह थे। वहीं मुख्य अतिथि को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान मुकेश कुमार द्वारा माला पहनकर तथा बुफे देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने काहे की किसान समय पर अच्छी तरह से खेती करें तथा पशुपालन भी करें तभी किसने की आमदनी दुगनी होगी। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि विभिन्न तकनीकियों एवं आगामी माह में कृषि किसान केंद्र पर आयोजित होने वाली विभिन्न सिकल डेवलपमेंट प्रशिक्षण का भी बिंदुवार जिक्र किया प्रशिक्षण में तकनीकी दिवस के अवसर पर विभिन्न समूह के कल 47 महिलाएं तथा 23 पुरुष ने तकनीक दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण में भाग लिए वही इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ बी डी सिंह प्रसार शिक्षा ,अशोक कुमार कृषि अभिमंत्रण ,डॉ विनोद कुमार द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में नवीनतम तकनीकियों का अवलोकन किसने को केंद्र पर प्रक्षेत्र पर कराया गया।

सुचना नेटवर्क सदस्यों की ओर से स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को दवा खाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

एमडीए अभियान की सफलता को लेकर नेटवर्क सदस्यों का मिल रहा सार्थक सहयोग

प्रात : किरण, संवाददाता

पूर्णिया । जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का आयोजन जायेगा। इस अभियान के प्रति जनजागरूकता के लिए नेटवर्क सदस्यों की भूमिका अहम है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में फाइलेरिया को जड़ से मिटाने में शतप्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मियों एवं जागरूकता कार्यक्रम में नेटवर्क सदस्यों ने पूरी तन्मयता से नाइट ब्लड सर्वे के दौरान अपनी भूमिका निभाई है। इसी क्रम में जिले के कसबा, के नगर एवं पूर्णिया पूर्व प्रखंड में पेशेंट नेटवर्क ग्रुप के सदस्यों के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

नेटवर्क सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को दवा खाने के लिए किया जा रहा है प्रेरित: सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। क्योंकि हाथीपांव एवं हाइड्रोसील फाइलेरिया के संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभाव हैं। इस तरह के व्यक्तियों को भी साल में एक बार ही भारत सरकार के गाइडलाइन के आधार पर फाइलेरिया रोधी दवाओं अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवर मैकटिन या अल्बेंडाजोल और डीईसी का सेवन करना पर्याप्त है। आगामी 10 अगस्त से एमडीए अभियान शुरू होगा। इसको लेकर आशा कार्यकताओं के साथ-साथ कसबा, के नगर एवं पूर्णिया पूर्व प्रखंड के नेटवर्क सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर दवा खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें नेटवर्क सदस्यों के द्वारा विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में गोदभराई, अन्नप्राशन दिवस, किशोरी दिवस, माता बैठक एवं ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें लोगों से सर्वजन दवा वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में नेटवर्क मेंबर के सहयोग से फाइलेरियारोधी स्लोगन के साथ दिवाल लेखन तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

फाइलेरिया को बढ़ने में रोकने को दवा सेवन एवं सफाई एकमात्र उपायः डीएमओ राजेन्द्र प्रसाद मंडल ने ब

कंगना ने रणबीर आलिया को बताया फर्जी कपल

एक्ट्रेस कंगना रनोट ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने एक फर्जी कपल के बारे में जिक्र करते हुए उन्हें फेक न्यूज फैलाने के लिए क्रिटिसाइज्ड किया। उन्होंने यह भी क्लेम किया कि एक हालिया फैमिली ट्रिप के दौरान इस हस्बैंड ने वाइफ और बेबी को इग्नोर किया। इतना ही नहीं, हस्बैंड ने कंगना को मैसेज करते हुए उनसे मुलाकात करने की भीख भी मांगी। कंगना ने इससे पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में नए प्रोजेक्ट की नेगेटिव मीडिया कवरेज की फोटोज भी शेयर की थीं।

चंगु-मंगू गैंग को बुरा लग रहा है

मंगलवार को कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरीज में दो स्क्रीनशॉट शेयर किए। ये स्क्रीनशॉट उनकी अपकमिंग फिल्मों से जुड़े आर्टिकल के थे। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'जब भी मैं कोई फिल्म अनाउंस करने वाली होती हूं तो मुझे और मेरे को-एक्टर को इंसल्ट करने वाली सुर्खियों के साथ इस तरह के आर्टिकल छपने लगते हैं। अगर इस चंगु-मंगू गैंग को इतना ही बुरा लग रहा है तो मैं भगवान से उनके लिए प्रार्थना करूंगी। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे।'

फिर की फर्जी कपल वाली बात

इसके बाद कंगना ने दो हैंडरिटन स्टोरीज शेयर कीं। उन्होंने लिखा, 'एक और खबर में फर्जी हस्बैंड-वाइफ जोड़ी, जो अलग-अलग फ्लोर पर रहते हैं और कपल की तरह प्रिटेंड करते हैं वो मूवी अनाउंसमेंट को लेकर फेक खबरें फैला रहे हैं।

इस फर्जी जोड़ी को एक्सपोज्ड करना चाहिए

हाल ही में एक फैमिली ट्रिप के दौरान इस हस्बैंड ने अपनी वाइफ और बच्चे को इग्नोर किया था। कोई इस बारे में क्यों नहीं लिखता। इसी बीच इस सो-कॉल्ड हस्बैंड ने मुझे मैसेज करके मुझसे मुलाकात करने की भीख मांगी थी। इस फर्जी जोड़ी को एक्सपोज्ड करना चाहिए।

माफिया डैडी के प्रेशर में की शादी

कंगना ने दूसरी स्टोरी में लिखा, 'यही होता है जब आप प्यार के लिए नहीं, बल्कि मूवी प्रमोशन, पैसे और काम के लिए शादी करते हैं। इस एक्टर ने माफिया डैडी के प्रेशर में शादी की है। इस पापा की परी से शादी करने के बदले में उसे एक मूवी ट्रिलॉजी में काम करने का मौका मिला। अब जब वो मूवी ट्रिलॉजी डिब्बा बंद हो गई है तो यह एक्टर अपनी फेक मैरिज से भागना चाहता है। यह पहला मौका नहीं है जब कंगना ने इस कपल पर तंज कसा है। वो इससे पहले भी रणबीर-आलिया का मजाक उड़ा चुकी हैं।

रणबीर-आलिया पर कसा तंज

कंगना की इस पोस्ट को देखने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने इस पोस्ट के जरिए रणबीर कपूर और आलिया भट्ट पर निशाना साधा है। रणबीर हाल ही में मां नीतू कपूर का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए लंदन गए हुए थे। वहीं इस दौरान आलिया और उनकी बेटी रेहा इंडिया में ही थे।

ऋचा चड्ढा ने शेयर की अपनी लव स्टोरी

हाल ही में एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर ऋचा चड्ढा ने द क्विंट से बात करते हुए अपनी लव स्टोरी शेयर की। ऋचा ने बताया कि उनके और अली फजल के बीच काफी कुछ कॉमन है और वो एक ही प्लैनेट से आते हैं। दरअसल, इंग्लिश में एक कहावत है कि 'मेन आर फ्रॉम मार्स एंड वीमेन आर फ्रॉम वीनस'। इसका मतलब है पुरुष मंगल जबकि महिलाएं शुक्र गृह से आती हैं। इस कहावत का इस्तेमाल पुरुषों और महिलाओं के साइकोलॉजिकल डिफेंस को समझाने के लिए किया जाता है। ऋचा चड्ढा ने इसी कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि वो और अली फजल एक ही प्लैनेट से आते हैं। इसका मतलब ये है कि उनके बीच कोई अंतर नहीं है।

पहली नजर में पसंद आ गए थे अली फजल

बीते दिनों द क्विंट को दिए एक इंटरव्यू में ऋचा ने बताया कि उन्होंने फर्स्ट मीटिंग में अली फजल को नादान समझा था। उन्होंने बताया कि वो पहली बार अली फजल से कास्टिंग डायरेक्टर के ऑफिस में मिली थीं और पहली नजर में ही अली उन्हें पसंद आ गए थे। लेकिन उनके बीच ठीक से बात नहीं हो पाई। उन्होंने कहा- फिर मैं अली से फिल्म फुकरे के सेट पर मिली। उनसे मिलकर लगा कि इनमें अब भी बहुत बचपना है। हालांकि, फिल्म के सेट पर हमारी बातें बढ़ने लगीं और मुझे ये समझ में आ गया कि हम एक ही प्लैनेट से आते हैं, हमारे बीच काफी कुछ कॉमन है।

अगर अली अच्छे एक्टर नहीं होते, तो शायद हम साथ नहीं होते

ऋचा ने ये भी बताया कि उन्होंने उनके और अली फजल के रिलेशनशिप के बारे में काफी समय तक किसी को नहीं बताया। ऋचा ने ये भी कहा कि अली के बहुत अच्छे एक्टर हैं और उन्हें उनके काम पर बहुत विश्वास है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि वो एक-दूसरे के काम की काफी इज्जत करते हैं और उनके साथ होने का ये भी एक कारण है। ऋचा ने कहा- हमारी समझ में हम दोनों टैलेंटेड एक्टर्स हैं और ये भी एक वजह है कि हम साथ हैं। वो थोड़ा अकड़ में रहता है पर एक्टर अच्छा है, नहीं होगा तो नहीं चलेगा।

प्रोटीन शेक पीने वाले लोगों से बढ़कर लाइफ पार्टनर चाहिए

ऋचा चड्ढा ने आगे बताया- आखिर आप अगर किसी को डेट कर रहे हैं तो आपके बीच बातें भी होंगी। मैं कभी भी किसी प्रोटीन शेक गाई को डेट नहीं करना चाहती थी। ऐसा नहीं है कि मेरे मन में प्रोटीन शेक पीने वाले लोगों के खिलाफ कुछ है लेकिन मैं सिर्फ अच्छी बॉडी नहीं चाहती। मेरा मतलब है पीलो, पर कुछ खा लो। इसके अलावा भी कुछ होना चाहिए।

वरुण धवन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी कीर्ति सुरेश



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश वरुण धवन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों तमिल फिल्म निर्माता कालीस द्वारा निर्देशित एक्शन से भरपूर नाटकीय मनोरंजन फिल्म में अभिनय करेंगे। फिल्म, जिसका अस्थायी शीर्षक है, का निर्माण मुराद खेतानी (सिने1 स्टूडियोज) और प्रिया एटली (ए फॉर एप्पल स्टूडियोज) द्वारा किया जा रहा है। इसे जवान के निर्देशक एटली कुमार प्रस्तुत करेंगे। कीर्ति अपने बॉलीवुड लॉन्च वाहन में कुछ तत्वों की तलाश में थीं, और वरुण धवन की यह फिल्म उनकी प्राथमिकताओं के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। वह भावनाओं, नाटक और एक्शन से भरी इस व्यावसायिक फिल्म में एक मजबूत और ग्लैमरस किरदार निभाएंगी। दक्षिण में खुद को स्थापित करने के बाद अपनी असाधारण अभिनय क्षमता और प्राकृतिक आकर्षण के साथ, कीर्ति पूरे भारत में अपने पंख फैलाने के लिए पूरी तरह तैयार है, और उस दिशा में पहला कदम है, फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। निर्माताओं ने स्पष्ट रूप से 31 मई, 2024 को प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को नवंबर तक पूरा करने के लिए तीन महीने की योजना बनाई है। वरुण, जिन्हें आखिरी बार अमर कौशिक की फिल्म भेड़िया में एक वेयरवोल्फ की भूमिका निभाते हुए देखा गया था, कथित तौर पर इस फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वर्तमान में, वह नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित और जान्हवी कपूर द्वारा अभिनीत अपनी अगली फिल्म बवाल की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर, कीर्ति के पास रोमांचक दक्षिण भारतीय परियोजनाओं की एक श्रृंखला है। उनकी आने वाली फिल्मों में चिरंजीवी के साथ भोला शंकर, उसके बाद रिवॉल्वर रीटा, रघु थाथा और कन्निवेदी शामिल हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस पर तापसी पन्नू का तंज

तापसी पन्नू बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जो तीखे जवाब देने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में तापसी ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ आस्क मी सेशन रखा। इस सेशन के दौरान एक्ट्रेस ने कई मजेदार रिप्लाय दिए। वहीं एक फैन को जवाब देते हुए उन्होंने कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस पर तंज कसा। इस सेशन के दौरान एक फैन ने तापसी से पूछा कि वो शादी कब कर रही हैं? इस पर एक्ट्रेस ने रिप्लाय दिया, 'मैं कब शादी कर रही हूं? मैं अभी प्रेग्नेंट नहीं हूं। तो जल्दी तो नहीं। जब करूंगी तो सबको बता दूंगी।' यह रिप्लाय देने के बाद तापसी कुछ देर तक हंसती भी नजर आईं। माना जा रहा है कि तापसी ने यह तंज बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस पर कसा है जो शादी से पहले प्रेग्नेंट हो जाती हैं।

अगली ट्रिप पर जाएंगी क्राबी आईलैंड

तापसी ने इस फैन इंट्रेक्शन के दौरान यह भी कहा कि इन दिनों वो शायद काम करने से ज्यादा हॉलीडे एंजाय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वो अपनी अगली ट्रिप के लिए थाइलैंड स्थित क्राबी आईलैंड जाएंगी।

कई सालों से रिलेशनशिप में हैं तापसी

तापसी पिछले कुछ सालों से बैडमिंटन प्लेयर-कोच मथायस बोए के साथ रिलेशनशिप में हैं। वो जब भी फिल्मों की शूटिंग से फ्री होती हैं तो बहन शगुन पन्नू और बॉयफ्रेंड के साथ हॉलीडे एंजॉय करती नजर आती हैं।

शादी के बाद ही बच्चे करना पसंद करूंगी

कुछ साल पहले पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में तापसी ने कहा था कि वो सिर्फ बच्चों के लिए शादी करेंगी। तापसी ने कहा था, 'मैं सिर्फ तभी शादी करूंगी जब मुझे बच्चे चाहिए होंगे। मैं शादी के बाद ही बच्चे करना चाहती हूं। मैं अपनी शादी के फंक्शन को प्राइवेट और शॉर्ट ही रखना पसंद करूंगी।''

शाहरुख संग 'डंकी' में आएंगी नजर

तापसी की अपकमिंग फिल्म डंकी हैं जिसमें वो शाहरुख स्टारर के अपोजिट नजर आएंगी। इस फिल्म को राजकुमार हिरानी डायरेक्ट कर रहे हैं। यह इस साल के अंत तक या फिर अगले रिलीज हो सकती है।

शाहरुख खान की डंकी के ओटीटी अधिकार जियो सिनेमा को मिले, 150 करोड़ में हुई डील!

शाहरुख खान की वापसी ने उन्हें एक बार फिर से फिल्म उद्योग का सबसे बड़ा सितारा साबित कर दिया है। इस वर्ष की शुरूआत में पठान से जबरदस्त परदे पर वापसी करने वाले शाहरुख खान की आगामी फिल्म जवान है जो 7 सितम्बर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है जिसे देखते हुए यह कहा जा रहा है कि जवान पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर पैन इंडिया के तौर पर 100 करोड़ की कमाई करने में कामयाब होगी। जवान के बाद शाहरुख खान की इस वर्ष 3री प्रदर्शित होने वाली फिल्म डंकी है जिसे राजकुमार हिरानी ने बनाया है। राजकुमारी हिरानी का नाम ही बॉक्स ऑफिस पर 100 प्रतिशत सफलता की गारंटी है। इस फिल्म को लेकर जो समाचार मिल रहे हैं उनके अनुसार राजकुमार हिरानी ने डंकी के ओटीटी अधिकार 150 करोड़ के भारी रकम में उभरते ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा को बेच दिए हैं। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जियो सिनेमा बड़े सितारों की वेब सीरीज और फिल्मों के अधिकार पर जबरदस्त पैसा खर्च कर रहा है। कहा जा रहा है कि वह ऐसा नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो को कमतर करने के लिए कर रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि डंकी के लिए हुई डील अब तक की सबसे ज्यादा डिजिटल सेल है। डंकी को जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स का समर्थन प्राप्त है। फिल्म दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में शाहरुख खान और तापसी के अलावा बोमन ईरानी भी होंगे। बॉक्स ऑफिस पर नजर रखने वालों का कहना है कि यदि जवान ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली तो डंकी इस वर्ष की सबसे अन्तिम 300 करोड़ी फिल्म होगी।

मेरे और करण जौहर के अंदर दिल्ली की आंटी है

अपकमिंग रोमांटिक ड्रामा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने वे कमलिया के लॉन्च पर मुख्य जोड़ी रणवीर सिंह और आलिया भट्ट ने निर्देशक करण जौहर के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। लॉन्च के दौरान दोनों से करण के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया। आलिया, जो एक इंटेलेक्चुअल बंगाली जर्नलिस्ट रानी चटर्जी का किरदार निभा रही हैं, ने जवाब देते हुए कहा रणवीर और करण का जो एप्रिसिएशन है, वह मैंने कहीं और नहीं देखा। करण और मैं फ्लो के साथ चलना चाहते हैं। हमने तो बस मजे किये। रणवीर के पास 51 वर्षीय फिल्ममेकर के बारे में शेयर करने के लिए कुछ मजेदार बातें थी। उन्होंने कहा, करण या मेरे अंदर ऐसा मर्द है जिनके अंदर दिल्ली की आंटी है। तेजतर्रार पंजाबी लड़के रॉकी रंधावा का किरदार निभा रहे रणवीर ने कहा, हम कपड़ों, ब्रांड के बारे में बात करते हैं। करण जन्म से ही एंटरटेनर हैं। मैं अभी उठा और सेट पर जाने के लिए उत्सुक था। यह एक तरह का दोस्तों का गेट टुगेदर था। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में आलिया-रणवीर शादी करने से पहले एक-दूसरे के परिवारों के साथ रहने का फैसला करते हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, नई दिल्ली, रूस और जम्मू-कश्मीर में की गई है। जोया अख्तर द्वारा निर्देशित 2019 की फिल्म गली बॉय के बाद इस फिल्म में आलिया और रणवीर एक बार फिर स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। हीरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित यह फिल्म 28 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ताबड़तोड़ जमा हो रहे हैं 2000 रुपये के नोट, 6 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा बैंकों का डिपॉजिट

नई दिल्ली, एजेंसी। 19 मई को भारतीय रिजर्व बैंक के 2000 रुपये के नोट को प्रचलन से बाहर करने के बाद बैंको का डिपॉजिट जबरदस्त तरीके से बढ़ा है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने के कारण जून में बैंको की जमा राशि छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और बढ़कर 191.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

सालाना 13 फीसदी की उछाल

सामाचार एजेंसी पीटीआई से केयर रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा कि 30 जून को समाप्त पखवाड़े में डिपॉजिट में सालाना 13 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि देखी गई और यह 191.6 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले छह वर्षों (मार्च 2017 के बाद से) में सबसे अधिक है जो आंशिक रूप से 2,000 रुपये के करेंसी नोटों की वापसी और जमा पर उच्च ब्याज दरों द्वारा समर्थित है।

क्या कहता है आरबीआई का डेटा?

इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने कहा था कि 2,000 रुपये के कुल 3.62 लाख करोड़ नोटों में से तीन-चौथाई से अधिक डिपॉजिट (85 प्रतिशत से अधिक) के माध्यम से सिस्टम में वापस आ गए हैं और बाकी नोट एक्सचेंज के रूप में वापस आ गए हैं।

पिछले 12 महीनों में 22 लाख करोड़ रुपये बढ़ा डिपॉजिट

समीक्षा अवधि में डिपॉजिट में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह क्रमिक रूप से 3.2 प्रतिशत बढ़कर 191.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। पिछले 12 महीने में डिपॉजिट में कुल 22 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

इसके अलावा समीक्षाधीन अवधि में क्रेडिट और जमा वृद्धि के बीच का अंतर नवंबर 2022 में 875 बीपीएस के मुकाबले घटकर 326 आधार अंक रह गया, जो सबसे बड़ा था जिसका कारण दो से तीन पखवड़े में डिपॉजिट में आई तेजी है।

16.2 प्रतिशत बढ़ा क्रडिट ऑफटेक

पर्सनल लोन, एनबीएफसी और कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के कारण 30 जून को समाप्त समीक्षाधीन पखवाड़े में क्रेडिट ऑफटेक (व्यवसायों और व्यक्तियों द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ली जाने वाली लोन की मात्रा) सालाना आधार पर 16.2 प्रतिशत की दर से बढ़कर 143.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। पिछले साल की समान अवधि में क्रेडिट पिकअप 14.5 फीसदी थी।

प्रवेग यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट धोलावीरा,गुजरात के निकट ईको रिस्पांसिबल लग्जरी रिसार्ट्स डेवलप करेगी

कंपनी ने नए प्रोजेक्ट के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किया

अहमदाबाद , एजेंसी। भारत की अग्रणी ईको-रिस्पांसिबल लग्जरीरिसार्ट्स कंपनी, प्रवेग लिमिटेड ने आज धोलावीरा, गुजरात में अपनी प्रथम परियोजना पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। 48461 वर्ग मीटर में फैली हुई इस परियोजना के प्रथम चरण में 30 प्रीमियम कॉटेज और एक रेस्टोरेंट होगा। ये कॉटेज अपने मेहमानों को आरामदायक और व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक निर्मित किए गए हैं। टूरिस्ट ग्रोथ की भावी मांग पूरी करने के लिए कंपनी ने विस्तार के लिए अतिरिक्त क्षेत्रों की व्यवस्था की है और 30 अन्य लग्जरियस कॉटेज बढा सकती है जिससे कुल क्षमता बढ़कर 60 कॉटेज हो जाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए कंपनी के चेयरमैन, श्री विष्णु पटेल ने कहा, हम धोलावीरा गुजरात में हमारी नई परियोजना की घोषणा करते हुए हर्षित है। यह परियोजना हमारे ऐसे मेहमानों को ईको-रिस्पांसिबल और लग्जरियस सेवाएं प्रदान करने के हमारे विजन के अनुरूप है, जो छानबीन ना किए गए क्षेत्रों की खोज करना चाहते हैं,जो भारत की विरासत और संस्कृति को दर्शाते हैं। इस परियोजना के इस वर्ष कार्यान्वित हो जाने की उम्मीद है और इस सीजन से बिजनेस करने की संभावना है। हम इस रोमांचक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट और इड्स वेली सभ्यता के समृद्ध इतिहास का अनुभव प्रदान करने के लिएहमारे पर्यटकों का स्वागत करने की उत्सुकता पूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह परियोजना विख्यात यूनेस्को वर्ल्ड हेरीटेज साइट, धोलावीरा से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित है,जो 5 सबसे बड़ी हड़प्पा साइटों में से एक है और भारत मेंइंडस वेली सभ्यता की अति प्रमुख ऑरकोलॉजिकल साइट है। कंपनी की एक यादगार परियोजना स्थापित करने की योजना है,जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के साथ सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित होगी। श्री पटेल ने आगे कहा धोलावीरा मेंहेरीटेज साइट के साथ पर्यटक सफेद रण डेजर्ट का भी अनुभव कर सकते हैं। यह साइट वर्षभर (बरसात के मौसम को छोड़कर)चालू रहेगी,आगंतुक पूरे वर्ष सफेद रण का अनुभव कर सकते हैं। ।इसरिसॉर्ट में हमारे स्टेकहोल्डरों और निवेशकों के लिए श्रेष्ठ वैल्यू का निर्माण करने के उद्देश्य से ऐसेट लाइट मॉडल भी है। धोलावीरा गुजरात के कच्छ जिले में स्थित एक प्राचीन शहर है, जो अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए विख्यात है जो अपने सफेद रण,विशेष आर्किटेक्चर और अर्बन प्लानिंग और परंपरागतआर्ट एवं क्राफ्ट के लिए विश्व भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। जो तीसरे से मध्य-दूसरीमिलेनियम बीसीइ तक साउथ एशिया में अति महत्वपूर्ण औरअति आरक्षित अर्बन सेटलमेंट है।

एडीबी ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा

नयी दिल्ली, एजेंसी। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष के लिए 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा और कहा कि मजबूत घरेलू मांग से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को उबरने में मदद मिलेगी। एडीबी ने 'एशियन डेवल्पमेंट आउटलुक' में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि ईंधन और खाद्य कीमतें घटने के कारण मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रहने की उम्मीद है, जो वैश्विक महामारी से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएगी।

972 पर जएगा अडानी का यह शेयर, 90 प्रतिशत कर चुका रिकवर, एक्सपर्ट बोले- खरीदो, बढ़ने वाला है भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंडनबर्ग अटैक के बाद अब अडानी ग्रुप के शेयर रिकवर कर रहे हैं। ब्रोकरेज भी अडानी ग्रुप के शेयरों पर बुलिश हैं और खरीदने की सिफारिश कर रहे हैं। अडानी ग्रुप का एक शेयर है- अडानी पोर्ट इस पर ब्रोकरेज सिटी ने पहली तिमाही के अच्छे नतीजों की संभावनाओं के बीच 972 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ स्टॉक पर बाय रेटिंग बनाए रखी है, जो मौजूदा स्तर से लगभग 34 प्रतिशत है। बता दें कि अडानी पोर्ट के शेयर वर्तमान में 728.30 रुपये पर है। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, अडानी ग्रुप का एकपोर्ट कार्गो वॉल्यूम में शानदार बढ़ोतरी और लॉजिस्टिक्स कारोबार में तेजी के कारण अडानी पोर्ट्स की पहली तिमाही में मजबूत रहने की उम्मीद है। जून तिमाही के दौरान, अडानी पोर्ट्स ने कुल कार्गो वॉल्यूम का 101.4 एमएमटी हासिल किया, जो साल-दर-साल 11.5 प्रतिशत की वृद्धि है। अधिकांश बंदरगाहों और सभी तीन कारोबारी कार्गो सेगमेंट में तेजी देखी गई।

चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रहेगी रफ्तार, 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी की ओर से भारत की विकास दर के अनुमान को चालू वित्त वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष के लिए 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। साथ ही बताया कि मजबूत मांग के चलते अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। एडीबी की ओर से एशियन डेवलपमेंट आउटलुक अपडेट में कहा गया कि उम्मीद की जा रही महंगाई दर में गिरावट जारी रहेगी और यह एक बार फिर से महामारी से पहले आंकड़ों को छू सकती है। अपने अनुमान में एडीबी ने बताया कि इस वर्ष विकासशील देशों में महंगाई दर 3.6 प्रतिशत रह सकती है, जबकि 2024 में महंगाई की दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.2 प्रतिशत पर रही थी। भारतीय अर्थव्यवस्था में ऐसे समय पर वृद्धि दर्ज की गई है, जब पश्चिमी देशों की अर्थव्यस्थाएं महंगाई के बोझ तले लड़खड़ा रही थीं। एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र तेजी से महामारी से उबर रहे हैं। घरेलू मांग और सर्विस क्षेत्र में गतिविधियां ग्रोथ के पीछे का मुख्य कारण है। साथ ही इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थओं को पर्यटन में रिकवरी का भी फायदा मिल रहा है। हालांकि, इंडस्ट्रियल गतिविधयां और निर्यात कमजोर रहने के कारण ग्लोबल ग्रोथ का आउटलुक कमजोर है और मांग अगले साल भी कमजोर रह सकती है।

भारत सही जगह और समय पर, नीता अंबानी बोलीं- देश की समृद्धि और संस्कृति का दुनिया में आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी के अनुसार भारत सही जगह और समय पर है और इसकी समृद्ध व संस्कृति दुनिया भर के लोगों को आकर्षित कर रही है। नीता अंबानी के फाउंडेशन ने न्यूयॉर्क में एक कला प्रदर्शनी का समर्थन किया है। द ट्री एंड द सर्पेंट नामक यह आयोजन मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में किया गया। फाउंडेशन की चेयरपर्सन ने बताया कि यह म्यूजियम में चौथा आयोजन है। उन्होंने कहा कि हमने इसकी शुरुआत 2016 में नसरील मोहामदी के साथ की थी। उन्होंने कहा कि एनएमएसीसी (नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर) में हमारा विजन है कि वैश्विक स्तर पर जो सर्वश्रेष्ठ है उसे भारत लाएं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं यहां आकर इस विशाल प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

नीता अंबानी बोलीं- भारतीय संस्कृति में दुनियाभर के लोगों की दिलचस्पी

प्रदर्शनी द ट्री एंड द सर्पेंट दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से 4 ईस्वी की अवधि तक के बौद्ध कला का हिस्सा है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं यहां आकर काफी उत्साहित हूं। भारत बौद्ध धर्म का उद्गम स्थल है और बौद्ध धर्म भारतीय लोकाचार के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि उनका फाउंडेशन दुनिया के विभिन्न संग्रहालयों के साथ सहयोग करने और भारत में कला लाने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, एनएमएसीसी खुलने के बाद पिछले तीन महीनों में हमने एक दिन में 5000 से 6000 लोगों को आते देखा। सिर्फ दो प्रदर्शनों के लिए हमारे पास डेढ़ लाख से अधिक लोग आए थे। भारत अब सही जगह और समय पर है। भारतीय संस्कृति का बहुत कुछ दुनिया भर के लोगों के लिए दिलचस्प है।

भारत का अपनी तरह का पहला, बहु-विषयक सांस्कृतिक स्थान, नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र, लगभग तीन महीने पहले खोला गया था, जिसका उद्देश्य संगीत, रंगमंच, ललित कला और शिल्प में दुनिया के सामने भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रदर्शित करना है। केंद्र का नाम रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता मुकेश अंबानी के नाम पर रखा गया था। सांस्कृतिक केंद्र मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के केंद्र में स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर के भीतर स्थित है।

भारत की थिंक360 शीर्ष एआई फिनटेक कंपनियों की सूची में शामिल

सिंगापुर, एजेंसी। मुंबई स्थित थिंक एनालिटिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जिसे थिंक360 एआई के नाम से भी जाना जाता है, केवल पांच एशिया-प्रशांत फर्मों में से एक थी, जिन्हें दुनिया के 100 सबसे नवीन एआई की एफिन्टेक100 सूची के 2023 संस्करण में नामित किया गया था। वित्तीय सेवा उद्योग के लिए समाधान प्रदाता। अपने तीसरे वर्ष में, सूची उद्योग विशेषज्ञों और विश्लेषकों के एक पैनल द्वारा संकलित की गई है और फिनटेक ग्लोबल द्वारा प्रकाशित की गई है, जो फिनटेक उद्योग पर ध्यान केंद्रित करने वाली जानकारी और मीडिया सेवाएं प्रदान करने वाला एक ऑनलाइन मंच है। विभिन्न क्षेत्रों और विशेष रूप से वित्तीय सेवाओं में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के बढ़ते उपयोग के साथ, फिनटेक ग्लोबल का मानना है कि ये कंपनियां ऐसी हैं जिनके बारे में हर वित्तीय संस्थान को जानना आवश्यक है क्योंकि वे अपनी डिजिटल परिवर्तन रणनीतियों और नए ग्राहक प्रस्तावों पर विचार करते हैं और विकसित करते हैं।

फिनटेक ग्लोबल फिनटेक सूचना सेवाओं, बी2बी मीडिया उत्पादों और उद्योग कार्यक्रमों की दुनिया की अग्रणी प्रदाता है, और 300,000 से अधिक फिनटेक पेशेवरों के नेटवर्क की सेवा करती है ताकि उन्हें आवश्यक व्यावसायिक जानकारी प्रदान की जा सके और उन्हें संभावित निवेशकों, ग्राहकों और भागीदारों से जुड़ने में मदद मिल सके। 2021 से लेकर क्ता-2022 तक की अवधि की तुलना में इस वर्ष क्यू1 में गिरावट के बावजूद, फिनटेक वीसी फंडिंग अभी भी कोविड से पहले की तुलना में अधिक है। इसका मुख्य कारण पिछले 6-9 महीनों में उच्च ब्याज दरों और धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था के कारण नरम तकनीकी फंडिंग माहौल है। डीलरूम के आंकड़ों के अनुसार, क्ता-2023 में फिनटेक अभी भी दूसरी सबसे अच्छी वीसी निवेश श्रेणी है।

सूरत के डायमंड एक्सचेंज ने अमेरिका के पेंटागन को छोड़ा पीछे, बनी दुनिया की सबसे बड़ी बिल्डिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। अभी तक दुनिया में सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग का खिताब अमेरिका के रक्षा विभाग के मुख्यालय भवन पेंटागन के नाम रहा है। इस बिल्डिंग में सबसे ज्यादा कर्मचारी काम करते थे। लेकिन अब सूरत में 4 साल की लागत से तैयार हुए सबसे बड़े डायमंड एक्सचेंज ने अमेरिका के पेंटागन को पीछे छोड़ दिया है। ये दुनिया की सबसे बड़ी बिल्डिंग बन गई है। इस इमारत का आधिकारिक उद्घाटन इस साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा सकता है। सूरत को दुनिया की र प्रतिशत राजधानी के रूप में जाना जाता है जहां दुनिया के 90 प्रतिशत हीरे तराशे जाते हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि इस इमारत में 65,000 से अधिक हीरा प्रोफेशनल्स काम कर सकेंगे। इसमें पॉलिशर्स, कटर्स और व्यापारी आदि शामिल होंगे। इसे वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में बनाया गया है। इस इमारत को सूरत डायमंड बोर्स नाम दिया गया है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मंजिला इमारत 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है और इसमें नौ आयताकार बिल्डिंग्स है जो सभी एक सेंट्रल स्पाइन से जुड़ी हुई हैं।

हिंडनबर्ग विवाद पर बोले गौतम अडानी, कहा- हम पर लगाए गए झूठे आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी समूह की एजीएम के तहत अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी टोटल गैस की सालाना जनरल मीटिंग 2023 आज आयोजित हुई। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने इस एजीएम में शेयरधारकों और कंपनियों के अधिकारियों को संबोधित किया है। दोनों कंपनियो ने पहले ही इसके बारे में स्टॉक्स एक्सचेंजों को जानकारी दे दी थी। गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बारे में खुलकर बात की और कहा कि हिंडनबर्ग ने गणतंत्र दिवस की संध्या पर हमारे खिलाफ गलत रिपोर्ट जारी की जिसमें हम पर झूठे आरोप लगाए गए और अडानी समूह को चोट पहुंचाने की कोशिश की गई। ये पूरी तरह

अडानी समूह के खिलाफ एक निगेटिव माहौल बनाने का प्रयास था। गौतम अडानी ने कहा कि अमेरिका के इस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अपने हितों को पूरा करने के लिए अडानी समूह के खिलाफ रिपोर्ट निकाली और इसकी टाइमिंग बेहद जानबूझकर अडानी के एफपीओ के समय रखी गई। अडानी समूह के शेयरों की कीमत पर भी इस रिपोर्ट का असर देखा गया और काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। हमने अपने निवेशकों के हितों को सुरक्षित करने के लिए फॉलोऑन पब्लिक ऑफर को वापस ले लिया जिससे कि उन्हें हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का निगेटिव असर ना झेलना पड़े। गौतम अडानी ने कहा कि हमारे खिलाफ आरोपों के चलते सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी बनाई, हालांकि एक्सपर्ट कमिटी को रेगुलेटरी खामियां नहीं मिली। हमारी छवि खराब करने की कोशिश की गई। सेबी के पास भी ये मामला है और सेबी को सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट सबमिट करना है। सेबी को रिपोर्ट सबमिट करने के हमारे डिस्क्लोजर पर भरोसा है। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है और इस कठिन घड़ी में अडानी समूह पर निवेशकों का भरोसा बना रहा। हालांकि हमें टारगेट कर निशाना बनाया गया लेकिन निवेशकों का हम पर भरोसा है। गौतम अडानी ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। साल 2030 तक तीसरी और 2050 तक भारत की इकोनॉमी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इसके लिए केंद्र में स्थाई सरकार होना जरूरी है और हमें देश के 5 ट्रिलियन डॉलर क अर्थव्यवस्था बनने का पूरा भरोसा है।

गोवा में अगले साल जनवरी से सभी नए पर्यटक वाहन इलेक्ट्रिक होंगे : मुख्यमंत्री सावंत

पणजी, एजेंसी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि अगले साल जनवरी से राज्य में किराये पर उपलब्ध कराए जाने वाले सभी नए पर्यटक वाहन इलेक्ट्रिक होंगे। इनमें कैब सेवा वाले वाहन और मोटरसाइकिल भी शामिल हैं। सावंत ने कहा कि गोवा सरकार ने तटीय राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए बड़े सुधारों का प्रस्ताव दिया है। सावंत ने पणजी में भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत चल रही चौथी ऊर्जा परिवर्तन कार्यसमूह की बैठक से इतर नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस कार्यक्रम में भारत के जी20 के शेरपा अमिताभ कांत ने भी हिस्सा लिया। सावंत ने कहा कि राज्यों द्वारा खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की सूची में गोवा चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि अगले साल जनवरी से किराये पर दिए जाने वाले सभी नए पर्यटक वाहन, कैब और मोटरसाइकिल अनिवार्य रूप से बिजलीचालित होंगे। जनवरी, 2024 से सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले नए वाहन भी अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक होंगे।

भारत की सबसे बड़ी लाइव टीवी स्ट्रीमिंग सेवा बनाने के लिए एमएक्स प्लेयर और डिस्ट्रो टीवी ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। सबसे बड़े स्वतंत्र, मुफ्त और विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी ऐप्स में से एक, डिस्ट्रो टीवी ने आज घोषणा की है कि वे ऐप-इन-ऐप एकीकरण के माध्यम से भारत के अग्रणी ह्ज्ञ्ज्ञ प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर के साथ साझेदारी करके अपने वितरण का विस्तार कर रहे है। अब भारत के लाखों एमएक्स प्लेयर युजर्स भारत के सैकड़ों चैनलों के साथ डिस्ट्रो टीवी का प्रभावी और विविध प्रकार का कॉन्टेन्ट मुफ्त में स्ट्रीम कर सकते हैं।डिस्ट्रो टीवी के वैश्विक स्तर पर 270 से अधिक और भारत में 180 चैनल हैं और यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इस में समाचार, खेल, फिल्में, संगीत और मनोरंजन तथा जीवनशैली कॉन्टेन्ट से लेकर सब कुछ शामिल है। इस में मूल कॉन्टेन्ट और हिंदी, तमिल, बंगाली, मराठी, अंग्रेजी, पंजाबी भाषाओं को सेवा देनेवाले नए चैनल की पेशकश भी शामिल है। इस में अधिकभाषाएँ और चैनलों को जोड़ा जा रहा है।एमएक्स प्लेयर के प्रवक्ता ने कहा, हम लगातार और भी बेहतर मनोरंजन देने की कोशिश कर रहे हैं। अपने दर्शकों को अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम युजर अनुभव प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। डिस्ट्रो टीवी के साथ हमारी साझेदारी हमारे ग्राहकों के लिए शानदार खबर है क्योंकि इससेउन्हें विविध प्रकार का मनोरंजन पाने का एक बड़ा अनुभव मिलेगा।हम दुनिया की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवाओं में से एक, एमएक्स प्लेयर के साथ साझेदारी करते हुए उत्साहित हैं।

250 रुपये किलो वाला टमाटर 80 में बेच रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में टमाटर की बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। तकरीबन ज्यादातर सब्जियों में इस्तेमाल होने वाला टमाटर का स्वाद अब अधिकतम लोगों के जुबां से चला गया है। वजह सिर्फ एक ही है, टमाटर की कीमतें। देश में टमाटर की कीमत 250 रुपये प्रति किलों तक पहुंच गई हैं। लोगों को ऊंची कीमतों से बचाने के लिए केंद्र सरकार रियायती कीमत पर टमाटर उपलब्ध करवा रही है। केंद्र सरकार ने रविवार को तत्काल प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर और अन्य जगहों पर टमाटर की सब्सिडी दर 90 रुपये प्रति किलोग्राम से घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी।

इन जगहों पर 80 रुपये किलो मिल रहा है टमाटर

देश भर में 500 से अधिक स्थानों पर टमाटर की कीमतों और आवश्यकताओं के फिर से आकलन करने के बाद, टमाटर की

कीमतों को घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया गया।

भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया केंद्र की ओर से मोबाइल डिलीवरी ट्रकों के माध्यम से टमाटर का विपणन करता है। ह्लस्नश्वष्ठ और ह्लष्टष्टस्न के माध्यम से, दिल्ली एनसीआर, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, पटना, मुजफ्फरपुर और आरा जैसी जगहों पर सामान्य बाजार कीमतों से कम कीमत पर टमाटर की बिक्री शुरू हो गई है।

शनिवार को सरकार ने बेचे 18 हजार किलो टमाटर

बारिश और बदले मौसम के कारण बीते शनिवार को बड़े शहरों के खुदरा बाजारों में टमाटर की कीमत 250 रुपये प्रति किलो के स्तर पर रही थी। सरकार के मुताबिक, भारत में टमाटर की औसत कीमत करीब 117 रुपये प्रति किलो थी। शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल वैन द्वारा लगभग 18,000 किलोग्राम टमाटर बेचे गए।

केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री रोहित कुमार सिंह ने एक ट्वीट में कहा कि दिल्ली और नोएडा के कुछ हिस्सों को छोड़कर, लखनऊ, पटना और मुजफ्फरपुर में शनिवार से टमाटर की सब्सिडी वाली बिक्री शुरू हो गई है।

दिल्ली में इस जगह सरकार बेच रही है सस्ता टमाटर

अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो आप करोल बाग, पटेल नगर, पूसा रोड, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नेहरू प्लेस, गोविंद लाल शिका मार्ग, आदर्श नगर, वजीरपुर में जेजे स्लम और ढोढ़ापुर शिवमंदिर जैसे क्षेत्रों में सस्ते दाम पर खरीद सकते हैं। सरकार यहां लगभग 50 मोबाइल वैन के जरिए टमाटर बेच रही है।

अगर एनसीआर में नोएडा की बात करें तो यहां सहकारी समिति रजनीगंधा चौक स्थित अपने कार्यालय से सब्सिडी वाले टमाटर बेच रही है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में भी सरकार मोबाइल वैन से टमाटर बेच रही है। आप नोएडा सेक्टर 78 और ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर भी कम कीमत में टमाटर खरीद सकते हैं।

दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय क्रिकेटरों ने जीता दिल

त्रिनिदाद (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम वीरवार को दूसरा व सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच विंडीज के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है। भारतीय टीम की नजरें 'क्लीन स्वीप' पर होंगी, लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों का एक वीडियो सामने आया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया।

दरअसल, बीसीसीआई ने अपने सोशल अकाउंट्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय क्रिकेटर्स त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन स्टेडियम में आते समय अपने फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। साथ ही उनको ओटोग्राफ भी दिए। रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा समेत कई सदस्यों ने कुछ समय लेते हुए फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। इस दौरान उनके चेहरे पर मुस्कुराहट भी नजर आई। जहां कई क्रिकेटर्स फैंस से दूरी बनाते नजर आते हैं तो वहीं भारतीय क्रिकेटरों ने उनके लिए समय निकाल दिल जीतने का काम किया।

ईशान किशन को मौके देने होंगे, वह आक्रामक क्रिकेट खेलता है : रोहित

त्रिनिदाद (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन से काफी उम्मीदें हैं और उन्होंने संकेत दिया कि उसके हुनर को निखारने के लिये उसे टेस्ट क्रिकेट में और मौके दिये जायेंगे । ईशान ने रोसीयू में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण किया जो भारत ने एक पारी और 141 रन से जीता । रोहित ने कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे स्पिनरों के सामने ईशान की विकेटकीपिंग से वह काफी प्रभावित हैं । भारतीय टीम दूसरा टेस्ट बृहस्पतिवार से खेलेगी । पहले टेस्ट में ईशान के प्रदर्शन के बारे में पूछने पर रोहित ने कहा ,''ईशान काफी प्रतिभाशाली है । हमने उसके संक्षिप्त कैरियर में यह देखा है।उसने हाल ही में वनडे क्रिकेट में 200 रन बनाये हैं । उसके पास प्रतिभा है और हमें उसे निखारना है। उन्होंने कहा ,''हमें उसे मौके देने होंगे । वह बायें हाथ का बल्लेबाज है और आक्रामक क्रिकेट खेलता है ।

ईशान की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हैं रोहित- उन्होंने कहा ,'' मैने उससे खुलकर बात की है कि मैं उसे किस तरह से खेलते देखना चाहता हूं । मैने उसे पूरी आजादी दी है । यही हमारा काम भी है । भारत ने जब पहली पारी घोषित की तब तक ईशान 20 गेंद ही खेल सके थे । रोहित ने कहा कि वह ईशान की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हैं खासकर जब गेंद टर्न ले रही थी । उन्होंने कहा ,'' मैं उसकी विकेटकीपिंग के बारे में बात करना चाहूंगा । उसने पहला टेस्ट खेलने के बावजूद शानदार विकेटकीपिंग की । टर्न लेती पिच पर अश्विन और जडेजा के सामने विकेटकीपिंग करना आसान नही था । मैं उससे काफी प्रभावित हूं ।

भारतीय कप्तान ने कहा ,'' वह एक रन ही बना सका क्योंकि हमें पारी का ऐलान करना था ।हम चाहते हैं कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज लंबे समय तक बल्लेबाजी करेंगे । अगर मौका मिलता है तो ईशान भी लंबी पारी खेलने के लिये तैयार है। रोहित ने विजयी टीम में बड़े बदलाव से इनकार किया लेकिन कहा कि यहां खराब मौसम के कारण पिच को लेकर स्पष्टता नहीं मिल रही है। भारत ने पहला टेस्ट बड़े अंतर से जीता जिसमें यशस्वी जायसवाल ने भी पदार्पण किया और शुभमन गिल नये क्रम पर बल्लेबाजी के लिये उतरे ।

महिला विश्व कप फुटबॉल में नजरें ऑस्ट्रेलिया पर, पहचान बनाने की कोशिश में न्यूजीलैंड

आकलैंड (एजेंसी)। रग्बी के लिये अपनी दीवानगी के लिये मशहूर न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल विश्व कप की सह मेजबानी के जरिये देश में इस खेल का ग्राफ ऊपर उठते देखना चाहता है । टूर्नामेंट के पहले दिन न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप ए में नॉर्वे से और सह मेजबान आस्ट्रेलिया की टक्कर सिडनी में आयरलैंड से होगी । कीवी डिफेंडर अली रिले ने कहा ,'' मैं उम्मीद करती हूं कि यहां हमारे मैच के लिये ही नहीं बल्कि सभी मैचों के लिये भारी संख्या में दर्शक आयेंगे ।यह विश्व कप है और हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं । हम इसके लिये तीन साल से मेहनत कर रहे हैं ।

न्यूजीलैंड फुटबॉल ने ऐलान किया है कि आकलैंड के ईडन पार्क पर पहले मैच में कम से कम 50000 दर्शक होंगे जो देश के फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा है । आस्ट्रेलिया के पहले मैच के लिये टिकटों की मांग इतनी अधिक है कि मैच स्टेडियम आस्ट्रेलिया में कराना पड़ रहा है जिसकी दर्शक क्षमता 82000 है और इसे सिडनी ओलंपिक 2000 के लिये बनाया गया था ।

एशिया कप का फाइनल शेड्यूल आया सामने

2 सितंबर को कैंडी में होगा भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

नईदिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका-पाकिस्तान में होने जा रहे एशिया कप 2023 का फुल शेड्यूल सामने आ चुका है। पहला मैच 30 अगस्त को पाकिस्तान बनाम नेपाल के बीच होगा। और 17 सितंबर को फाइनल मुकाबला श्रीलंका में खेला जाएगा। इस साल वनडे फॉर्मेट में हाइब्रिड मॉडल के आधार खेला जाएगा। टूर्नामेंट के 4 मैच पाकिस्तान में जबकि बाकी के मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 2 सितंबर को कैंडी में खेला जाएगा। हालांकि अभी आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। एशिया कप 6 देशों की टीमों के बीच वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। कुल 13 मैच खेले जाएंगे। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान और नेपाल को ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें शामिल हैं। ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने वाली दो-दो टीमें सुपर-4 में जगह बनाएंगी, जबकि सुपर-4 में सभी टीमों के पास फाइनल में जगह बनाने के लिए तीन-तीन मैच होंगे।

एशिया कप 2023 का पूरा शेड्यूल –

30 अगस्त - पाकिस्तान बनाम नेपाल - मुल्तान
31 अगस्त - बांग्लादेश बनाम श्रीलंका - कैंडी
2 सितंबर - भारत बनाम पाकिस्तान - कैंडी
3 सितंबर - बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान - लाहौर
4 सितम्बर - भारत बनाम नेपाल - कैंडी
5 सितंबर - श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान - लाहौर

सुपर–4 (प्रत्येक टीम खेलेगी तीन मैच) –

6 सितंबर - ए1 बनाम बी2 - लाहौर
9 सितंबर - बी1 बनाम बी2 - कैंडी
10 सितंबर - ए1 बनाम ए2 - कैंडी (भारत - पाकिस्तान, सुपर-4 में दोनों टीमों के पहुंचने की सूरत पर)
12 सितंबर - ए2 बनाम बी1 - दांबुला
14 सितंबर - ए1 बनाम बी1 - दांबुला
15 सितंबर - ए2 बनाम बी2 - दांबुला
17 सितंबर - फाइनल - कोलंबो

आज सीरीज में सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

• अक्षर पटेल को मिल सकता है मौका

त्रिनिदाद (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में भारतीय टीम की नजरें 'क्लीन स्वीप' सूपड़ा साफ करने पर होंगी जबकि अजिंक्य रहाणे बड़ी पारी खेलकर अपने कैरियर को विस्तार देने की कोशिश में होंगे । यह मैच दोनों टीमों के बीच सौवां टेस्ट भी है । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि यह बड़ा मौका है और उनकी टीम पहले मैच की तरह अपना दबदबा बनाये रखने का प्रयास करेगी । डोमिनिका में पहले मैच में भारत ने एक पारी और 141 रन से जीत दर्ज की थी

यहां आज से शुरू हो रहे टेस्ट के बाद भारत को अब दिसंबर जनवरी में ही दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट खेलना है । यानी रहाणे जैसे खिलाड़ियों के लिये उस श्रृंखला की टीम में चयन की दावेदारी पुख्ता करने का यह आखिरी मौका है। पिछले 18 महीने में पहला टेस्ट खेलते हुए रहाणे ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन डोमिनिका में मौके नहीं मिल सके क्योंकि भारत ने एक पारी में ही बल्लेबाजी की । ऐसी प्रबल संभावना है कि भारतीय टीम फिर एक ही बार बल्लेबाजी करेगी । ऐसे में रहाणे को पूरा फायदा उठाना होगा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले श्रेयस अय्यर भी फिट हो जायेंगे । बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड ने इस मैच से पहले कहा था कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये भारत को रहाणे के फॉर्म में रहने की जरूरत होगी । उन्होंने कहा ,'' तकनीक पर तो आप लगातार काम करते हैं लेकिन मुझे उनके स्थिर रवैये ने प्रभावित किया । वह गेंद को देर से खेल रहा था और शरीर के पास भी । वह नेट्स पर भी ऐसे ही खेल रहा है । दक्षिण अफ्रीका के हालात में ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होगी ।

पहला मैच तीन दिन के भीतर ही जीतने वाली टीम में ज्यादा बदलाव की गुंजाइश तो नहीं है लेकिन देखना होगा कि खराब प्रदर्शन कर रहे तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को फिर मौका मिलता है या नहीं । 31 वर्ष के उनादकट ने 13 साल में तीन ही टेस्ट खेले हैं । डोमिनिका में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला और उन्होंने नौ ओवर ही डाले । पहले मैच में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की तूती बोली । इस मैच में भी पिच टर्निंग होने की संभावना है जिससे कैरेबियाई टीम में बल्लेबाजी हरफनमौला रेमन रीफर की जगह स्पिन हरफनमौला केविन सिनक्लेयर को शामिल किया गया है । भारतीय टीम ऐसे में उनादकट की जगह एक और स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल को उतार सकती है । शार्दुल ठाकुर को भी मौका मिल सकता है जिनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार आया है ।

पदार्पण टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने यशस्वी जायसवाल इस लय को कायम रखना चाहेंगे । शुभमन गिल तीसरे नंबर पर उतरने के बाद 11 गेंद ही खेल सके और वह भी बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे । दिसंबर 2018 से विदेश में शतक नहीं लगा सके विराट कोहली उस कमी को पूरा करना चाहेंगे । वहीं पदार्पण टेस्ट में पहला रन बनाने के लिये 20 गेंद तक इंतजार करने वाले ईशान किशन को भी मौके का इंतजार होगा । वेस्टइंडीज के लिये पदार्पण करने वाले एलिक अथानाजे को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सका । उसे तेज गेंदबाजों की मददगार पिच की जरूरत है ताकि केमार रोच और अलजारी जोसेफ कोई कमाल कर सकें ।

टीमें

भारत – रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत, ईशान किशन, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, नवदीप सैनी ।

वेस्टइंडीज- क्रेग ब्रेथवेट (कप्तान) , जर्मेन ब्लॉकवुड, जोशुआ डासिल्वा, एलिक अथानाजे, रहकीम कॉर्नवेल, शेनोन गैब्रियल, जैसन होल्डर, अलजारी जोसेफ, रेमन रीफर, केमार रोच, टी चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, जोमेल वारिकन । मैच का समय ~शाम 7 . 30 से ।

बजरंग पूनिया को ट्रायल से छूट देने पर उठे सवाल, सुजीत बोले- इसे 5 पहलवान हरा सकते हैं

नईदिल्ली (एजेंसी)। अंडर 23 एशियाई चैम्पियन सुजीत कलकल ने बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश देने पर आईओए की तदर्थ समिति की आलोचना करते हुए कहा है कि ओलंपिक चैम्पियन बनने का सपना देखने वाले अगली पीढी के पहलवानों के साथ यह नाइंसाफी है । भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग (65 किलो फ्रीस्टाइल) और विनेश फोगाट (53 किलो) को 22 और 23 जुलाई को यहां होने वाले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल से छूट दे दी । अंडर 20 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता कलकल ने कहा कि 65 किलो में कम से कम पांच छह पहलवान हैं जो बजरंग को हरा सकते हैं ।

उन्होंने कहा ,'' मैने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल ट्रायल में एक साल पहले बजरंग का सामना किया था जो काफी करीबी मुकाबला था । ट्रायल के दौरान बजरंग को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला जबकि हमने सारे मुकाबले खेले । उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होंने अमेरिका के जान माइकल डी को 8 . 2 के अंतर से हराया जबकि बजरंग विश्व चैम्पियनशिप में इसी पहलवान से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए थे ।

उन्होंने कहा ,'' विश्व चैम्पियनशिप में भी बजरंग को ट्रायल के बिना भेजा गया था ।अमेरिकी पहलवान ने उसे 10 . 0 से हराया और मैने उसी अमेरिकी पहलवान को विश्व रैंकिंग सीरिज में 8 . 2 से मात दी । सुजीत ने ट्यूनिस में हुई रैंकिंग सीरिज जीती थी । उन्होंने कहा ,'' मैं यह नहीं कहता कि सिर्फ मैं बजरंग को हरा सकता हूं । हमारे भारवर्ग में कम से कम पांच से छह पहलवान ऐसे हैं जो उसे हरा सकते हैं । यही वजह है कि सभी को समान मौका मिलना चाहिये और निष्पक्ष ट्रायल होना चाहिये । एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से होंगे ।

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 1-4 से हारी

विस्बाडेन (जर्मनी) (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम को मेजबान जर्मनी के खिलाफ पहले मैच में 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम इस दौरे पर जर्मनी के खिलाफ दूसरा मुकाबला बुधवार खेला। युवा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (29 वां मिनट) भारत के लिए एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी

रही। जर्मनी के लिए नाइक लोरेंज (छठे और 59वें मिनट) और जेटे फ्लेशचुट्ज (14वां और 43वां मिनट) ने दो-दो गोल किये। जर्मनी ने आक्रामक अंदाज में मैच शुरू कर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया।

टीम ने इस दौरान भारतीय रक्षापंक्ति को भेदते हुए दो गोल दागे। नाइक ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला तो वहीं जेटे ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। इस बीच भारत ने भी 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में अच्छी वापसी की और इस दौरान खिलाड़ियों के बीच अच्छा तालमेल दिखा। टीम ने इस क्वार्टर में जर्मनी को गोल करने के मौके से दूर रखा। वैष्णवी ने 29 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जिससे भारतीय टीम ने दबाव कम किया।

जेमिमा रोड्रिग्स का बल्ले से बाद गेंद से कहर, भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को पीटा

मीरपुर (एजेंसी)। जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतक और फिर खतरनाक बॉलिंग की वजह से भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा वनडे जीत लिया है। भारतीय महिला क्रिकेट ने पहले बैटिंग करते हुए इस मुकाबले में 8 विकेट पर 228 रन बनाए। जेमिमा ने 78 गेंदों पर 86 रनों की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की पारी सिर्फ 120 रनों पर ही सिमट गई। टीम इंडिया ने मुकाबले को 108 रनों से अपने नाम किया। गेंदबाजी में भी जेमिमा ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया। एक ही मैच में उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी पारी खेलने के साथ ही अपना बेस्ट स्पेल भी डाला। भारत की इस जीत के साथ ही 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है।

हरमनप्रीत और जेमिमा ने संभाली पारी- टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 58 गेंद में 36 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम 68 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। जेमिमा (86)और हरनमप्रीत (52) ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 91 गेंद में 73 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। करियर की सर्वश्रेष्ठ वनडे अंतरराष्ट्रीय पारी खेलने वाली जेमिका ने हरलीन देओल (25) के साथ भी 55 रन की साझेदारी की।

हरमनप्रीत के बाएं हाथ में दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट होने पर हरलीन क्रीज पर उतरी थी। भारत जेमिमा की आक्रामक पारी की बदौलत शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में धीमी शुरुआत से उबरने में सफल रहा। जेमिमा ने 78 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके मारे। हरमनप्रीत पारी के अंतिम ओवरों में मैदान पर उतरीं और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। हरमनप्रीत ने 88 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके जड़े। इससे पहले भारतीय बल्लेबाजों को बांग्लादेश के गेंदबाजों की सटीक लाइन और लेंथ के सामने रन बनाने में परेशानी हुई। मारूफा अख्तर ने पारी के पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज प्रिया पूनिया (07) को बोल्ड किया जबकि यस्तिका भाटिया (15) रन आउट हुईं। इसके बाद जेमिमा और हरमनप्रीत कौर ने भारतीय पारी को संभाला।

बांग्लादेश की बैटिंग रही फेल- बांग्लादेश की बैटिंग इस मुकाबले में पूरी तरह फेल रही। टीम के लिए सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक पहुंच पाईं। दीप्ति शर्मा ने चौथे ओवर में टीम को पहली सफलता दिलाई। अगले ओवर में दूसरी सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून (12) भी आउट हो गईं। फारगना हक ने बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 47 रनों का योगदान दिया।

टी-20 में आंद्रे रसेल ने लगाया सबसे लंबा छक्का, शहर में जाकर गिरी गेंद, वीडियो आया सामने

यूएस (एजेंसी)। जब किसी बल्लेबाज का बल्ला चलता है तो फिर रनों की बरसात के साथ-साथ छक्कों की बौछार होती भी नजर आती है। फिलहाल, दर्शक, मेजर लीद क्रिकेट का मजा उठा रहे हैं जो इन दिनों अमेरिका में खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का 8वां मैच लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के बीच खेला गया, जिसमें विंडीज के धुरंधर आंद्रे रसेल ने इस टूर्नामेंट का सबसे लंबा छक्का लगाने का कारनामा कर दिखाया।

रसेल के इस छक्के की लंबाई 108 मीटर थी

यह छक्का उस समय आया, जब सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलने वाले पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज हारिस राउफ 19वां ओवर फेंकने आए। लॉस एंजिल्स के लिए खेल रहे आंद्रे रसेल उनका सामना कर रहे थे। जैसे ही राउफ ने ओवर की पहली गेंद फेंकी जो रसेल ने लंबा छक्का जड़ दिया। गेंद स्टेडियम से बाहर होकर शहर में सड़क के बीच जा गिरी। यह छक्का देख क्रिकेट फैंस भी हैरान रह गए। इसकी लंबाई 108 मीटर रही। रसेल के इस छक्के का वीडियो मेजर लीग क्रिकेट के आधिकारिक सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया। वीडियो को शेयर कर कैप्शन में लिखा गया, एक सौ आठ मीटर! यानी, रसेल के इस छक्के की लंबाई 108 मीटर थी। कुछ वक़्त पहले टेक्सास सुपर किंग्स के ड्वेन ब्रावो ने 106 मीटर का छक्का लगाया था। लेकिन अब, रसेल ने ब्रावो के उस छक्के के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

फिर भी हार गई टीम

हालांकि, सबसे लंबा छक्का लगाने का कारनाम करने वाले रसेल अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर लॉस एंजिल्स को 213 रनों का लक्ष्य दिया। टीम की ओर से मैथ्यू वेड ने 41 गेंदों में 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 78 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली। जवाब में उतरी लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 191 रन ही स्कोर कर सकी। उनके लिए आंद्रे रसेल ने नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 42 रन बनाए। साथ ही ओपनर जेसन रॉय ने 21 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 45 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली।

संक्षिप्त समाचार

विपक्षी एकता को मायावती का झटका; अकेली ही चुनाव लड़ेगी बसपा

लखनउ, एजेंसी। बसपा लोकसभा चुनाव 2024 अकेले दम पर लड़ेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती इसका ऐलान कर विपक्षी गठबंधनों को बड़ा झटका दिया है। दोनों गठबंधन पर निशाना साधते हुए मायावती ने ऐलान किया कि बसपा 2024 में किसी के साथ गठबंधन नहीं करने जा रही है। मायावती ने बीजेपी और कांग्रेस पर सत्ता के लिए गठबंधन करने का आरोप लगाया है। मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मायावती ने कहा कि कांग्रेस और एनडीए जातिवाद वादियों के साथ गठबंधन करेंगे। इनकी नीयत ठीक नहीं है। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर हमला बोला है। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव अब बेहद नज़दीक हैं। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की बैठकों का दौर चल रहा है। एनडीए अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की दलीलें दे रहा है और विपक्ष गठबंधन सत्ताधारी को मात देने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसमें बसपा भी पीछे नहीं है। सभी विपक्षी दलों की सोच एक जैसी है, यही कारण है कि बसपा ने इनसे दूरी बनाई है। बीएसपी लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा कि बीजेपी का मुद्दा राजनीतिक स्वार्थ के लिए है। बीजेपी की बातें और दावे खोखले हैं। बीजेपी और कांग्रेस हवा हवाई बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जातिवादियों के साथ गठबंधन है। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए गठबंधन कर रही है। विपक्षी गठबंधन सत्ता का सपना देख रहे है। वहीं बसपा सुप्रीमो ने मायावती ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने की भी घोषणा की।

प्रतिद्वंद्वी एनसीपी गुटों से जुड़े विधायकों पर कोई स्पष्टता नहीं

मुंबई, एजेंसी। पिछले दो दिनों से 17 जुलाई से शुरू हुए महाराष्ट्र विधानसभा सत्र में भाग लेने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विधायकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है। एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार का समूह पहले की तरह विपक्ष में बैठा है, जबकि अजीत पवार के नेतृत्व वाला अलग हुआ गुट सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गया है और सत्ता पक्ष पर कब्जा कर लिया है। अक्टूबर 2019 के विधानसभा चुनावों में एनसीपी के कुल 53 विधायक चुने गए, जिससे त्रिशंकु सदन सामने आया। मानसून सत्र के पहले दिन लगभग दो दर्जन राकांपा विधायकों ने भाग लिया - विपक्ष में 10 और सत्ता पक्ष में 15। पार्टी के एक नेता के अनुसार, दूसरे दिन, विपक्ष की ओर लगभग 25 राकांपा विधायक थे, और सत्ता पक्ष में लगभग 20 विधायक थे। अजित पवार खेमे ने विभाजन के दिन 2 जून से दावा किया है कि उसके पास बहुमत या लगभग 33 विधायकों की ताकत है, बाकी को शरद पवार के पास छोड़ दिया गया है। हालांकि, जैसा कि एनसीपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है, अजित पवार पक्ष के लिए आंकड़े बिल्कुल अच्छे नहीं हो सकते, क्योंकि वे दल-बदल विरोधी प्रावधानों से बचने के लिए दो-तिहाई के निशान से कम हो सकते हैं, और अयोग्यता सहित कार्रवाई का जोखिम हो सकता है। अजित पवार गुट ने पिछले दो दिनों में शरद पवार गुट के साथ समझौते की दो बेताब कोशिशें की हैं। रविवार और सोमवार को उप मुख्यमंत्री अजीत पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे सहित राकांपा के अलग हुए नेताओं ने शरद पवार से मुलाकात की और उनसे पार्टी की च्एकताज पर विचार करने के लिए कहा। शरद पवार ने दोनों अवसरों पर उनका विनम्रता से स्वागत किया और धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनी, लेकिन उनके सुझाव का कोई जवाब नहीं दिया, जिससे दूसरा पक्ष चिंतित हो गया।मंगलवार को प्रतिद्वंद्वी खेमे अपेक्षाकृत शांत थे, क्योंकि शरद पवार विपक्षी दलों के सम्मेलन के लिए बेंगलुरु में थे, जबकि अजीत पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए पटेल और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ दिल्ली गए थे। इस बीच, दोनों समूहों की संबंधित ताकत पर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, यहां तक कि अजीत पवार खेमा भी धीरे-धीरे उग्र दिखाई दे रहा है। पार्टी के सूत्रों से पता चलता है कि शरद पवार ने अपने ही भतीजे के नेतृत्व में बगावत के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है, और माफ करने या भूलने के मूड में नहीं हैं, हालांकि बाद का गुट नियमित रूप से सीनियर को अपने नेता और गुरु के रूप में बुलाता रहा है। इसके संकेत पिछले हफ्ते मिले, जब उन्होंने पार्टी विभाजन के बाद अपने सबसे करीबी विश्वासपात्र छगन भुजबल के गढ़ नासिक को अपना पहला ठिकाना बनाया। जैसा कि शरद पवार (83) आने वाले महीनों में राज्यव्यापी दौरा करने की योजना बना रहे हैं, कई विधायक अपने भविष्य की संभावनाओं को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि पितृसत्ता की नरम जुबान कई लोगों की किस्मत बदल सकती है, खासकर कम अनुभवी लोगों की। वरिष्ठ स्वीकार करते हैं कि दोनों पक्षों में स्थिति बहुत अस्पष्ट है और कई विधायक अभी भी असमंजस में हैं - कम से कम एक विधायक ने कई दिनों में तीन-चार बार पाला बदला है, और एक सांसद ने भी, जबकि अधिकांश राजनीतिक या कानूनी जीत की उम्मीद कर रहे हैं कॉल लेने से पहले भ्रम को दूर करें।

गाजियाबाद में सिपाही की गुंडई, 500 रुपए नहीं देने पर दुकानदार को बेहोश होने तक पीटा; वीडियो वायरल

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के मुरादनगर की ईदगाह कॉलोनी में मंगलवार सुबह सिपाही द्वारा दुकानदार को पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच सौ रुपये न देने पर मारपीट की गई। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दुकानदारों ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर जमकर हंगामा भी किया। डीसीपी ग्रामीण ने जांच के आदेश दिए हैं। नगर की ईदगाह कॉलोनी में मंगलवार को पैठ बाजार लगाई जाती है। सुबह दस बजे के आसपास याकुब दुकान लगा रहा था। इसी बीच चामुंडा पुलिस चौकी से एक सिपाही आया और दुकान ना लगाने के लिए कहा। याकुब का आरोप है कि सिपाही ने पांच सौ रुपये की मांग की और न देने पर दुकान नहीं लगने की बात कही। जब इसका विरोध किया तो सिपाही गुस्सा हो गया। आरोप है कि सिपाही ने दुकानदार याकुब के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सिपाही ने याकुब को इतना पीटा कि वह बदहवास हो गया। जब अन्य दुकानदारों ने उसे बचाने का प्रयास किया तो सिपाही ने उनके साथ भी मारपीट की। कॉलोनी के लोगों को आता देखकर सिपाही मौके से फरार हो गया। सिपाही द्वारा दुकानदार से मारपीट की घटना ईदगाह कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो पर लोग कमेंट कर रहे हैं। हालाकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थानाप्रभारी मुरादनगर मुकेश सोलंकी ने सिपाही को चामुंडा चौकी से हटाकर रावली चौकी पर भेज दिया है। मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

डीडीए द्वारका सेक्टर-17 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अगले माह से होगा शुरू, कितना होगा सदस्यता शुल्क?

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की तरफ से कई स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही कई स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स प्रस्तावित हैं। द्वारका-8,17,29 और 23 में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स प्रस्तावित हैं। इसके अलावा एक उत्कृष्टता केंद्र रोहिणी सेक्टर-33 में स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा डीडीए की तरफ से द्वारका सेक्टर-24 में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स, द्वारका सेक्टर-19 में स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) स्वरूप में तैयार किया जाएगा। डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने कहा कि डीडीए सेक्टर-17 का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स अगले माह में बनकर तैयार हो जाएगा। लोगों के लिए इसे अगस्त में शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में स्विमिंग पूल के पुनरुद्धार का काम किया जा रहा है। साकेत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नए ताइक्वांडो हॉल,जसोला नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडोर बैडमिंटन हॉल भी तैयार किया जा रहा है। द्वारका सेक्टर-17 का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स 23.7 एकड़ में बनकर तैयार हो रहा है।

मोहन मरकाम के बाद छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने भी दिया इस्तीफा, बताया कारण

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ आदिवासी नेता फूलोदेवी नेताम ने छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। नेताम ने कहा है कि वह चाहती हैं कि किसी दूसरी महिला को इस पद पर अवसर मिले, इसलिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी दल में संगठन और सरकार के स्तर पर लगातार बदलाव हो रहे हैं। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपने पद से इस्तीफा दिया था तथा बाद में मंत्री पद की शपथ ली थी।

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेताम ने मंगलवार को ट्वीट करके कहा कि महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा जी, आपके मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी बहनों के सहयोग स्वरूप ही बतौर छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अपने सात वर्षों के सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा से कर पाने में सक्षम हुई हूँ। विनम्र अनुरोध है कि मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त करके इस पद पर किसी अन्य महिला साथी को काम करने का अवसर दिया जाए।

नेताम ने अपने में ट्वीट में कहा कि पार्टी को सुदृढ करने हेतु समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सदैव की भांति कार्यरत रहूँगी। उन्होंने ट्वीट में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा को लिखा त्यागपत्र भी साझा किया है। नेताम से यह पूछे जाने पर कि उन्होंने पद से इस्तीफा क्यों दिया है, उन्होंने बताया कि मैं

पिछले सात वर्षों से इस पद पर हूं। राज्यसभा सदस्य भी हूं। अब चाहती हूं कि अन्य बहनों को यह जिम्मेदारी मिले। नेताम ने कहा कि उन्हें किसी ने भी इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा था। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से संबंधित सवाल पर नेताम ने कहा कि वह आलाकमान के निर्देश का पालन करेंगी।

इक्यावन वर्षीय नेताम राज्य के बस्तर क्षेत्र के कोंडागांव जिले की निवासी हैं। वह राज्य की वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं। वह वर्ष 1998 से वर्ष 2003 तक अविभाजित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्य रही हैं। वह वर्ष 2020 से कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य है। राज्य से राज्यसभा की पांच सीटें हैं, जिनमें से चार पर कांग्रेस तथा एक पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्य है।

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के आखिरी महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी दल कांग्रेस में संगठन और सरकार के स्तर पर तेजी से बदलाव हो रहा है। पार्टी ने पिछले सप्ताह बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को हटाकर बस्तर क्षेत्र के सांसद दीपक बैज को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया था।

पीएम मोदी की 27 जुलाई को सीकर में जनसभा, भाजपा साधेगी जाट वोट बैंक; 3 जिलों की 21 सीटों पर नजर

नईदिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर के जिला खेल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खातों में ट्रांसफर करने के साथ ही पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत भी करेंगे। सियासी जानकारों का कहना है कि भाजपा को टेंशन है कि कहीं जाटों का झुकाव कांग्रेस के पक्ष में न हो जाए, इसी की काट के लिए सीकर को मोदी की सभा और किसानों से जुड़े कार्यक्रम के लिए सिलेक्ट किया गया है। बता दें सीकर में होने वाली पीएम मोदी की जनसभा का असर तीन जिलों की 21 विधानसभा और 3 लोकसभा सीटों पर पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव 2018 में बीजेपी 21 में से 3 सीटों पर सिमट गई थी। जाट समाज को साधने के लिए अब मोदी का सीकर दौरा तय किया गया है। 8 जुलाई को एससी के लिए रिजर्व बीकानेर लोकसभा सीट पर हुई मोदी की सभा के बाद इस माह राजस्थान में यह उनका दूसरा दौरा होगा। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को खेल स्टेडियम का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने बताया कि पीएम मोदी की सभा सुबह 11 बजे होगी। जिसमें एक बटन दबाकर किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर करेंगे। इसे गहलोत की योजनाओं के काट के तौर पर माना जा रहा है। सभा के लिए स्टेडियम में तीन हेलीपेड बनाए जाएंगे।

श्रद्धा मर्डर केसः आफताब 19 मई के बाद पानी का बहुत यूज कर रहा था, गवाहों ने कोर्ट में कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली को दहला कर रख देने वाली श्रद्धा मर्डर केस में मंगलवार को कुछ अहम गवाहों के बयान दर्ज किये गये। जिन महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज किये गये हैं उनमें वो डॉक्टर भी शामिल थे जिन्होंने आफताब अमीन पूनावाला का इलाज किया ता। आफताब पूनावाला पर अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की बेरहमी से हत्या कर उसके शव के कई टुकड़े करने का आरोप है। अदालत ने इस मामले में पड़ोसी का बयान भी दर्ज किया है। इस पड़ोसी ने अदालत को बताया कि 19 मई 2022 के बाद आफताब लगातार ज्यादा से ज्यादा बार पानी मंगवा रहा था। श्रद्धा की हत्या 18 मई, 2022 को हत्या की गई थी। श्रद्धा के शव को 35 टुकड़ों में काटा गया था और फिर साउथ दिल्ली के जंगलों में बॉडी पार्ट्स को फेंक दिया गया था।

एडिशनल सेशन जज मनीषा खुराना कक्कर ने एक लोकल चिकित्सक अनिल का बयान दर्ज किया है। जब आफताब ने चाकू से खुद को घायल कर लिया था तब

डॉक्टर अनिल ने ही उसका इलाज किया था। महरौली इलाके की जिस बिल्डिंग में आफताब रहता था उसी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले महेंद्र का भी बयान अदालत में दर्ज कराया गया है। गवाह ने बताया कि आफताब 19 मई के बाद से लगातार ज्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहा था। गवाह ने बताया कि जिस वाटर टैंक का इस्तेमाल आफताब किया करता था उस टैंक में रात के वक्त पानी भरा जाता था लेकिन सुबह के वक्त टंकी खाली मिलता था। यह सिलसिला 7-8 दिनों तक चला। गवाह ने यह भी बताया कि जब 19 मई को आफताब पानी की टंकी को भरने जा रहा था तब उन्होंने आफताब को देखा था। आफताब ने उनसे कहा भी था कि वो उसकी टंकी में पानी भी भर दे। उस वक्त श्रद्धा कमरे में मौजूद नहीं थी। अदालत में इसके अलावा शाकिर का बयान भी दर्ज करवाया गया है। शाकिर आफताब को वाटर कैन सप्लाई किया करता था। एक दिन आफताब ने 20 लीटर के छह वाटर कैन ऑर्डर किये। अदालत ने एक दुकान मालिक का बयान भी दर्ज किया। आफताब ने तिलक नाम के एक दुकानदार से बड़ा रेफ्रिजेरेटर खरीदा था। यह फ्रिज तिलक के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से खरीदा गया था। गवाहों का यह बयान विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद की मौजूदगी में दर्ज किया गया है। अदालत में आफताब की तरफ से मौजूद वकील ने गवाहों का क्रॉस-एग्जामिन किया। हालांकि, महेंद्र के बयान का क्रॉस-एग्जामिन नहीं हो सका। 28 जुलाई को आगे की कार्रवाई होगी। बता दें कि इस भयानक हत्याकांड में अदालत ने आफताब पर श्रद्धा की हत्या और सबूत नष्ट करने के चार्ज लगाए गए। आरोप है कि 18 मई, 2022 महरौली इलाके में आफताब ने श्रद्धा वालकर की हत्या कर दी थी। साल 2022 में नवंबर के महीने में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 201 के तहत केस दर्ज किया है। इसके अलावा उसपर सबूत मिटाने का भी आरोप है।

पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का दिखने लगा असर, न्यूयॉर्क ने भारत को सौंपी 105 प्राचीन कलाकृतियां

वाशिंगटन, एजेंसी। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे ने पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरी थी। बाइडेन के विशेष राजकीय अतिथि बने भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिका रेड कार्पेट वेलकम हुआ था। अब पीएम मोदी के अमेरिका दौरे का असर देखने को मिल रहा है। अमेरिका ने भारत को 105 कलाकृतियां सौंप दी हैं। भारतीय कलाकृतियों और दुनिया में इसके ऐतिहासिक योगदान की सराहना करते हुए भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत, एरिक गारसेटी ने कहा कि अमेरिकी सरकार अधिक कलाकृतियों को भारत में वापस लाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए काम कर रही है, जो नए के स्थायी हिस्से के रूप में भारत में होनी चाहिए। अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दूसरी-तीसरी शताब्दी ईस्वी से लेकर 18वीं-19वीं शताब्दी ईस्वी तक की अवधि की 105 से अधिक पुरावशेषों को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारत वापस भेजा जा रहा है। एएनआई से बात करते हुए गार्सेटी ने कहा कि हम अमेरिकी सरकार में एक दूतावास के रूप में उस कला को वापस लाने पर काम कर रहे हैं जिसकी भारत में जरूरत है। यह अक्सर भारत से आता है, कभी-कभी इसे चुराया जाता है और अवैध रूप से बेचा जाता है। चाहे वह यहां जिला अटॉर्नी का कार्यालय हो या मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम, कभी-कभी उस कला की पहचान करता है और एक अद्भुत अभिनेता होता है, यह कहने के लिए, %इसकी गंध सही नहीं है, इसे भारत वापस जाने की जरूरत है। बता दें कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक कार्यक्रम का आयोजन कर 105 तस्करी वाले पुरावशेषों सौंपे गए। चाहे वह सांस्कृतिक समझौता हो जिसकी घोषणा पीएम मोदी और राष्ट्रपति बिडेन ने राजकीय यात्रा के दौरान की थी। हम आने वाले महीनों में इस पर बातचीत पूरी करने जा रहे हैं ताकि यह सिर्फ एक साल की सद्भावना पर निर्भर न रहे, बल्कि यह हमारी नई दोस्ती और रिश्ते का स्थायी हिस्सा बन जाए। पीएम मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका एक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते पर काम करने पर सहमत हुए, जो सांस्कृतिक कलाकृतियों की अवैध तस्करी को रोकने में मदद करेगा।

ईरान में चुनाव नहीं लड़ पाएंगे सुधारवादी, हिजाब के खिलाफ उतरने की मिलेगी सजा

तेहरान, एजेंसी। ईरान पर शासन करने वाले कट्टरपंथी मौलवियों ने हाल ही में सख्त हिजाब नियमों को लागू करने वाली तथाकथित नैतिकता पुलिस (मोरैलिटी पुलिस) को फिर से सक्रिय करने का फैसला किया है। पुलिस हिरासत में महसा अमिनी की मौत पर पूरे ईरान में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। दरअसल हिजाब गलत तरीके से पहनने के कारण पुलिस ने युवा महिला महसा अमिनी को हिरासत में लिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। उसके बाद नैतिकता पुलिस ने लगभग 10 महीने के लिए अपनी गतिविधियों को निलंबित कर दिया था।

पुलिस की ताजा कार्रवाई के बीच कई सुधारवादी (रिफॉर्मिस्ट) राजनेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या अगले फरवरी के चुनावों में अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की जाए। हालांकि उनका चुनाव में उतर पाना लगभग नामुमकिन लग रहा है। क्योंकि यह लगभग तय है कि गार्जियन काउंसिल उनकी



उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगी।

पिछले सितंबर में 21 वर्षीय अमिनी की मौत के बाद ईरान के लगभग सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ जो महीनों तक चला। इस दौरान हजारों महिलाओं ने जबरदस्ती हिजाब थोपने के नियम से इनकार कर दिया था। अतीत में, नैतिकता पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई कई ईरानी महिलाओं ने यातना, यौन शोषण, बलात्कार और पिटाई सहित भयानक अनुभवों की सूचना दी थी।

प्रदर्शनों के बाद, बहुत से लोगों को उम्मीद थी कि सख्त हिजाब नियमों को लागू करने वाली बरबर नैतिकता पुलिस को भंग कर दिया जाएगा। हालांकि, ये उम्मीदें रविवार को धराशायी हो गईं, जब एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि नैतिकता पुलिस अपनी ड्यूटी को फिर से शुरू करेगी। ईरानी कानून प्रवर्तन बल के प्रवक्ता सईद मोंटेजेरलमहदी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की है कि जो लोग इस्लामिक रिपब्लिक में कवर करना (खुद को ढंकना) उचित नहीं मान रहे हैं, उन पर नकेल कसने के लिए पुलिस की गश्त अब पैदल और वाहनों से शुरू की गई है। ईरान में अगले फरवरी में चुनाव होने हैं। रूढ़िवादियों ने पहले ही प्रचार शुरू कर दिया है। जबकि सुधारवादियों के बीच चुनाव संबंधी गतिविधियों का कोई संकेत नहीं है। इसका कारण यह है कि सुधारवादियों और नरमपंथियों को डर है कि कट्टरपंथी गार्जियन काउंसिल संभवतः उनकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर देगी। ईरान की गार्जियन काउंसिल यह निर्धारित करती है कि कौन चुनाव लड़ेगा और कौन नहीं। 2020 और 2021 के चुनावों में, गार्जियन काउंसिल ने किसी भी प्रसिद्ध सुधारवादी व्यक्ति को पद के लिए रेस में उतरने की अनुमति नहीं दी, जबकि इसने अधिकांश कट्टरपंथियों की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी। परिणाम यह हुआ कि आधे से भी कम पात्र मतदाताओं ने वोट डालने की जहमत नहीं उठाई। कुछ सुधारवादी लोग चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान करने के बारे में सोच रहे हैं।

उत्तर कोरिया में घुसा अमेरिकी सैनिक, किम जोंग उन की सेना ने पकड़ा; छुड़ाने की कोशिशों में जुटा अमेरिका

प्योंगयांग, एजेंसी। दक्षिण कोरिया से उत्तर कोरिया की सीमा में घुसने के बाद बाद हिरासत में लिया गया अमेरिकी एक सैनिक था। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सैनिक ने कड़ी सुरक्षा वाली सीमा को कैसे और क्यों पार किया या सैनिक ड्यूटी पर था या नहीं, इसके बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं था। सार्वजनिक घोषणा से पहले मामले पर चर्चा कर रहे अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर मंगलवार को यह बात बताई। अमेरिकियों या दक्षिण कोरियाई लोगों के उत्तर कोरिया जाने के मामले दुर्लभ हैं।

उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव के बीच यह घटना हुई है। क्षेत्र की निगरानी कर रही अमेरिका के नेतृत्व वाली संयुक्त राष्ट्र कमान ने मंगलवार को ट्वीट करके घटना की जानकारी दी। इसमें कहा गया कि अमेरिकी नागरिक एक कोरियाई सीमावर्ती गांव पनमुनजोम के दौरे पर था और बिना किसी इजाजत के वह उत्तर कोरिया की सीमा में चला

गया। मालूम हो कि 1950-53 के कोरियाई युद्ध की समाप्ति के बाद से 30,000 से अधिक उत्तर कोरियाई लोग राजनीतिक उत्पीड़न और आर्थिक कठिनाइयों से बचने के लिए दक्षिण कोरिया आए हैं।

संयुक्त राष्ट्र कमान ने कहा कि वह इस समय उत्तर कोरिया की हिरासत में है। संयुक्त राष्ट्र कमान इस घटना को सुलझाने के लिए अपने उत्तर कोरियाई समकक्षों के साथ काम कर रही है। उत्तर कोरियाई मीडिया ने सीमा पर हुई घटना को लेकर तत्काल कोई खबर नहीं दी है। पनमुनजोम 248 किलोमीटर लंबे असैन्यीकृत क्षेत्र के अंदर स्थित है। कोरियाई युद्ध के अंत में असैन्यीकृत क्षेत्र के निर्माण के बाद से संयुक्त राष्ट्र कमान और उत्तर कोरिया की ओर से संयुक्त रूप से इस इलाके की देखरेख की जाती है।

विसैन्यीकृत क्षेत्र दोनों कोरिया को अलग करता है और इनकी सीमा दुनिया के सबसे भारी किलेबंद क्षेत्रों में से एक है। यह इलाका बारूदी सुरंगों से भरा हुआ है, बिजली और कंटीले तारों की बाड़ और निगरानी कैमरों से घिरा हुआ है। सशस्त्र गार्डों को चौबीसों घंटे सतर्क रहना होता है। हर साल दर्जनों लोग उत्तर कोरिया से भाग जाते हैं लेकिन डीएमजेड में आरपार करना बेहद खतरनाक और दुर्लभ है। दक्षिण कोरियाई सरकार के आंकड़ो के अनुसार, महामारी से पहले हर साल 1000 से अधिक लोग उत्तर कोरिया से चीन भाग जाते थे। उत्तर कोरिया में फिलहाल 6 दक्षिण कोरियाई हिरासत में हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555